* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

21 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 04

**मोदी ला रहे 10 लाख नौकरियां :** धनतेरस के दिन 75 हजार अपॉइंटमेंट लेटर के साथ लॉन्चिंग



आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

09 दिन

कुल आवेदन प्राप्त 15,43,225*

कुल निष्पादन 7,54,754*

कुल प्रक्रियाधीन 7,88,471*

*डाटा जानकारी 20/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

P.R. 280592 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# पंकज मिश्रा पर कसा इडी का शिकंजा राजीव और अमित हाइकोर्ट की शरण में

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच का दायरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इडी की जांच मनरेगा घोटाले से शुरू हुई, जो बढ़ते-बढ़ते अवैध खनन और मनी लॉड्रिंग तक पहुंच चुकी है। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, सीए सुमन कुमार और सत्ता के करीबी प्रेम प्रकाश हिरासत में हैं। उधर, हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल भी इडी हिरासत में हैं। इन सभी से पूछताछ में कई और लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। वे इडी के रडार पर हैं। इस बीच इडी को पंकज मिश्रा के खिलाफ एक और सबूत हाथ लगा है। उनका न्यायिक हिरासत में रहते हुए राज्य के दर्जन भर अधिकारियों के साथ संपर्क था। पंकज के दो करीबियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं राजीव कुमार और अमित अग्रवाल ने राहत के लिए हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## फोन पर बात करते पंकज मिश्रा को इडी ने पकड़ा, पुलिस अधिकारी थे लाइन पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय को ऐसे सबूत हाथ लगे हैं, जिसमें पंकज मिश्रा फोन से अधिकारियों से बात कर रहे थे। इडी अधिकारी उसी समय वहां जा धमके थे, जब पंकज मिश्रा अपने सहयोगी के फोन से एक पुलिस अधिकारी से बात कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि इडी ने कॉल डिटेल्स की जांच की, तो पता चला है कि कॉल अकसर 11 मोबाइल नंबरों पर किये जाते थे और ज्यादातर बातचीत अधिकारियों से होती थी। इडी ने गुरुवार को चंदन यादव और सूरज पंडित को हिरासत में लिया है, जो पंकज मिश्रा के ड्राइवर और करीबी बताये जा रहे हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है।

### जाकिर शेख का दावा
### पंकज मिश्रा ने फोन किया और मुझे जेल से धमकाया

झामुमो के वरिष्ठ पदाधिकारी और साहिबगंज के पतना प्रखंड के उप प्रमुख जाकिर शेख ने कहा कि पंकज मिश्रा ने एक बार उन्हें कॉल किया था और पहाड़िया जनजातियों को अनाज वितरण में गड़बड़ी को लेकर आवाज उठाने पर उन्हें धमकी दी थी। पंकज ने कहा था कि ज्यादा मत कूदो और चुप रहो। मैं दो महीने के भीतर जेल से बाहर आ रहा हूं और सब कुछ सुलझा दूंगा। अपनी सीमा को मत भूलना और घर पर रहो, जाकिर शेख ने कहा कि वह इतने डरे हुए हैं कि धमकी के बाद अपने कार्यालय भी नहीं गये। एक शिकायत थी कि पहाड़िया जनजातियों को लगभग नौ महीनों तक अनाज नहीं दिया गया था। एक स्थानीय भाजपा नेता लगातार इस मामले को उठा रहा था। चूंकि मामला बरहेट विधानसभा से संबंधित है, जो मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र है, इसलिए मैंने इस मामले में हस्तक्षेप किया।

## अमित अग्रवाल ने हाइकोर्ट में दाखिल की क्रिमिनल रिट



रांची (आजाद सिपाही)। कैश कांड कारोबारी अमित अग्रवाल को शीर्ष अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। व्यवसायी अमित अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। अमित अग्रवाल ने याचिका में इडी द्वारा की जा रही कार्रवाई को गलत बताते हुए उन्हें राहत देने की गुहार लगायी है। कारोबारी अमित अग्रवाल के अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने इसकी पुष्टि की है। अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने बताया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद वह हाइकोर्ट का रुख कर रहे हैं। न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा है और हाइकोर्ट से उन्हें न्याय मिलेगा।

## अधिवक्ता राजीव कुमार मामले में इडी ने मांगा समय



रांची (आजाद सिपाही)। मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी राजीव कुमार की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट को बताया गया कि मनी लांड्रिंग मामले में राजीव कुमार और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। साजिश के तहत राजीव कुमार को फंसाया गया है। कोर्ट में इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की, जिसके बाद मामले की सुनवाई 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गयी। बता दें कि कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में स्थित व्यावसायिक परिसर से 31 जुलाई की रात को 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह पहले कोलकाता की जेल में थे। बाद में इडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज कर राजीव कुमार के रांची स्थित कई ठिकानों में छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद इडी ने पूछताछ के लिए राजीव कुमार को 12 दिनों की रिमांड पर भी पूर्व में लिया था। हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार पर इडी ने मनी लाउंड्रिंग के साथ, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए भादवि की धारा 120बी एवं 384 केस दर्ज किया।

सीएम से अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में भारतीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करनेवाली झारखंड की खिलाड़ियों ने की मुलाकात

# झारखंड में बनेगा खेल का माहौल, पंचायत स्तर तक होंगी प्रतियोगिताएं : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में खेल का माहौल बने, इसलिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा गांव और पंचायतों में खेल के मैदान और प्रखंड स्तर पर स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि यहां की खेल प्रतिभाओं को इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामने लाएं और उन्हें प्रशिक्षण समेत अन्य सुविधाएं देकर बेहतर खिलाड़ी बना सकें। मुख्यमंत्री गुरुवार को अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में भारतीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली झारखंड की खिलाड़ियों से मुलाकात के दौरान बोल रहे थे।



**खेल पर सरकार का विशेष फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के विकास पर सरकार का विशेष फोकस है। आने वाले दिनों में खिलाड़ियों को और भी कई खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हेमंत ने कहा कि खेल के क्षेत्र में उभर रहे प्रतिभावान बच्चे-बच्चियों के पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है।

**खिलाड़ियों को दी बधाई, किया स्वागत :** अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में भारतीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली झारखंड की खिलाड़ी अस्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी और सुधा अंकिता तिर्की ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण और तैयारियों को लेकर सरकार द्वारा मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। भविष्य में राज्य और देश के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर इन खिलाड़ियों ने फीफा वर्ल्ड कप के अपने अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा भी किया।

विश्व आयोडिन न्यूनता विकार नियंत्रण दिवस

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

21 अक्टूबर 2022

आयोडिन नमक शक्ति और बुद्धि का रक्षक

नमक में आयोडिन की गुणवत्ता संरक्षित रखने हेतु महत्वपूर्ण संदेश

क्या न करें
☒ गीले हाथों से नमक न निकालें।
☒ नमक को खुले डब्बे में न रखें।
☒ नमक को आग के पास न रखें।
☒ नमक का उपयोग भोजन बनाने के शुरूआत में न करें।

क्या करें
☑ नमक को निकालने के लिए सूखे चम्मच का उपयोग करें।
☑ नमक को हवाबन्द सूखे डब्बे में रखें।
☑ नमक को आग से दूर रखें।
☑ नमक को खाने पकाने के अन्त में उतारते समय डालें तथा खाना ढक कर पकायें।
☑ 15 पी.पी.एम. से अधिक मानक वाले नमक का ही उपयोग करें।

नमक में आयोडिन की मात्रा की जाँच
राज्य आयोडिन जाँच प्रयोगशाला, नामकुम, राँची में अवश्य करायें।

नमक जाँच हेतु जिले में स्वास्थ्य विभाग के ACMO से संपर्क कर सकते हैं।

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

राष्ट्रीय आयोडिन न्यूनता विकार नियंत्रण कार्यक्रम
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

www.jrhms.jharkhand.gov | nhmjharkhand | HLTH_JHARKHAND | Health Jharkhand

P.R. 279632 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23

JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD.
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि०

धनतेरस-दीपावली लोन ऑफर

HOME LOAN
@ 7.5%* (अधिकतम ₹ 50 Lacs)

*HOUSING LOAN FOR CNT LAND
(अधिकतम ₹ 20 Lacs)

PERSONAL LOAN
@ 10.5%* (अधिकतम ₹ 25 Lacs)

AUTO LOAN
@ 8.5%* (अधिकतम ₹ 20 Lacs)

अपने निकटतम शाखा से संपर्क करें।

✓ EASY & FAST PROCESSING ✓ LESS DOCUMENTATION
✓ NO PRE CLOSURE CHARGES

Add.: Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Phone: 0651 2225000 | Email: mdjscb@gmail.com

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG, X-RAY OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 56,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड का निर्माण भाजपा ने ही किया है, संवारेगी भाजपा ही : दीपक प्रकाश

## झारखंड की जनता जाग गयी है, लोग सजग हो गये हैं, भाजपा फिर पूरे बहुमत के साथ आयेगी

## जब भाजपा का कार्यकर्ता आंदोलन के लिए सड़क पर उतरता है, तो उस पर देशद्रोह का मुकदमा हो जाता है, हम घबड़ाने वाले नहीं हैं

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने कई मुद्दों पर बातचीत की। दीपक प्रकाश ने भी सभी सवालों का खुल कर जवाब दिया। प्रस्तुत है बातचीत के अंश।**


राकेश सिंह

**आजाद सिपाही विशेष बातचीत**



**सवाल : आपने अभी पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह करवाया। पंचायत प्रतिनिधियों से आपको क्या हासिल हुआ। क्या अब आप गांव में मजबूत हुए हैं ?**

**जवाब :** पंचायत प्रतिनिधियों के रूप में भाजपा को लोकल लीडर मिल गया है। भाजपा के लिए यह एक बहुत बड़ा गैप था, जिसे भरने का काम किया गया है। पंचायत चुनाव की एक और प्रमुख उपलब्धि रही कि झारखंड भाजपा को दो प्रकार के लोकल लीडर मिल गये। जो जीते, वे तो भाजपा के लिए एसेट्स हैं ही, जो हारे वे भी हमारे लोकल लीडर के रूप में खड़े हो गये। उपलब्धि यही है कि आज भाजपा का जमीनी लीडरशिप हर क्लास में खड़ा हो चुका है। समाज के हर वर्ग में हमारी उपस्थिति दर्ज हो चुकी है पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो भी योजनाएं उनके विकास के लिए चल रही हैं, उन्हें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक जाना जरूरी है। झारखंड में जनजाति बहुल सीटों पर हमसे जो भी चूक हुई है या हो रही है, उसे हमें पाटना है। हमारा लक्ष्य सिर्फ 2024 का चुनाव नहीं है। यह 15 से 20 साल के लिए योजना है। हमारा ध्येय है कि हम झारखंड को स्थायी सरकार दे पायें। जिस प्रकार से हमारे पंचायत प्रतिनिधियों ने जीत का झंडा बुलंद किया है, वह हमारे लिए बहुत बड़ा संबल है। पंचायत चुनाव में 53 प्रतिशत हमारी जीत का सक्सेस रेट रहा है। क्या आपको अभी भी लगता है कि हमारी पकड़ गांव में मजबूत नहीं हुई है! ग्राम स्वराज की कल्पना ही भाजपा का लक्ष्य है। गांधीजी की कल्पना ग्राम स्वराज की थी। भारत की आत्मा तो गांव में ही बसती है। उसी तरह झारखंड की आत्मा भी गांव में बसती है। पंचायती राज चुनाव लोकतंत्र का बहुत ही महत्वपूर्ण आयाम होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पंचायती व्यवस्था का प्रमुख स्थान है। पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान देकर भाजपा खुद सम्मानित महसूस कर रही है। वे सचमुच में इस सम्मान के हकदार थे। मुखिया ही गांव के प्रहरी होते हैं। उनका सम्मान यानी गांव का सम्मान। गांव की सरकार ही भारत को विकास पथ पर ले जायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत का गांव वर्ल्ड क्लास बने। वहां के लोग आत्मनिर्भर बनें। विश्व में उदाहरण बनें।

**सवाल : आप बोल रहे हैं हम हेमंत सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे, कौन से मुद्दे हैं आपके पास?**

**जवाब :** झारखंड में सत्ताधारी दल के खिलाफ मुद्दों की लंबी फेहरिश्त है। कौन सा मुद्दा नहीं है! इस राज्य में सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार है, कानून व्यवस्था है, तुष्टीकरण की राजनीति है, बेरोजगारी है, पलायन है, विस्थापन है। हाल के दिनों में झारखंड में जो सबसे बड़ा मुद्दा है, वह है स्टेट स्पांसर्ड करप्शन। झारखंड सरकार फिलहाल चारों तरफ से घिरी हुई है। अब तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद राज्यपाल से कह रहे हैं कि हमें सजा तो सुनाइये। प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। हेमंत सोरेन को तो न इडी ने नोटिस दिया है, न सीबीआइ ने, न राज भवन ने कोई नोटिस दिया है। फिर भी वह डरे हुए हैं। इसका मतलब यही है सिर्फ दाल में काला नहीं है, पूरी दाल ही काली है।

**सवाल : 1932 के खतियान का पासा जो हेमंत सोरेन ने फेंका है, उसकी क्या काट है आपके पास?**

**जवाब :** दीपक प्रकाश मुस्कराहट के साथ कहते हैं कि यह हेमंत सोरेन का जनता को लॉलीपॉप है। इससे ज्यादा कुछ नहीं है। यह हेमंत सोरेन को भी पता है। जनता को भी अच्छी तरह से पता है। हेमंत सोरेन ने ही तो विधानसभा में कहा था कि 1932 का खतियान लागू नहीं हो सकता। उसमें कानूनी पेंच है। आपका ध्यान मैं उस ओर ले जाना चाहता हूं, जब झारखंड में पहली बार बाबूलाल मरांडी की सरकार झारखंड में बनी थी। उस समय बहुत ही सुलझे हुए तरीके से बाबूलाल मरांडी ने खतियान का फ्रेमवर्क बनाया था। इस राज्य की जनता ने देखा कि वह फ्रेम लीगल कोर्ट में धराशायी हो गया। इसी से समझा जा सकता है कि 1932 का भविष्य क्या होगा! क्या यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नहीं पता है। बिल्कुल जानते हैं। यह राज्य की जनता भी जान रही है कि यह महज एक लॉलीपॉप है। एक बात और मैं कहूंगा, स्थानीय नीति की बात तो इन लोगों ने की है, लेकिन बिना नियोजन नीति के स्थानीय नीति का क्या फायदा। कहां है नियोजन नीति, आप ही बताइये। मैं एक उदाहरण देता हूं, इससे समझिये। मान लीजिए दीपक प्रकाश 1932 का खतियान धारी है। हम माथा पर पोस्टर भी टांग लिये कि दीपक प्रकाश झारखंडी है और वह 1932 खतियान धारी है। लेकिन इससे मुझे और मेरे बच्चों को क्या फायदा होगा! स्थानीय नीति, नियोजन नीति के लिए ही बनायी जाती है। लेकिन मेरा सवाल यही है कि हेमंत सरकार की नियोजन नीति कहां है! एक और महत्वपूर्ण बात, स्थानीय नीति को लेकर इनके दल के अंदर ही विवाद है। क्यों नहीं हेमंत सोरेन लोबिन हेंब्रम का जवाब दे रहे हैं। लोबिन तो उनकी पार्टी के सम्मानित और वरिष्ठ नेता हैं। क्यों नहीं कांग्रेस के मधु कोड़ा और गीता कोड़ा का जवाब दे रहे हैं। कारण साफ है, झारखंड में सब जगह 1932 में सर्वे नहीं हुआ। उसके बाद भी हुआ है। अलग-अलग जिलों में, अलग-अलग समय पर सर्वे हुआ है। सच कहा जाये, तो हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता को झुनझुना थमा दिया है।

**सवाल : हेमंत सोरेन का आरोप है कि भाजपा उन्हें काम नहीं करने दे रही है? केंद्र परेशान कर रहा है। जब वह केंद्र से झारखंड का हक मांगते हैं, तो उनके पीछे भूत-बेताल छोड़ दिया जाता है। आखिर क्यों नहीं आप लोग उन्हें काम करने दे रहे हैं, जबकि जनता ने भाजपा को हटा कर उन्हें सत्ता सौंपी है?**

**जवाब :** यह सवाल सुन कर दीपक प्रकाश कुछ देर के लिए कंफ्यूज हो जाते हैं और सोच में पड़ जाते हैं। फिर कहते हैं कि अरे भाई हमने कब रोका है हेमंत सोरेन को काम करने से। हम तो विपक्ष में रह कर रचनात्मक भूमिका भी अदा करेंगे और संघर्ष भी करेंगे। इस सरकार कि नीयत, नीति और नेतृत्व में खोट है। इस सरकार का लक्ष्य होना चाहिए जनहित में, लोक कल्याण में और झारखंड के हित में। हेमंत सरकार को झारखंड के विकास के लिए नीतियां लानी चाहिए थी, वे आज तक धरातल पर नहीं दिखायी पड़ रही हैं। भाजपा उन्हें कहां परेशान कर रही है। भाजपा ने तो नहीं कहा था कि आप अपने नाम पर लीज लीजिए। दरअसल बात यह है कि वंशवाद और परिवारवाद से हेमंत सोरेन पूरी तरह से घिरे हुए हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं, यहां तक कि अधिकारी भी हैं, जो सत्ता के गलियारों में लाभ लेने के लिए घूम रहे हैं। उनसे हेमंत पूरी तरह से घिरे हुए हैं। उन लोगों का लक्ष्य झारखंड की जनता का हित नहीं, बल्कि खुद का हित है। इसीलिए सरकार घिरी हुई है। इसीलिए हेमंत सोरेन जनता से कट गये हैं। हेमंत सोरेन ने अपने पूज्य पिताजी के नाम से दाल-भात योजना शुरू की। उसका हश्र क्या हुआ। उसके बाद अपने दादाजी के नाम पर सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना शुरू की। 10 रुपये में आपको धोती और साड़ी मिल रही थी। उस योजना की समीक्षा खुद हेमंत सोरेन करें और देखें कि उसमें क्या हो रहा है। सही लोगों तक उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन योजनाओं पर भी स्वार्थी लोगों की गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। एक और योजना के बारे में मैं आपको बताना चाहूंगा। सब्सिडी रेट पर पेट्रोल-डीजल देने की घोषणा हुई थी। आज उसका आकलन मुख्यमंत्री को करना चाहिए। उन्हें यह देखना चाहिए कि उसका लाभ कितने लोग ले रहे हैं। आयुष्मान योजना प्रधानमंत्री के नाम से है। उसको झारखंड सरकार ने झारखंड में नाम बदल कर मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना बना दिया। उसका हश्र यह हुआ कि आज हॉस्पिटल्स के पैसे बकाये हो गये हैं। उन्हें पैसे नहीं मिल पा रहे हैं, अस्पतालों ने इलाज करना बंद कर दिया है, जिसके कारण जो लाभार्थी हैं, वे लाभ लेने से वंचित हो गये हैं। योजना तो प्रधानमंत्री की है, मुख्यमंत्री की तो यह योजना नहीं है। एक और बात कहना चाहूंगा। केंद्र सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज भेजे गये। झारखंड में इस्तेमाल नहीं होने के कारण बूस्टर डोज वापस चला गया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से जो नितांत गरीबों के लिए अन्न भेजे गये, सही तरीके से लोगों को नहीं मिला रहा है। दुकानदार बंदरबांट कर रहे हैं।

**सवाल : झारखंड में एक तरह के पैटर्न से क्राइम को अंजाम दिया जा रहा है, क्या कहेंगे? आखिर नाबालिग हिंदू और आदिवासी बच्चियों को क्यों टारगेट किया जा रहा है?**

**जवाब :** झारखंड में लॉ एंड आर्डर बिल्कुल निचले पायदान पर है। महिलाएं यहां सुरक्षित नहीं हैं। देश में सबसे ज्यादा दुराचार की घटना झारखंड में घट रही है। एक खास तरह के पैटर्न से इन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। चाहे वह दुमका की अंकिता कुमारी को पेट्रोल से जला कर मार देने की घटना, या फिर एक आदिवासी बच्ची को मार कर पेड़ से लटका देने की घटना। ये दोनों बच्चियां नाबालिग थीं। इतना कुछ होने के बावजूद हेमंत सरकार अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जागी, जिसका खामियाजा आये दिन महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार के रूप में आपको दिख रहा है। यह सब हो रहा है झारखंड में डेमोग्राफी बदलाव के कारण भी। पहले वे धमकी देते हैं, नहीं मानने पर पेट्रोल से जला दे रहे हैं। क्या हो रहा है झारखंड में। बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड में कितनी मात्रा में हैं, क्या यह सरकार को पता नहीं है। वह बांग्लादेश के रास्ते पहले झारखंड में आते हैं, यहां की लड़कियों को लव जिहाद में फांसते हैं, फिर शादी करते हैं और उसके बाद उसकी संपत्ति के मालिक बन जाते हैं। अगर वह महिला उनके धर्म को नहीं माने, तो उसे मार भी देते हैं। धर्मांतरण का काम झारखंड में जिस तरह से धड़ल्ले से चल रहा है, यह किससे छिपा है। ये लोग धर्मांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण करना चाहते हैं। एक एजेंडा के तहत यह सब हो रहा है। इन्होंने ग्रीन कॉरिडोर की रणनीति बनायी है। इसलिए यहां पर डेमोग्राफी बदलाव भी हो रहा है। घुसपैठियों के कारण झारखंड में हिंसा, क्राइम की घटनाएं बढ़ी हैं। इन घुसपैठियों का कनेक्शन पीएफआइ से भी है। पीएफआइ का एजेंडा क्या है, यह सभी को पता है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण किसका मिल रहा है, सत्ताधारी दल का। आपको याद होगा, जब कोरोना काल चल रहा था, जब सभी लोग अपने घरों में बंद थे, तब झारखंड के संथाल परगना के एक सम्मानित मंत्री ने कैसे कुछ लोगों को बसों में बंगाल और दूसरी जगहों पर भिजवाया था। डेमोग्राफी बदलने से पाकुड़ जैसी जगह की पूरी इकॉनॉमी अब एक खास वर्ग के लोगों के पास चली गयी है। हर छोटे-बड़े बिजनेस वही लोग कर रहे हैं। ट्रांसपोर्टिंग उन्हीं के हाथ में चली गयी है। आप गौर कीजिएगा, जहां भी कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है, वहां पर एक खास वर्ग के लोग मिलेंगे, जो कम रेट में काम करते मिल जायेंगे। आप जब उनसे पूछिएगा, तब वे कहंगे कि बंगाल से हैं, लेकिन जब आप उसकी डिटेलिंग में जायेंगे, तब आप समझ पायेंगे कि ये बांग्लादेशी हैं। कैसे नहीं बदलेगी डेमोग्राफी बताइये। कैसे नहीं बढ़ेगा क्राइम बताइये। चाहे वह बंदूक की नोक पर की गयी ओरमांझी स्कूल की घटना हो, पलामू की घटना हो, संथाल की घटना हो। एक सुनियोजित तरीके से महिलाओं के प्रति काम को अंजाम दिया जा रहा है। ओरमांझी के एक स्कूल की घटना आपको याद होगी। वह अखबारों में भी छपी थी। वहां पर एक खास वर्ग के युवक खुलेआम स्कूल में घुसे और स्कूल की बच्चियों को दोस्ती करने की धमकी दी। दोस्ती नहीं करने पर उठा लेने की धमकी दी गयी। झारखंड में यही सब चल रहा है। पहले धमकाओ, नहीं तो पेट्रोल छिड़क कर जला दो, तेजाब फेंक दो, जान से मार दो। दीपक प्रकाश बताते हैं कि मौजूदा सरकार अपराधियों को संरक्षण देनेवाली सरकार है।

आदिवासी, दलित, महिलाओं के साथ हुए अपराध पर सरकार मौन है। यहां तक कि राज्य सरकार ने अपराध के बढ़ते ग्राफ के अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए बेबसाइट पर भी अपराध के आंकड़े को मई के बाद अपलोड करना बंद कर दिया है। सरकार के आंकड़ों को ही देखा जाये तो मई तक 150334 घटनाएं घटी हैं। मई तक 4077 अनाचार की घटनाएं घटी हैं, लेकिन भाजपा के अनुसार यह 5200 है। पूरे देश में सबसे अधिक हत्या इस राज्य में हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है।

**दीपक प्रकाश कहते हैं:** क्या सरकार को नहीं मालूम है कि गढ़वा में क्या हुआ। वहां के स्कूल में हाथ जोड़ कर प्रार्थना करने के बजाय हाथ बांध कर प्रार्थना करवायी जा रही थी। यह सब धमका कर ही करवाया जा रहा था। तर्क दिया गया कि वहां मुसलमानों की संख्या ज्यादा है तो प्रार्थना के नियम बदल दो। पहले प्रार्थना के नियम बदलेंगे, फिर रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी होगी, फिर स्कूल का नाम बदला जायेगा, उसके बाद पढ़ाई की स्टाइल बदली जायेगी, उसके बाद धर्म पर हमला होगा, उसके बाद आप पर हमला होगा। यही पैटर्न है। क्या सरकार को यह नहीं पता है कि झारखंड के कई स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी दी जाने लगी थी। इस तरह की घटना मीडिया की सुर्खियां भी बनी थीं। क्या स्कूलों के नाम के सामने उर्दू नहीं जोड़ा गया था। सरकार के पास पूरी रिपोर्ट्स मौजूद हैं, लेकिन सरकार इस पर एक्शन इसलिए नहीं लेती है, क्योंकि यह सब सत्ताधारी दलों के संरक्षण में हो रहा है। भाजपा इसके लिए हमेशा आंदोलन करती रही है। जहां भी इस तरह की घटना उजागर हो रही है, भाजपा के कार्यकर्ता आंदोलन करते रहेंगे।

### कहां है नौकरी, झारखंड के युवा तो पूछ रहे हैं

दीपक प्रकाश कहते हैं कि झामुमो का चुनाव पूर्व वादा था कि पांच लाख युवाओं को नौकरी दी जायेगी। इन वादों को पूरा करने की बजाय झारखंड सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अंडा-मुर्गी पालन करने, ठेला लगाने की सलाह दे रही है। सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। यही कारण है कि सरकार के कार्यक्रम को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में लोग हिस्सा ले रहे हैं। जनता की नजरों में यह सरकार सुपर फ्लॉप साबित हुई है। आज झारखंड का युवा पूछ रहा है, कहां गयी मेरी नौकरी।

**सवाल : विपक्ष प्रहरी होता है। ऐसा कोई प्रखंड नहीं है, पंचायत नहीं है, गांव नहीं है, जहां पर भाजपा के लोग नहीं हैं। आखिर क्या कारण है कि इतने दिनों तक ये बातें छिपी रहीं? उन्होंने आवाज क्यों नहीं उठायी?**

**जवाब :** दीपक प्रकाश कहते हैं कि भाजपा के लोगों को जहां-जहां इस तरह कि जानकारी मिलती है, भाजपा पूरी ताकत के साथ इसका विरोध करती है। आपको पता है कि पार्टी के 418 कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे किये गये। मेरे जैसे लोगों पर भी देशद्रोह का मुकदमा है। यह भाजपा का सख्त निर्देश है कि जहां भी देश विरोधी गतिविधयां हो रही हैं, धर्मांतरण हो रहा है, स्कूल में धर्म के हिसाब से बदलाव हो रहा है, लव जिहाद की बात हो हो रही है, भाजपा वहां पर पूरी ताकत के साथ उसके खिलाफ खड़ी हो जाती है। आंदोलन करती है। हमारे कार्यकर्ता लड़ेंगे, भिड़ेंगे, कुछ भी करेंगे, लेकिन गलत नहीं होने देंगे। भाजपा की सरकार जब रहती है, तब कानून का राज चलता है। लेकिन ये सरकार तो इन्हे संरक्षण प्रदान कर रही है। भाजपा की सरकार में ये लोग बिल में छुपे होते हैं, लेकिन जब से यूपीए की सरकार आयी है, सब बिल से बाहर निकल एक्टिव हो गये हैं। मैं नहीं कहता कि भाजपा की सरकार आती है, तो रामराज रहता है, या हेमंत सोरेन रामराज ले आयेंगे, लेकिन भाजपा कोशिश करती है कि इस तरह की घटनाएं नहीं हों। राज्य में लॉ एंड आर्डर का राज हो। कानून का राज हो। सरकार को पूरी सक्रियता के साथ ऐसी देश विरोधी ताकतों से लड़ना चाहिए, लेकिन यह सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

**सवाल : आप भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। पार्टी निरंतर कोई न कोई कार्यक्रम करती रहती है। आपका कार्यकर्ता पार्टी के एक आदेश पर दिन-रात भूखे प्यासे पार्टी के कार्यों में लगा रहता है। पार्टी के लिए कार्यकर्ता सिर्फ झंडा ढोने का माध्यम है, या फिर कुछ और महत्व भी है उनका?**

**जवाब :** दीपक प्रकाश यह सवाल सुन कर भावुक हो जाते हैं। फिर वह जवाब देते हैं कि हमारे कार्यकर्ता देवतुल्य हैं। मेरा तो उनका चरण छूने का मन करता है। भाजपा का कार्यकर्ता एक दिन भी घर में नहीं बैठता है। वह 24 घंटे सातों दिन पार्टी और जनता के लिए खड़ा रहता है। चाहे वह खुद भूखा पेट ही क्यों न सो जाये, दूसरों को भूखे पेट सोने नहीं देता। मैं एक घटना का उल्लेख यहां करना चाहता हूं। जब कोरोना का कालखंड था, मैं बीमार था। बीमारी के पांच दिन बाद मैं सड़क पर उतर गया था। उन दिनों भाजपा रूपा तिर्की मामले में आंदोलन कर रही थी। मैं जारी गांव गया। वहां भाजपा का एक गरीब कार्यकर्ता था। मैंने सोचा जरा उसका हाल चाल लिया जाये। जब मैं उसके घर में गया, तो मैं आश्चर्यचकित रह गया। मैंने देखा कि उसके घर में महज दो किलो चावल था। उसकी छह बच्चियां थीं। मेरा मन व्यथित हो उठा। मेरे मन में इच्छा हुई कि मैं उसे राशन मंगा कर दे दूं। लेकिन उस कार्यकर्ता का दिल देखिये कि उसने वह दो किलो चावल भी लेकर एक आदिवासी परिवार में दे आया। क्योंकि उस वक्त उन्हें उस चावल की अधिक जरूरत थी। मैं देख कर दंग रह गया। मैंने पूछा, अब तुम्हारा दोपहर का खाना कैसे बनेगा, तो उसने कहा कि अगर बगल वाला खायेगा न भैया, तो मेरी आत्मा को संतोष हो जायेगा। मैंने पूछा, रात को कैसे खाओगे। तो उस कार्यकर्ता ने कहा, होगा न भैया कोइ इंतजाम। देखा जायेगा। ये भाजपा का कार्यकर्ता है। हम लोग भाजपा के महामंत्री प्रदीप वर्मा जी के नेतृत्व में उस दौरान सेवा एक माध्यम से फूड्स पैकेट का वितरण कर रहे थे। हमने फिर उसे फूड पैकेट दिया। उस आदिवासी परिवार को भी दिया। ये भाजपा का कार्यकर्ता है, जिसने कोरोना काल में खुद के पेट की चिंता न करते हुए दूसरों के पेट की चिंता की। यही है भाजपा। उस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता-नेताओं ने खुद की चिंता नहीं की। सिंदरी की घटना को लीजिए। वहां भाजपा के विधायक इंद्रजीत महथा हैं। वह खुद कोरोना के शिकार हो गये। हैदराबाद में उनका आज भी इलाज चल रहा है। वह कोरोना से पीड़ित लोगों की सेवा ही तो कर रहे थे कि कोरोना की चपेट में आ गये, लेकिन उन्होंने अपने फर्ज से कभी किनारा नहीं किया। दीपक प्रकाश कहते हैं: भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ झंडा ढोने के लिए ही नहीं हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। मैं भी तो भाजपा का कार्यकर्ता ही रहा हूं। आज यहां हूं। कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की लंबी फेहरिश्त है। समीर उरांव को लीजिए, आदित्य साहू को लीजिए, सीपी सिंह को लीजिए। मोदी जी भी भाजपा के कार्यकर्ता ही थे, आज देश संभाल रहे हैं।

**सवाल : झारखंड की जनता ने 2014 में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में बैठाया था। पांच साल सरकार चली भी। विकास का डंका भी पीटा गया। जनसेवा की बात भी हुई, फिर झारखंड के लोगों ने भाजपा को सत्ता से क्यों बेदखल कर दिया?**

**जवाब :** लोकतंत्र की यही खूबसूरती है। हार से हम घबड़ाते नहीं हैं, उससे सीख लेते हैं। कभी देश में भाजपा के सिर्फ दो सांसद थे। आज हम देश में दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार चला रहे हैं। झारखंड में हम सत्ता से बेदखल जरूर हुए, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि अगली बार हम फिर बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनायेंगे। अपने कार्यकर्ताओं की सेवा की बदौलत सरकार बनायेंगे। झारखंड का निर्माण भाजपा के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ही किया था। अब भाजपा ही उसे संवारेगी। झारखंड को पूरे देश में नंबर वन राज्य बनायेगी। गांव की सरकार से इसकी शुरुआत हो गयी है। हरमू मैदान में जो देवतुल्य कार्यकर्ता आये थे, वे संकल्प लेकर गये हैं कि फिर अगली बार भाजपा की सरकार बनायेंगे। हम आंदोलन के लिए सड़क पर उतर गये हैं। नवंबर महीने से पूरे दमखम के साथ हम सरकार की नाकामियों को जनता के सामने लायेंगे। आज झारखंड में जो हो रहा है, उस पर अंकुश लगायेंगे।

### साहिबगंज में खुलेआम खनिज संपदा की लूट

दीपक प्रकाश कहते हैं कि कौन नहीं जानता कि झारखंड में खुलेआम खनिज संपदा की लूट हो रही है। राज्य की जनता जानती है कि साहिबगंज में अवैध खनन में इतिहास रचा गया है। राज्य की प्राकृतिक संपदाओं को पूरी तरह चौपट करने का काम इस सरकार में हुआ है। इडी ने इन सारी चीजों का पर्दाफाश किया है। साहिबगंज में वहां की जनता और भाजपा द्वारा अवैध माइनिंग और उसकी अवैध ट्रांसपोर्टिंग के खिलाफ लगातार आंदोलन किया जाता रहा है। इसका परिणाम सबके सामने है। इस सारे खेल के पीछे कौन लोग थे, कौन चेहरे थे। ये बातें अखबार की सुर्खियों में प्रत्यक्ष देखी जा सकती हैं। दीपक प्रकाश कहते हैं कि मेरा यह सीधा आरोप है कि साहिबगंज में फेरी की जो घटना घटी थी, उसमें कम से कम 7 से 8 ट्रक थे। इन ट्रकों में स्टोन चिप्स लदा हुआ था। हर ट्रक में एक ड्राइवर और एक खलासी तो कम से कम होगा ही। मुझे जानकारी है कि करीब 20 से 25 लोग उस रात गंगाजी में डूब गये। इस मामले में 302 का मुकदमा वहां के डीसी पर चलना चाहिए। मुकदमा तो नहीं ही चला, उलटे क्लीन चिट दे दी गयी। इस मामले को हमने राज्यसभा में भी उठाया था। उस वक्त यह खबर अखबारों की सुर्खियां नहीं बनी थीं। यह पूरा स्कैंडल था। वहां के अधिकारी घटनास्थल को बिहार का हिस्सा बता कर अपना दामन बचाना चाहते हैं। अवैध माइनिंग साहिबगंज में, इसे ले जाने की योजना भी साहिबगंज में बनी, कमीशन ऑफेंस और काउज ऑफ एक्शन भी झारखंड में हुआ है। सारी पटकथा झारखंड की है, इसलिए झारखंड में भी संबंधित अधिकारियों पर सरकार को मुकदमा दर्ज करना चाहिए। फौजदारी मुकदमा भी करना चाहिए। क्यों नहीं हो रहा, सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अब तक वहां के डीसी और एसपी का तबादला तक नहीं किया गया। इसलिए पूरी घटना में जिला प्रशासन तो दोषी है ही, इसमें रांची में बैठे राजनेता और वरीय अधिकारी भी दोषी हैं।

### झारखंड में पहाड़ के पहाड़ गायब हो गये

दीपक प्रकाश आश्चर्य की मुद्रा में जवाब देते हैं कि आप अगर संथाल परगना में जायेंगे, तो पायेंगे कि एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह सत्ताधारी दल से जुड़े हुए लोगों ने पहाड़ को सफाचट कर दिया। मतलब पहाड़ के पहाड़ ही गायब हो जा रहे हैं। सबसे ज्यादा कोयले की अवैध तस्करी इस राज्य में हो रही है। मजे की बात यह है कि इसकी उगाही प्रभावशाली लोग, पदाधिकारी, अधिकारी, नेता कर रहे हैं। कौन नहीं जानता है कि पैसा वहां की पुलिस उठाती है। दीपक प्रकाश आरोप लगाते हैं कि पहले पैसा बेरमो आता है और बेरमो से कहां चला जाता है, यह सभी जानते हैं। खुलेआम चल रहा है यह सब। अब अगर इसमें इडी कार्रवाई कर रही है तो हाय तौबा क्यों मच रही है भाई। कहा जा रहा है कि इडी को पीछे लगा दिया गया है। इडी जहां छापा मार रही है, वहीं पर अवैध कागज, अकूत संपत्ति मिल रही है और भी नये-नये भ्रष्टाचार के स्रोत उजागर हो रहे हैं, तो इसमें इडी कैसे दोषी हो गयी। अगर इडी, सीबीआइ और इनकम टैक्स वाले छापा मारें और खाली हाथ लौटें, तब वे दोषी हैं। लेकिन छापा मारने पर तो वहां वे सारी चीजें मिल रही हैं, जो अवैध खनन और अवैध कामों की कहानी कह रही हैं।

### सेना की जमीन का मामला गरमाया हुआ है

दीपक प्रकाश ने कहा कि इसी रांची में सेना की जमीन को औने-पौने दाम में हड़पने वाला कौन है, किसी से छिपा है क्या। कानून को धता बता कर इसकी रजिस्ट्री दोबारा की गयी। पहली रजिस्ट्री को अवैध करने की पैरवी किसने की, यह भी सामने आना चाहिए। 100 करोड़ से अधिक की जमीन है, जबकि इसकी रजिस्ट्री मात्र सात करोड़ में हुई है। सरकारी रेट के हिसाब से से भी जोड़े तो जमीन करीब 20 करोड़ के आसपास है। स्टांप डटूटी 20 करोड़ की दी गयी है। इसकी खरीद में किसके पैसे लगे हैं, इसकी जांच भी इडी कर रही है, जांच होनी ही चाहिए। जांच इसकी भी होनी चाहिए कि भ्रष्टाचार के आरोप में जो लोग पकड़े गये हैं, उन्हें वीआइपी सुविधा किसने उपलब्ध करायी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 17.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 15.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |



## ओबीसी आरक्षण के बगैर निकाय चुनाव कराने पर महाधरना

# वादाखिलाफी कर रही सरकार : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर ओबीसी आरक्षण मसले पर ठगी और वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा जाकिर हुसैन पार्क, रांची (राजभवन के समीप) में निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दिये जाने के मसले पर गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय महाधरना में सरकार को इसके लिए कटघरे में खड़ा किया गया। भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के समय कांग्रेस ने जिम्मेदारी नहीं निभायी। अगर वह चाहती तो और पहले झारखंड बन गया होता। अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग राज्य की सौगात दी। अब सत्तारूढ दल ओबीसी आरक्षण पर सबों को ठगने में लगा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, संजय सेठ, पूर्व विधायक मनोज यादव समेत अन्य नेताओं ने भी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किये जाने पर आलोचना की।

**कोर्ट में किये दावों से मुकर रही सरकार :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब वे सीएम थे, तो उन्होंने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया था। हालांकि बाद में हाइकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। इससे जुड़े मसले पर सुप्रीम कोर्ट और तमिलनाडु विवाद के कारण उस समय इस मामले को वहां रखना संभव नहीं हुआ। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में यह कहा था कि आरक्षण 50 फीसदी से अधिक नहीं हो सकता, ऐसा नहीं है। पर इसके लिए स्थानीय स्तर पर एक आयोग और सर्वे के आधार पर ऐसा किया जा सकता है। राज्य सरकार ऐसा चाहती तो कर सकती थी। पर उसने ऐसा अब तक नहीं किया। यहां तक कि पंचायत चुनाव बगैर आरक्षण के करा लिये। सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने आश्वस्त किया था कि वह आयोग बनाकर और सर्वे के आधार पर आरक्षण व्यवस्था करेगी। पर ऐसा ना कर अब नगर निकाय का चुनाव ओबीसी को आरक्षण दिये बगैर कराया जा रहा है। प्रदेश में 1932 की चर्चा हो रही है। इसमें क्या है इसके साथ नियोजन को जोड़ा ही नहीं तो इस स्थानीय नीति का क्या करेंगे।

**हेमंत सोरेन के कुर्सी से हटने तक लड़ाई जारी रहेगी :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि तीन वर्षों में परिवार के लिए राजनीति हुई है, पैसे के लिए और नगद नीति के लिए हुई है। राज्य को इतना लूटा कि धीरे-धीरे अब होटवार जेल की ओर जा रहे हैं। कहा कि हेमंत सोरेन जी आप भी वहां अपने लिए कमरे को सुरक्षित करा लीजिए। जो पहले गये हैं उन लोगों के लिए कमरे सुरक्षित हो रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता तब तक यह लड़ाई लड़ेंगे, जब तक राज्य से हेमंत सोरेन कुर्सी से हट नहीं जाते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने की। कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व मंत्री मनोज कुमार यादव, सांसद संजय सेठ, नीरा यादव, कांके विधायक समरी लाल, नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, भाजपा कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत, रमेश सिंह, अविनेश सिंह, डॉ राजीव कुमार, देवनारायण प्रजापति, दिलीप स्वर्णकार, अशोक साहू, राजेंद्र मंडल सुधीर यादव, अनिल टाइगर, जैलेंद्र महतो, प्रकाश साहू, पूर्णिमा चंद्रवंशी, वरुण साहू, गोपाल सोनी आदि शामिल हुए।

### हेमंत सरकार ने पिछड़ा समाज पर कुठाराघात किया है : दीपक प्रकाश

लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछड़ा समाज पर कुठाराघात करने का काम किया है। सरकार उनके अधिकारों को छीनने का काम कर रही है। पिछड़ा समाज को सरकार ने पंचायत चुनाव में उसके हक से वंचित किया था और अब निकाय चुनाव भी बिना ओबीसी आरक्षण के कराया जा रहा है। भाजपा ने सरकार को चेतावनी दी है कि पिछड़ा समाज पर आघात ना करें। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाये, नहीं तो पार्टी पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन करेगी।

# दुर्घटना में घायल आरक्षी विभूति प्रसाद एयर लिफ्ट

## मेदांता में होगा इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 11 अक्टूबर की रात सड़क दुर्घटना में घायल आरक्षी और नेशनल शूटर विभूति प्रसाद सिंह को एयर लिफ्ट किया गया है। विभूति को एयर लिफ्ट करके मेदांता गुरुग्राम ले जाया गया है। यहां बता दें कि 11 अक्टूबर की रात विभूति प्रसाद की गाड़ी को खेलगांव चौक पर बिहार से आ रही एक बस ने टक्कर मार दी थी। इस घटना में वह बुरी तरह जख्मी हुए। आनन-फानन में इलाज के लिए उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां वह वेंटिलेटर पर इलाजरत थे। बीते नौ दिनों के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं होता देख पुलिस विभाग के कर्मचारियों और पदाधिकारियों के सहयोग से उन्हें गुरुवार को मेदांता गुरुग्राम के लिए एयर लिफ्ट किया गया।

**ग्रीन कॉरिडोर बना कर ले जाया गया एयरपोर्ट:** मेदांता अस्पताल से रांची के भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। कॉरिडोर का नेतृत्व खुद सिटी एसपी अंशुमन कुमार कर रहे थे। इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी भी मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य मंत्री ने दिया था बेहतर इलाज का भरोसा :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 17 अक्टूबर को मेदांता अस्पताल पहुंच कर घायल विभूति का हालचाल जाना था। इस दौरान उन्होंने आरक्षी परिजनों को इलाज के खर्च में हरसंभव मदद का भरोसा दिया था। वहीं विशेष शाखा के कर्मचारी सुनील कुमार चौधरी और सायना प्रवीण ने विभूति की मदद में अपनी अहम भूमिका निभायी और विभागीय पदाधिकारियों से भी मदद दिलाने का काम किया।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA
PHONE : 0671-2367768-783, FAX : 0671-2367663
Advertisement No. 26/AFO/2022-23
Walk-in-Interview is to be held on 31.10.2022 for selection of one (01) Agricultural Field Operator (AFO) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "To Evaluate the bio efficacy and phytotoxicity of Tebuconazole 430 G/L SC against rice leaf and neck blast disease" (EAP-375). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.
PRINCIPAL INVESTIGATOR

# गिरिडीह में महिला नक्सली सुनीता मरांडी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस को तीन दिनों के भीतर नक्सल प्रभावित भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में दूसरी बड़ी सफलता मिली है। भेलवाघाटी पुलिस ने गुरुवार को महिला नक्सली सुनीता मरांडी उर्फ सुनीता हेंब्रम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे बिहार के चरकापत्थर थाना क्षेत्र के तेतरिया बिशनपुर गांव से पकड़ा है। बताया गया कि महिला नक्सली सुनीता माइका कारोबारी दाशो साहू हत्याकांड की मुख्य आरोपित है। वह कई वर्षों से फरार थी। सुनीता मरांडी पहले कुख्यात माओवादी चिराग दा के दस्ते से जुड़ी हुई थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से संगठन से दूर थी। पुलिस के मुताबिक सुनीता मरांडी का पति आकाश मरांडी भी नक्सली रह चुका है। आकाश की हत्या उसके गांव वालों ने ही गांव की एक लड़की के साथ अवैध संबंध बनाने के विरोध में कर दी थी।

उल्लेखनीय है कि दो दिनों पूर्व ही हार्डकोर नक्सली विनोद वर्णवाल की गिरफ्तारी भी भेलवाघाटी थाना पुलिस ने की थी।

# एनइइटी झारखंड रिजल्ट में बायोम के 13 छात्र टॉप



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीट की मेडिकल परीक्षा 2022 में बायोम इंस्टीट्यूट, रांची ने नये कीर्तिमानों को हासिल किया है। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में सर्वाधिक रिजल्ट बायोम इंस्टीट्यूट, रांची सेंटर का रहा है। बायोम इंस्टीट्यूट, रांची सेंटर में दिन भर खुशियों का माहौल बना रहा। सफल छात्रों में आशिष रैंक 1, रैंक 1), मोती (रैक 2, रैंक 2), अंगद रैक 5), आदित्य (रैंक 6), आर्यमन (रैंक 7) रौशन रैंक 7) सगीता (रैंक 9), प्राची (रैंक 11), मसूद (रैंक 11), आयुष (रैक 13), समिया (रैंक 18), बादल (रैंक 18), प्रशांत (रैक 19), आदि शामिल हैं। इनकी खुशी के अवसर पर बायोम के शिक्षक एवं सदस्य भी शामिल हुए। इस खुशी के अवसर पर उपस्थित बायोम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर पंकज सिंह ने छात्र-छात्राओं को सफलता की शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों एवं सदस्यों ने भी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2022 में बायोम संस्थान के रैंकर्स बैच के 27 छात्रों में से 25 छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। नीट मेडिकल में अबत ाक प्राप्त सूचना के अनुसार संस्थान के 812 छात्र सफल हुए हैं जिनमें से 152 छात्र अपना एडमिशन सुनिश्चित किये हैं। इस मौके पर शिक्षक प्रशांत कौशिक, पीके सौरभ, प्रिया मैम, डॉ सुशांत कुमार, रौशन कुमार, राजनीश कुमार, निर्भय सिंह, संतोष कुमार, अभिजीत प्रधान, तनवीर आलम, अनिल कुमार, विमल कुमार शुक्ला, कुमार राहुल, अभिषेक कुमार, रौनक कुमार, डॉ. शशिकांत कुमार, अमिताभ मिश्रा, चंदन गुप्ता, अंकुर व बायोम के सदस्यगण में संजीव कुमार, पूजा, कमेन्द्र प्रसाद, आरती, रोहित, लक्ष्मी स्नेहिल, पम्मी, पल्लवी, कंचन, ओंकार सिंह, सुबोध, उमेश, नरेश, विद्या सागर आदि उपस्थित थे। बायोम इंस्टीट्यूट में मेडिकल की तैयारी के लिए नये सत्र के लिए हीनू एवं न्यू नगरा टोली में 2023 के लिए अंतिम बैच में नामांकन शुरू हो गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक कार्य।

**वृष** नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी। किसी के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा। बकाये रकम और वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति।

**कर्क** प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी। नौकरी में बदलाव।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी। अपने वाणी पर नियत्रण रखें। वाहन सावधानी से चलायें।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण या पदोन्नति। आर्थिक लाभ। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार। व्यवसाय की स्थिति में सुधार। संतोषजनक धनलाभ होगा।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी। विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन। घर-गृहस्थी में सुख-शांति।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव। इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा। आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा। बकाये रकम की प्राप्ति। सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# ग्रामीणों ने पतरातू में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को बनाया बंधक, घंटों बाद छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ गुरुवार को भी ग्रामीण आक्रोशित हैं। पूर्व मंत्री के खिलाफ पतरातू डैम के समीप जमीन कब्जा करने का आरोप है। मेलानी गांव और उचरिंगा के ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह गाड़ी समेत योगेंद्र साव का घेराव कर उन्हें बंधक बना लिया। पूर्व मंत्री घंटों ग्रामीणों के कब्जे में रहे। एसडीपीओ और पतरातू थाना सहित अन्य थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर समझा बुझा कर मामला शांत कराया। पुलिस के आश्वासन पर योगेंद्र साव को छोड़ा गया।

**मना करने पर दी जाती है जान से मारने की धमकी :** रैयत अमरनाथ महतो ने बताया कि योगेंद्र साव के बेटे सुमित, पंकजनाथ साहू अपने कार्यकर्ता के साथ रैयती जमीन पर जबरन कब्जा कर घेराबंदी करना चाहते हैं। रोकने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जाती है। योगेंद्र साव अज्ञात लोगों से धमकी दिलवा रहे हैं। 2020 से ही उक्त जमीन पर ये लोग दावा कर रहे हैं, जबकि यह रैयती जमीन है। मामले को लेकर सीओ और थाना प्रभारी से कई बार शिकायत की गयी, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं की गयी।

बुधवार को योगेंद्र साव समर्थक के साथ पहुंचे और घेराबंदी का काम शुरू करवा दिया। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचकर पुलिस काम बंद करवा दिया, लेकिन पुलिस के जाने के बाद दुबारा काम शुरू कर दिया गया, जबकि उक्त जमीन पर धारा 107 लगा हुआ है। मामले को लेकर थाने में धरना दिया गया, तो पुलिस द्वारा लिखित शिकायत की मांग की गयी। लिखित शिकायत देने के बाद पुलिस ने पहुंच कर काम बंद करवा दिया।

**पतरातू के पास 39 डिसमिल जमीन भी कब्जाने का है आरोप :** बीते रविवार को पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के समर्थकों ने दोपहर में पतरातू डैम के पास बने लेक रिसॉर्ट के मुख्य गेट का ताला तोड़ दिया था। कर्मचारियों से भी दुर्व्यवहार किया। विरोध में कर्मचारियों ने काम बंद करने की चेतावनी दी थी। हालांकि बाद में रिसॉर्ट में ठहरे योगेंद्र साव बाहर निकले और कर्मचारियों से कहा कि यदि यह कृत्य उनके समर्थकों का होगा, तो उन पर भी कार्रवाई होगी। लेक रिसॉर्ट प्रबंधक अरुण कुमार ने पूरे मामले की जानकारी जेटीडीसी प्रबंधन के साथ प्रशासन को भी दी। उन्होंने बताया कि योगेंद्र साव कुछ दिन से यहां ठहरे हुए थे। उनके समर्थक उनसे मिलने के लिए रात दो बजे गेट खोलने के लिए कह रहे थे। गेट नहीं खुलने पर ताला तोड़ दिया। योगेंद्र के समर्थक डैम के पास उचरिंगा में टर्निंग प्वाइंट नामक रेस्टोरेंट के पीछे स्थित 39 डिसमिल जमीन पर भी कब्जे की कोशिश में जुटे हैं। रात में दर्जनों लोगों के साथ यहां काम कराया जा रहा था। इसके खिलाफ रैयत नेजाम अंसारी, कयूम की मां सकीना बीबी ने एसपी, डीसी समेत पतरातू थाना में आवेदन दिया। इसमें योगेंद्र साव, भाई सागर साव, पुत्री अंबा प्रसाद और पुत्र अंकित पर आरोप लगाते हुए बताया गया है कि इन्हीं के इशारे पर जमीन को हथियाने की कोशिश हो रही है।

# पांच माह से नहीं मिला स्टाइपेंड डेंटल इंटर्न छात्रों ने की हड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स डेंटल कॉलेज के इंटर्न छात्रों को पांच महीने से स्टाइपेंड नहीं मिला है। इसके बाद छात्रों ने कॉलेज बिल्डिंग के बाहर धरना दिया है। छात्रों ने बताया कि जबसे उन्होंने इंटर्नशिप (मई) में ज्वाइन किया है, उसके बाद से अब तक एक बार भी स्टाइपेंड का भुगतान नहीं किया गया है।

वहीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशीष जैन ने जानकारी दी कि अब तक इनके स्टाइपेंड के लिए बजट का प्रावधान नहीं था। बजट के लिए कागजी प्रकिया अंतिम चरण में है। उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह तक छात्रों को स्टाइपेंड का भुगतान कर दिया जायेगा। रिम्स डेंटल कॉलेज में वर्तमान 39 इंटर्न हैं, जिन्हें 26300 रुपये का भुगतान किया जाना है। इंटर्नशिप कर रहे छात्रों ने बताया कि मरीजों के इलाज के लिए जरूरी उपकरणों की खरीदारी खुद से करनी पड़ रही है। इसके लिए उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार दो हजार से लेकर 12 हजार रुपये तक के उपकरण खरीदने पड़ते हैं। सीनियर द्वारा कहा जाता है कि उन्हें खुद से ही सामान खरीदना होगा। ऐसा नहीं करने पर फेल करने की धमकी दी जाती है। उपकरणों की खरीदारी को लेकर प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए टेंडर फाइनल हो चुका है। 15 दिन से एक महीने के अंदर उपकरण उपलब्ध करा देने का आश्वासन दिया है।

## पीएमएवाइ यू का सफल क्रियान्वयन

# तीन श्रेणियों में झारखंड को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात के राजकोट में आयोजित इंडिया अर्बन हाउसिंग कॉन्क्लेव 2022 कार्यक्रम का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने झारखंड राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल कार्यान्वयन को लेकर तीन श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में झारखंड की ओर से पुरस्कार ग्रहण नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक आदित्य कुमार आनंद, सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी, पीएमएवाइ यू के स्टेट टीम लीडर राजन कुमार और सीएलटीसी दीपक कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के विभिन्न घटकों के तहत राज्य को महिला सशक्तिकरण पहल के अंतर्गत योजना के तहत हजारों महिलाओं को घर का स्वामित्व, रानी मिस्त्री और निर्माण क्षेत्र में महिलाओं को कार्य का अवसर, समुदाय उन्मुख परियोजना के तहत कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के लिए बेहतर आवासीय परियोजना उपलब्ध कराने और उक्त योजना का प्रभावी और व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार और जन जागरूकता हेतु राष्ट्रीय स्तर पर तीन पुरस्कार दिया गया।

## खुशखबरी : झारखंड सरकार ने किया बड़ा एलान

# इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर 1.50 लाख की छूट, दोपहिया वाहन पर 10 हजार की राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** त्योहार के मौसम में झारखंड सरकार ने बड़ी सौगात दी है। झारखंड में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीद पर भारी छूट मिलेगी। झारखंड इलेक्ट्रिक व्हीकल (इवी) पॉलिसी, 2022 लागू कर दी है। इस योजना के लागू होते ही लेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सरकार की तरफ से बड़ी छूट का ऐलान भी कर दिया गया है। नयी इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर 1.50 लाख रुपये तक की छूट मिलेगी। इवी स्कूटी या दोपहिया वाहन पर 10 हजार रुपये की राहत है। अगर व्यापार के उद्देश्य से ऑटो खरीदने का मन बना रहे हैं तो इस पर भी 30 हजार की बचता है। सबसे बड़ी बचत है ई-बस खरीदने पर इसमें लगभग 20 लाख रुपये तक की छूट मिल सकती है।

**रोड टैक्स में भी बड़ी राहत :** इसके अलावा भी सरकार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर रोड टैक्स में छूट का ऐलान कर रही है। झारखंड सरकार इन गाड़ियों के माध्यम से अपने उत्पादन के क्षेत्र को भी बड़ा करना चाहती है। झारखंड सरकार ने राज्य के अंदर ही उत्पादन करनेवाले उद्योगों को भी बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। इवी के पहले 10 हजार खरीदार को 100 प्रतिशत, 10 से 15 हजार खरीदार को 75 प्रतिशत और इसके बाद को 25% की छूट दी जा सकती है।

**इलेक्ट्रिक गाड़ियों की फैक्ट्री राज्य में बने :** झारखंड सरकार राज्य को इवी हब बनाना चाहती है और इसी दिशा में कई तरह की छूट और योनजाओं के माध्यम से इसे सहयोग कर रही है। झारखंड में इसे प्लांट बैठें और यहीं गाड़ियों का निर्माण हो इसे लेकर भी सरकार की रणनीति अहम है। पूर्वी भारत में झारखंड को इवी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सबसे पसंदीदा राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। शहरी क्षेत्र में हर तीन किमी पर अथवा हर 10 लाख की आबादी पर 50 चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी है।

**चार्जिंग स्टेशन की रणनीति :** केंद्र सरकार भी इवी को भविष्य के बेहतर विकल्पों में देख रहा है। एनएच में हर 25 किमी पर चार्जिंग स्टेशन की स्थापना करने की योनजा है। इवी चार्जिंग स्टेशन खोलने पर 50 से 60% सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। राज्य में इवी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाने पर दो करोड़ से लेकर 30 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देने की भी योजना है।

### सरकारी कर्मचारियों को खास तोहफा

सरकारी कर्मचारी अगर इवी गाड़ियां लेना चाहते हैं तो सरकार उनकी पूरी मदद करेगी। अगर राज्य सरकार के कर्मी यदि टू व्हीलर या फोर व्हीलर इवी खरीदता हैं, तो 100 प्रतिशत इंटरेस्ट सब्सिडी दी जायेगी। सरकारी कार्यालयों में भी कार्यालय इस्तेमाल के लिए इवी के ही इस्तेमाल पर पर जोर दिया जायेगा। राज्य में इलेक्ट्रिक गाड़ियों का चलन अब रफ्तार पकड़ रहा है। राज्य में कई तरह के टू व्हीलर और फोर व्हीलर गाड़ियों का बिक्री भी बढ़ी है। सरकार के इस ऐलान के बाद इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बिक्री की रफ्तार और तेज होगी।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 7493 शिकायतों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अब तक 7493 शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। रांची जिले के विभिन्न 17 प्रखंडों और वार्ड नंबर 13 और 14 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, जिला, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

लाभुकों के बीच झारखंड राज्य खाद्य योजना अंतर्गत धोती, साड़ी, लुंगी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन, मनरेगा योजनांतर्गत स्वीकृति पत्र, कंबल वितरण, 15वें वित्त, केसीसी, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना, ई-श्रम कार्ड योजना, बिजली तथा पेयजल विभाग तथा अन्य जन लोक कल्याणकारी योजना से संबंधित परिसंपत्ति और सुकृति पत्र का वितरण किया गया।

इन प्रखंड की पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था

1. पैका पंचायत, अनगड़ा
2. तुतलो पंचायत, बेड़ो
3. सुमानडीह पंचायत, बुंडू
4. मक्का पंचायत बुढ़मू
5. कुंदी पंचायत, इटकी
6. ऊपर कोनकी पंचायत, कांके
7. चुरी दक्षिणी पंचायत, खलारी
8. लतरातू पंचायत, लापुंग
9. टांगर बसली पंचायत, मांडर
10. टुंडूल उत्तरी पंचायत, नगड़ी
11. बरगावा पंचायत, नामकुम
12. कूटे पंचायत, ओरमांझी
13. राहे पंचायत, राहे
14. तिगरा पंचायत, रातू
15. बंता उत्तरी पंचायत, सिल्ली
16. गलउ पंचायत, सोनाहातू
17. जानुमपीड़ी पंचायत, तमाड़
18. वार्ड 15 एवं 16 (रांची नगर निगम क्षेत्र)

**19200 आवेदन प्राप्त हुए, 41 आवेदन अस्वीकृत :** 17 प्रखंडों की पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 19200 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 7493 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 41 आवेदन अस्वीकृत किये गये। शेष आवेदन के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर सोबरन महतो की ट्रेन से गिरकर मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रवासी मजदूरों की मौत का शीलसिला रूक नहीं रहा है। लगातार उनकी मौत की खबर आ रही है। इसी क्रम में बिष्णुगढ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत गुजरात से घर लौटने क्रम में गुरुवार सुबह को हो गई।बताया जाता कि बिष्णुगढ थाना क्षेत्र के सिरैय स्थित सरैयाटांड निवासी सरयू महतो के 38 वर्षीय पुत्र सोबरन महतो की गुजरात से घर लौटने के क्रम में उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोककर बुरा हाल है।ट्रेन से गिरने के कारणों के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।मृतक सोबरन महतो अपने पीछे पुत्र सुनिल कुमार(16) एवं पुत्री लक्ष्मी कुमारी(14) को छोड़ गया। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने इस दु:खद को घटना को लेकर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।पिछले 16 अक्टूबर 2022 को बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत बन्दखारो के प्रवासी मजदूर की मलेशिया में मौत हुई हैं। जिनका शव अभी भी मलेशिया में पड़ा हैं।

## विष्णुगढ़ एवं नवादा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के विष्णुगढ़ एव नवादा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यकर्म का आयोजन किया गया।जिसमें विष्णुगढ़ में 468 आवेदन में 178 का निष्पादन किया गया,290 लम्बित रहा,वही नवादा में 345 में 61निष्पादन किया गया,284 लम्बित रहा।नवादा में खाद्य सुरक्षा योजना में 60,सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना में 115, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 31,सर्व जन पेंशन 54,मनरेगा 15,15वे वित्त 02 , धोती साड़ी लुंगी वितरण 07, कम्बल वितरण 13,केसीसी 07, भु लगान रशीद 18 ,ई शर्म कार्ड 01 ,जीसेलपीएस 02, दाखिल खारिज 07 ,जॉब कार्ड के 08 आवेदन आये। विष्णुगढ़ में खाद्य सुरक्षा योजना में 65 , सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना में 162 , मुख्यमंत्री पशुधन योजना में 12,सर्वजन पेंशन योजना 41, मनरेगा 33,15वे वित्त 01,धोती साड़ी लुंगी 06, कम्बल वितरण 09, केसीसी 04 , भु लगान रशीद 06 ,ईशर्म कार्ड 04, राशन कार्ड आधार से लिंक करना 106, जीएसएलपीएस 03, दाखिल खारिज 08,राजश्व 06 ,आवेदन शिविर में आया। मौके पर डीएसओ अरविंद कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार ,पनन पदाधिकारी आलोक कुमार, बीपीआरओ रामचन्द्र दांगी,जिप सदस्य दीपिका कुमारी,प्रमुख जैबुन निसा,20 सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव,उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,मुखिया कनिजा खातून,पूनम कुमारी दास ,पसस पिंकी कुमारी , उप मुखिया अनुराग वर्मन,संजय प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## डीसी को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के जिला सदस्य भागीरथ पासवान ने कोडरमा जिला की विभिन्न जनसमस्याओं को निराकरण हेतु उपायुक्त आदित्य रंजन को को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता भागीरथ पासवान ने सर्वप्रथम जिला 20 सूत्री कार्यालय आवंटन करने की मांग किया। छठ महापर्व एवं दीपावली को लेकर जिले के विभिन्न छठ घाटों पर साफ सफाई एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, शिवगुरु क्लीनिक तिलैया बस्ती से अंबेडकर चौक तक जर्जर रास्ता के अविलंब निर्माण हेतु निविदा, विजय पासवान के घर से राम लखन पासवान के घर तक वार्ड नंबर 3 झुमरीतिलैया जर्जर रोड को बनाने एवं गार्डवाल निर्माण हेतु निविदा की मांग की मांग की। साथ ही साईं फैक्ट्री से होते हुए गझंडी तक जाने वाले रोड की हालत अत्यंत जर्जर है इसे कालीकरण की मांग की।

## चौथा स्तंभ पर हमला, दलित शोषण मुक्ति मंच ने की निंदा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने प्रेस बयान जारी कर पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार और उत्पीड़न की निंदा की है। कहा है कि 15 अक्टूबर 22 को नवलशाही थाना के एस आई रंजीत कुमार के नेतृत्व में बोल्डर लदी ट्रक एंव नवादा मे अवैध रुप से चलाये जा रहे शराब की दूकानों मे छापामारी किए जाने के दौरान डोमचांच प्रखंड के पत्रकार महादेव दास के द्वारा विडियोग्राफी एंव समाचार संकलन किए जाने और एसआई रंजीत कुमार के द्वारा पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार व नवलशाही थाना ले जाकर प्रताड़ित किए जाने की घटना को दलित शोषण मुक्ति मंच निंदा करती है। किसी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पत्रकार के साथ ऐसा किया जाना भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर व्यापक हमला है, पत्रकारों के द्वारा ही बडे-बडे भ्रष्टाचार उजागर कर दोषियों को सजा दिलाने का काम किया जा रहा है और ऐसे में पत्रकारों के साथ अशोभनीय व्यवहार करना चिंतनीय बिषय है। घटित घटना की जांच हेतु पत्रकार महादेव दास के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोडरमा को आवेदन दिया गया है। इसकी जांच होनी चाहिए और दोषी पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ जिंदा रहे। इधर जिले के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ईडी समेत अन्य बड़े संस्थानों को पत्र भेजकर नवलशाही प्रभारी पंचम तिग्गा और एसआई रंजीत कुमार की संपत्ति और अवैध उगाही की जांच की मांग की है।

## रेल पटरी पर अज्ञात शव बरामद

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गरर्ग रेलवे पुल के पास रेल पटरी पर शव बरामद किया गया। सुबह जब गाय चराने के लिए ग्रामीण गए तो, देखा कि पटरी पर एक शव पड़ा हुआ है। इसकी सूचना रेलवे को दी गई। सूचना मिलते ही रेलवे के आरपीएफ एवं जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, पुलिस पिकेट प्रभारी आशीष हसदा पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

## जुआ अड्डा से 7 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच पुलिस ने गुरुवार को जुआ अड्डा से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के अनुसार मामले को लेकर डोमचांच थाना में कांड संख्या 127/ 22 के तहत धारा 420/ 34 आईपीसी एवं 3 /4 बंगाल सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। वही पकड़े गये लोगों में चंदन कुमार साव (उम्र 28 वर्ष पिता उमेश साव), मुकेश कुमार (उम्र 23 वर्ष पिता स्वर्गीय रामचंद्र साव), कैलाश कुमार यादव (उम्र 21 वर्ष पिता बहादुर यादव), राजेश कुमार गुप्ता (उम्र 31 वर्ष पिता स्वर्गीय रामविलास गुप्ता), शाहिद अंसारी (उम्र 22 वर्ष पिता नईम अंसारी), पप्पू कुमार (उम्र 23 वर्ष पिता अशोक भुइया), रतन भुइयां (उम्र 40 वर्ष पिता शिवन भुइयां) शामिल है।

## महादेव राम भाकपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य चुने गये

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा राष्ट्रीय परिषद का 24 वां राष्ट्रीय अधिवेशन पांच दिवसीय आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में संपन्न हुई जिसमें कोडरमा जिला से चंदवारा पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम को राष्ट्रीय परिषद सदस्य चुना गया। महादेव राम ने छात्र जीवन से राजनीति शुरू की। एक बार कोडरमा अंचल सचिव एवं 2002 से 2018 तक कोडरमा जिला सचिव, कांको पंचायत से एक बार मुखिया एवं दूसरी बार जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुए। महादेव राम रेल आंदोलन में तीन बार जेल जा चुके हैं। अब महादेव राम को देश लेवल की राजनीति करने का मौका मिला है।

## योजना सचिव ने स्कूल का निरीक्षण किया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के योजना एवं विकास विभाग के सचिव और 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम हेतु कोडरमा जिले के प्रभारी सचिव अमिताभ कौशल द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरांव का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के क्रम में पाया कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर रहे हैं और शिक्षक पूरी मेहनत के साथ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढायें ताकि उनका बेहतर भविष्य का निर्माण हो। बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कही। मौके पर सचिव के अलावे उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय यादव, अंचल अधिकारी रामरतण वर्णवाल व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लोटवा जंगल से शव बरामद

**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोटवा जंगल से इचाक पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव पूरी तरह सड़ चुका है। जिसकी पहचान नही हो सका है। मवेशी चराने वालों ने शव को देखा एवम इसकी सूचना इचाक पुलिस को दिया, सूचना पाकर एएसआई अनिल राम पुलिस बल के साथ गुरुवार की शाम लोटवा जंगल पहुंचे और वहां से शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु हजारीबाग भेज दिया।

# दीपावली की तैयारी जोरों पर



▶▶ **धनतेरस की तैयारी शुरू :** सबसे पहले धनतेरस हैं और इसी के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हो जायेगी।धनतेरस को खरीदारी के लिए शुभ माना जाता हैं और ऐसे में बाजार में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

▶▶ **पेंट और कपड़े की भी दुकानें गुलजार :** दीपावली में मां लक्ष्मी व गणेश की पूजा अर्चना से कुछ दिन पहले घर को साफ सुथरा किया जाता है।दीवाली पर नये रंग चढ़ाए जाते है। और घर को सजाया जाता है।इसे लेकर जिले में पेंट का बाजार भी गुलजार हो गया है।लोग अपने घर को नया लुक देने के लिए पेंट की खरीदारी भी कर रहे है।

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** रोशनी का पर्व दीपावली को लेकर बाजार जगमग हो चुका है।घरों को सजाने के लिए लड़ियों और अन्य इलेक्ट्रानिक सामान टीवी, रूम हीटर,आदि की बिक्री बढ़ गयी हैं।कोरोना की मार से काफी हद तक मुक्ति मिलने पर लंबे समय के बाद बाजार गुलजार होने से व्यापारियों के चेहरे अब खिल रहे हैं।बाजार भी दीपावली से संबंधित वस्तुओं से पट-सा गया है।त्योहार की तैयारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से लेकर अन्य सजावटी सामानों की बहुतायत दिख रही है।मिट्टी के दीपक भी बाजार में नजर आने भी लगे हैं। श्रीगणेश एवं मां लक्ष्मी की छोटी मूर्तियां भी बाजार में दिख रहीं हैं कुल मिलाकर बाजार में भी उत्सव-सा माहौल है। विभिन्न दुकानों में घरौंदा भी बिक्री होने लगी है। घरौंदा की कीमत 100 से लेकर 25 तक है। लक्ष्मी- गणेश मूर्तियां 30 से लेकर 3000 तक है।

## विद्या जायसवाल के आवासीय परिसर में इनर व्हील क्लब का दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब हजारीबाग के सभी सदस्यों ने साथ मिलकर दीपावली मिलन समारोह मनाया। यह कार्यक्रम क्लब की वरिष्ठ सदस्या विद्या जयसवाल के आवासीय परिसर में आयोजित हुआ। सदस्यों ने मिल कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की फिर विभिन्न प्रकार के खेल प्रतिस्पर्धा और व्यंजनों का लुफ्त सामूहिक रूप से सभी ने उठाया। विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सदस्यों को उपहार भी प्राप्त हुए। उपहार पाकर बेहतर प्रदर्शन करने वाली सदस्य आनन्दित हुई। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाली सभी सदस्यों ने दीपावली को ध्यान में पारंपरिक परिधानों के सात अपना साज – श्रृंगार किया था। उपस्थित सदस्यों में अध्यक्ष रजनी कुमारी, विद्या जयसवाल, भारती सहाय, मीना शेखर, मीरा द्विवेदी, शोभा बक्सी, डा प्रीति रानी, डा अनुभा शंकर, सीमा सिन्हा, मीना होर्रा, स्वर्णजीत कौर, ममता कुमारी, स्वीटी सोधी, प्रभा रानी, सुजाता लोहानी, रश्मि श्रीवास्तव, रीटा बग्गा, विम्मी होर्रा, सिम्मी होर्रा, रीतू सिंह, पूनम वर्मा, उमा लाल, ईला, कविता सिन्हा, ज्योति श्रीवास्तव, रजनी सहाय, उर्मिला नायक समेत अन्य मौजूद रही ।

## आजसू पार्टी के लोग झूठ और अफवाह फैला कर छवि खराब करने की कर रहे हैं कोशिश : अंबा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक ने कहा है कि जब से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव जेल से रिहा हुए हैं तब से आजसू पार्टी काफी सदमे में है । मेरा और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की छवि को खराब करने के लिए अब वह लोग हर छोटी बड़ी घटना से हमारा नाम जोड़कर अफवाह फैलाने लगे हैं जिस घटना से हमारा कोई लेना देना नही है । जिस घटना से वह लोग मेरा नाम जोड़ते हैं उस घटना के बारे में मुझे बाद में जानकारी लेना पड़ता है कि असल में पूरा मामला क्या है । विधायक ने कहा की पतरातु रिजॉर्ट में अगर अज्ञात लोग आपस मे झगड़ा कर रहे है तो उन्हें हमारा समर्थक बता कर हमें बदनाम करने की कोशिश की जाती है । वही जमीन की लड़ाई आजसू कार्यकर्ता और कांग्रेस कार्यकर्ता के बीच है और दोनों रैयत होने का दावा कर रहे हैं ऐसी स्थिति में प्रशासन कागजात प्रस्तुत करने हेतु हस्तक्षेप करती है तो आजसू के लोग सीधा यह आरोप लगाते हैं की विधायक और पूर्व मंत्री के इशारे पर जमीन को हड़पने की कोशिश की जा रहीहै । अम्बा ने कहा कि देश में कानून का राज है कोई किसी का जमीन लूट नहीं सकता है चाहे वह आजसू पार्टी के हो या कांग्रेस पार्टी के । रैयत अपना पक्ष संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष दस्तावेज के साथ रखें जो सही होंगे मैं उनका साथ दूंगी । साथ ही विधायक ने कहा कि गुरुवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव अपने मित्र माइकल से मिलने मेलानी गांव गए थे। आजसू पार्टी द्वारा इस मामले को भी लेकर अफवाह उड़ा दिया गया कि उन्हें बंधक बना लिया गया है जबकि वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि 15-20 महिलाएं सड़क पर खड़ी होकर उनसे बात कर रही है। विधायक ने कहा कि आजसू के लोग जात-पात, झूठ-अफवाह की राजनीति न करें । हम लोग जनता से सीधे संपर्क में हैं, जनता जानती है हमारा व्यवहार और संस्कार कैसा है इसके लिए हमें प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है ।

## कंबल का किया गया वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** दरिया पंचायत भवन में मुखिया बिना मेहता, पंचायत सेवक सुबोध सिंह, पंचायत समिति सदस्य सारो देवी, उप मुखिया भीखनी देवी एवं 12 वार्ड के वार्ड सदस्य एवं गणमान्य लोग के बीच गरीब,असहाय, वृद्धा, विकलांग, लोगों को कंबल दिया गया। कम्बल वितरण के दौरान मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद मेहता, सौरभ कुमार, छत्रधारी मेहता, राजेंद्र, रामप्रसाद, रफीक अंसारी, देवनारायण मेहता, कृष्णा सिंह, मुकेश कुमार, मुंशी साव आदि लोग उपस्थित थे।

## कोटवारडीह पहुंचे सचिव अमिताभ कौशल ग्रामीणों से की बात

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के योजना एवं विकास विभाग के सचिव और 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम हेतु कोडरमा जिले के प्रभारी सचिव अमिताभ कौशल चंदवारा प्रखंड के स्वावलंबन गांव कोटवारडीह पहुंचे। जहां उपायुक्त कोडरमा की पहल से स्वावलंबन गांव पर किये जा रहे कार्यों को अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने सचिव को विस्तार से बताया। उन्होंने गांव के ग्रामीण द्वारा श्रमदान कर नियमित साफ-सफाई, जल संरक्षण की दिशा में किये गये कार्य, पौधारोपण, पौधो को बचाने के लिए टाटी का निर्माण, साक्षरता की दिशा में उठाय गये कदम को बताया। सचिव श्री कौशल ने ग्रामीणों से बात-चीत की। उन्होंने उनके द्वारा कार्यों की प्रशंसा किये। बच्चे से लेकर बुर्जुग तक साक्षर होने पर जोर दिया। मौके पर सचिव के अलावे उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय यादव, अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मांगें पूरी होने के बाद पूर्व विधायक का अनिश्चितकालीन धरना संपन्न



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष 14 सितंबर 2022 से 19 अक्टूबर 2022, लगातार छतीसवाँ दिन तेरह सूत्री मांगों को लेकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के संघर्षो के जनक, विकास पुरुष पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने आंदोलनकारी साथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे थे। यह आंदोलन को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता का आपार जन समर्थन मिलता रहा, फलस्वरूप सभी मागों को जिला प्रशासन ने पूरी की। तेरह सूत्री मांग इसलिए भी पूर्ण हो पाया क्योकि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की जनता एक रणनीति के तहत आंदोलन को लड़ी. ठीक ही कहा गया है कि यदि अधिकार सरकार नहीं देती है तो सत्य और अहिंसात्मक तरीके और संगठन बनाकर ही अधिकार को छीना जा सकता है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन छत्तीस दिनों तक चला और इस दौरान हल्ला बोल कार्यक्रम, जन आक्रोश रैली में हजारों की संख्या लोग अपने नेता और आंदोलनकारियों के आव्हान पर धरना स्थल चलकुशा पहुँचते रहे, तब जिला प्रशासन की गहरी नींद खुली। ज्ञात को तेरह सूत्री मांगों में से हाथियों को अन्यत्र भगाना, हाथियों द्वारा तोडे गए घर के जगह पक्की मकान बनवाना और हाथियों द्वारा नष्ट किये गये फसलों का क्षतिपूर्ति मुआवजा देना ये सभी मांगे 28 वां दिन में वन विभाग द्वारा पूर्ण किया गया। मौके पर पूर्व जिला परिसद उपाध्यक्ष हजारीबाग चन्दन देवी, उप-प्रमुख बरकट्ठा सुरजी देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष चलकुशा आलोक सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि चलकुशा दीपक चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य जयनगर मध्य पवन सिंह, वरिष्ठ नेता बाबुलाल बिहारी, भाजपा नेता सुरेंद्र भाई मोदी, ककरचोली मुखिया अर्चना सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मनैया केदार यादव, मुखिया प्रतिनिधि घरौंजा अजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतड़िहा सूरेश यादव, पंसस प्रतिनिधि उमेश साव, पंसस उमेश ठाकुर, पंसस बाबुलाल यादव, पंसस अनिल यादव, किशोरी पाण्डेय, अर्जुन यादव, रविंद्र यादव, संजय पाण्डेय तथा सैकड़ों की हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीपीएम का धरना, 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के लोगों को आधुनिक मशीन द्वारा सही और त्वरित इलाज हो इसके लिए जिला प्रशासन, डीएमएफटी फंड एवं एनटीपीसी सीसीएल से लाखों रुपया का आधुनिक मशीन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल को दिया गया, लेकिन उसका सही तरीके से उपयोग नहीं होने के कारण आम जनता को उसका लाभ नहीं मिल रहा पा रहा है। अभी हाल ही में अस्पताल को एनटीपीसी ने कई वेंटीलेटर मशीन दीये। वही सीसीएल ने आईसीयू में आधुनिक मशीन लगाने के लिए 95 लाख रुपया दीया। जिला प्रशासन ने डीएमएफटी फंड से लगभग 29 लाख रुपये हृदय रोगियों के लिए एडवांस लाइट सपोर्ट कार्डियक एंबुलेंस खरीदने के लिए दिया। इसके अलावा तीन पोर्टेबल एक्सरे मशीन, एक 600एम एम का एक्सरे मशीन, ईसीजी मशीन, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं डिजिटल बीपी का मशीन एवं आधुनिक मशीन दीया ताकि अस्पताल में आने वाले हजारीबाग, चतरा, कोडरमा के गरीब लोगों का आधुनिक तरीके से सही और त्वरित इलाज हो सके। धरने के माध्यम से अस्पताल में पोस्टेड तमाम डॉक्टरों का रोस्टर सप्ताहिक विभागावार सार्वजनिक करने, अस्पताल के सभी स्थाई अस्थाई कर्मियों को ड्रेस और परिचय पत्र लगा कर रखने, ऑर्थो विभाग में पोर्टेबल एक्सरे मशीन लगाने एवं जिनका हड्डी टूटा है उन्हें फ्री में प्लेट लगाने, अस्पताल का अल्ट्रासाउंड मशीन तत्काल चालू करवाने, अस्पताल के ब्लड बैंक को आधुनिक बनाने एवं उसके लाइसेंस को अपडेट करवाने, भर्ती मरीजों को मीनू के अनुसार खाना देने, अस्पताल के सभी वार्डो को ऑक्सीजन और सक्सन पाइप से तत्काल जोड़ने, अस्पताल में भर्ती एवं ओपीडी मरीज के सभी तरह का जांच अस्पताल में करने, अस्पताल के लिए राज्य सरकार जिला प्रशासन, एनटीपीसी, सीसीएल द्वारा दिया गया वेंटीलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, सक्शन मशीन, डिजिटल बीपी मशीन, तमाम एक्सरे मशीन, सक्शन मशीन इत्यादि अत्याधुनिक मशीन को तत्काल चालू करवाने, एडवांस लाइफ सपोर्ट कार्डियक एम्बुलेंस के लिए जरूरी आवश्यक तकनीशियन को बहाल कर एंबुलेंस को चालू करवाने, अस्पताल के अस्थाई कर्मियों को कोरोना के प्रोत्साहन राशि देने और इनका पीएफ काटने, अस्पताल में एएनएम, जीएनएम, ए ग्रेड नर्स, कंपाउंडर, टेक्नीशियन, वार्ड बॉय की कमी को तत्काल दूर करने, तीन के बजाय छः रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाने सहित 15 सूत्री मांग पत्र उपाधीक्षक शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल को दिया गया। धरने की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू, जिला सचिव ईश्वर महतो ,तपेश्वर राम, विपिन कुमार सिन्हा, विजय मिश्रा, सुरेश कुमार दास ,तौफीक अंसारी , विनोद राणा, सुरेश राम, विनय राम, गंगिया देवी, शांति देवी, गालों देवी, बिंदिया देवी, किरण देवी, शोभा देवी, अंजू देवी, चीकू राम, गणेश महतो, किशोरी महतो, शनिचरा राम, महेंद्र राम सहित इस धरना में पार्टी के कई कार्यकर्ताओ उपस्थित थे।

## बरसोत में उच्च विद्यालय नहीं रहने से बच्चियों की पढ़ाई बाधित

प्रभाकर पाठक



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही से मात्र दस किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 2 के किनारे अवस्थित है बरसोत गांव। यह गांव दो पंचायत को जोड़ता है। दोनो पंचायत को मिलाकर लगभग सात हजार से अधिक की आबादी है,पढ़ाई के लिए सरकार की ओर से एक मध्य विद्यालय की व्यवस्था की गई है। आज देश डिजिटल हो रहा है,पर अफसोस है की अभी तक इस गांव को शिक्षा क्षेत्र से कोसों दूर रखा गया है। जहां शिक्षा नहीं वहां विकास कभी हो नहीं सकता। इसके लिए शासन से लेकर सरकार तक को कई बार अवगत कराया गया परंतु ना तो प्रशासन की कानों में जूं रेंगा और ना ही सरकार इस ओर ध्यान देना उचित समझा। बताते चलें, धोबघट, गिद्दा, पिंडवा, नरसिंहवा, परसातरी, कुटमा, कुरहरिया, जीतपुर, बरसोत, श्रीनगर, बरियटा, चलंगा, मोगड़हा, रानीचुवा के बच्चे बच्चियां उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। रानीचुवा पंचायत के गावों से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तय करने पर करियातपुर में पल्स 2 विद्यालय है। बरसोत में लड़कियों के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय है लेकिन सभी बच्चियों का नामांकन नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे बच्चियां का पठन पाठन में काफी कठनाई होती है। अभिभावक भी अपने बच्चियों को अकेले दूसरे गांव भेजने का खतरा नहीं लेना चाहते हैं।

## एसबीआइ झरपो में पहली बार मिला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का लाभ



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के झरपो भारतीय स्टेट बैंक में जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ पहली बार कबिलासी पंचायत के गाड़ीसाड़म निवासी दिनेश्वर प्रजापति को मिला । इसकी पत्नी नीलम देवी के मृत्यु हो जाने पर क्लेम उनके नोमनी पति को एसबीआई के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार, सहायक श्याम सुंदर, रोकड़ पदाधिकारी रणजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल के द्वारा 2 लाख का जमा खाता का छाया प्रति दिया गया । बता दे कि गाड़ी साड़म निवासी नीलम देवी पति दिनेश्वर प्राजापति का एसबीआई झरपो का ग्राहक सेवा केंद्र कविलासी में खाता था और प्रत्येक वर्ष बीमा की राशि कटती थी । सीएचपी संचालक मुक्ता गिरी के पास प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाया था। नीलम देवी की मौत हजारीबाग सदर अस्पताल में दिनांक 5 जुलाई 2022 को डिलीवरी के दौरान मृत्यु हो गई थी जो कि आज किया हुआ बीमा से उसके पति दिनेश्वर प्राजापति को 2 लाख झरपो एसबीआई शाखा से सीधे नोमनी के खाते में आ गया है । नीलम देवी के तीन पुत्री है जिसके देखते हुए गांव के महिला समूह के सदस्य कविता देवी के सहयोग से बीमा का लाभ मिला। झरपो एसबीआई शाखा प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि यह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा हर बैंक के धारक को हर वर्ष 420 रुपया का बीमा करवाना चाहिए ।इसका लाभ भविष्य में काम आएगा इस अवसर पर छोटन शर्मा समेत बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## केरेडारी में जनहित सेवा सदन नर्सिंग होम का उद्घाटन



**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** प्रखण्ड के केरेडारी स्थित राम जानकी मंदिर के समीप जनहित सेवा सदन नर्सिंग होम का उद्घाटन गुरुवार को क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया । इस नर्सिंग होम के उद्घाटन के बाद विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा की इस क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा । वहीँ नर्सिंग होम के संचालक भाजपा नेता नरेश महतो ने बताया की यहाँ पर अच्छे चिकित्सकों के द्वारा लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराइ जायेगी । साथ ही यहाँ जटिल बिमारियों का भी सफल ऑपरेशन किया जायेगा । मौके पर विधायक अम्बा प्रसाद, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार,बद्री नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह,अमित प्रसाद गुप्ता,रामकृष्ण राणा,रामजीवन साव,कुलदीप महतो, नितीश कुमार,अनीता देवी,सुनीता देवी,गुरुचरण साव व भुवनेश्वर साव सहित कई लोग मौजूद थे ।

## जदयू प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर और एसपी को ज्ञापन सौंपा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधि मंडल आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें डुमरौन पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी चोहन महतो को पिछले दिनों अपराधियों के द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी संबंधी बातें कहीं गई। दूरभाष संख्या 7870 429 074 से 30 सितंबर, 9 अक्टूबर एवं 14 अक्टूबर को पैसे की मांग की गई। नही देने पर जान से मार देने की धमकी दी गई। इसके पूर्व में भी 3 मई 2017 को नगवां पुल पर मुखिया पुत्र सह व्यवसाई दिनेश मेहता पर भी गोली चलाई गई थी। उस समय भी इचाक थाने में लिखित आवेदन दिया गया था। उस वक्त भी अपराधी पकड़ से बाहर रहे और अभी भी धमकी देने वाले पुलिस के पकड़ से बाहर बेखौफ घूम रहे हैं। इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है और अपराधी बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं। इससे इस क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। पत्र के माध्यम से जदयू जिलाध्यक्ष अर्जुन मेहता ने प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं पूरे परिवार के सुरक्षा की मांग की है। इस संदर्भ में अर्जुन मेहता ने कहा कि इस परिवार के साथ अगर कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की ही होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला सचिव भीम मेहता समेत अन्य शामिल थे।

## जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने सफाई जागरूकता अभियान चलाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय हजारीबाग के एनएसएस इकाई द्वारा सफाई जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान को महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार एवं सचिव शंभू कुमार ने सफाई अभियान की सार्थकता को बताते हुए विद्यार्थियों को हजारीबाग नगर की सफाई के लिए रवाना किया। जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के बीए सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भारी संख्या में भाग लिया। विद्यार्थी नगर भ्रमण करते हुए नगर वासियों को जागरूक किया और प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का आह्वान किया। इस अभियान को चलाते हैं विद्यार्थी काफी सजग दिखे और उत्साह से भरे हुए थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर विद्यार्थियों को नेतृत्व कर रहे थे। साथ ही साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रंजन कुमार, विनय कुमार, दयानंद कुमार, रितु कुमारी, दीपेंद्र कुमार, नीलिमा कुजुर, पूनम कुमारी, अनिता कुमारी, अजीत प्रसाद, उर्मिला कुमारी आदि शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दलित युवक की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन



**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** प्रखण्ड के पचड़ा निवासी दलित युवक सीटन भुइयां हत्याकांड के संलिप्त आरोपियों की गिरफ़्तारी व पीड़ित परिवार की न्याय की मांग को लेकर अखिल भारतीय भुइयां समाज के द्वारा केरेडारी थाने का घेराव किया गया । घेराव से पूर्व भुइयां समाज के कार्यकर्त्ता कृषि फॉर्म मैदान में एकत्रित हुए व रैली की शक्ल में केरेडारी थाना पहुंचे व कार्यक्रम धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया । प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान पुलिस प्रशासन हाय हाय के नारे भी लगाये धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बारी बारी से अपने सम्बोधन में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया तथा हत्या में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ़्तारी व दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलवाने की मांग की । सभी लोगों ने पुलिस प्रशासन से बाकि बचे हुए आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है । कार्यक्रम के बाद प्रदर्शन कारियों ने केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई को लिखित मांगपत्र भी सौंपा है मौके पर अखिल भारतीय भुइयां समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष शारदा ऋषि, ननुलाल भुइयां, बिहारी पासवान, महेंद्र राम, रंजीत राम,बालेश्वर राम, बुचन भुइयां, दिलीप राम, शाहिद उर्फ सोनू इराकी, हेमन्त भुइयां, प्रभु राम,महावीर राम, दीपक दास, संजय राम, रामचन्द्र राम, दिनेश राम सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे ।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# जनता के घर जाकर योजनाओं का लाभ दे रही है सरकार : ममता देवी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के होनहे पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, बीडीओ रविन्द्र कुमार, सीओ पंकज कुमार, सीडीपीओ पूनम कुमारी, दुलमी प्रमुख व उप प्रमुखका स्वागत लोटा में पानी व अक्षत व पुष्प वर्षा कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घघाटन किया गया। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा सरकार झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के सोच और उनके अनुरूप कार्य कर रही है और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हजारों हजार झारखंड के गरीब लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है इस कार्यक्रम में रोजगार सृजन के कई योजनाओं को जोड़ा गया है जिसमें फूलों झानो योजना के तहत हडिया दारू बेचने पर मजबूर थी वैसी हजारों महिलाओं को सरकार के द्वारा सहयोग राशि देकर अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही राशन कार्ड वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन प्रधानमंत्री आवास सहित अंचल से जुडी समस्या सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों को मिलता है। इस तरह से अनेकों निर्णय झारखंड सरकार ले रही है। मौके पर समजसेवी बजरंग महतो, होन्हे पंचायत के मुखिया, सोसो मुखिया उर्मिला देवी, कुल्ही मुखिया, इचातु मुखिया, रविकांत कुमार, हेमलाल, राजकुमार, महेंद्र ओहदार, राजन कुमार, शराफत अंसारी, दूधेश्वर कुमार, अरविंद कुमार, लिलेश्वर महतो, महताब, छोटन, विकास, उत्तम, आरिफ हुसैन, जाहिर अंसारी व सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हजारों गरीब लोगों को मिल रहा लाभ : ममता



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसापोडा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे बाजार टांड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा शामिल हुई ।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया । मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक ने कहा कि हमारी झारखंड की वर्तमान जेएमएम, कांग्रेस एवं राजद की महागठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के सौंच के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हजारों हजार झारखंड के गरीब लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में रोजगार सृजन के कई योजनाओं को जोड़ा गया है ।जिसमें फूलों झानो योजना के तहत हडिया दारू बेचने पर मजबूर थी ।वैसी हजारों महिलाओं को सरकार के द्वारा सहयोग राशि देकर अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही राशन कार्ड वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन प्रधानमंत्री आवास सहित अंचल से जुडी समस्या सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों को मिलता है। इस तरह से अनेकों निर्णय झारखंड की हेमंत सोरेन की महागठबंधन की सरकार ले रही है। मौके पर नोडल अधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी डी डी सी नागेन्द्र सिन्हा,सीओ उदय कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर, मुखिया अंजली तिर्की, पंचायत के सभी पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## ट्रैक्टर संचालक संघ की बैठक



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** ट्रैक्टर संचालक संघ की बैठक गिद्दी दुर्गा मंडप के प्रांगण में किया गया जिसकी अध्यक्षता नंदलाल महतो संचालन श्री मनोज राम ने किया बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र के माध्यम से मांग किया कि दाढ़ी प्रखंड के विभिन्न गांव में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की गति बालू आपूर्ति नहीं होने से विभिन्न योजनाएं अवरुद्ध है जैसे पीसीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण जैसे विभिन्न योजनाएं बंद पड़ी हुई है और जिसके कारण ट्रैक्टर संचालक एवं मजदूरों के सामने जिवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है इसलिए इसलिए सरकार से नियम संगत के तहत बालू उठाव के लिए ट्रैक्टर संचालक संघ निम्नलिखित मांग करती है 1 प्रशासन के द्वारा बालू उठाव पर तत्काल रोक हटाया जाए, 2 प्रखंड स्तर पर बालू चालान की व्यवस्था की जाए, 3 ट्रैक्टर संचालक और मजदूरों को रोजगार की व्यवस्था किया जाए।

## अभी भी कई अवैध कोयला उत्खनन सुरंग है जिसका सीधा कनेक्शन ईंट भट्ठा से



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल प्रबंधन ने कुजू कोलियरी की बंद पड़ी 7/8 सीम भूमिगत खदान के समीप छोटेलाल करमाली की मौत वाली अवैध कोयला उत्खनन सुरंग की डोजरिंग की। सीसीएल प्रबंधन- सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को दूसरे दिन डोजर के सहारे अवैध सुरंगो का मिट्टी पत्थर डालकर डोजरिंग की गई। इस दौरान काफी संख्या में मौजूद आसपास के ग्रामीणों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही से ही छोटेलाल करमाली की मौत हुई है। काश, उक्त अवैध कोयला उत्खनन में यह डोजरिंग अभियान छोटेलाल की मौत से पूर्व, होती तो निश्चित ही उसकी जिंदगी बच सकती थी। ग्रामीणों ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि नदी किनारे और पानी टंकी के नीचे अभी भी कई अवैध कोयला उत्खनन सुरंग है। जो पास स्थित आधा दर्जन ईंट भट्ठा में कोयला खपत होता है। जब तक यह गोरखधंधा पर अंकुश नहीं लगेगा तो ऐसे ही मौत जारी रहेगी। वही, कुजू कोलियरी स्थित पानी टंकी के नीचे एक और सीसीएल की बन्द पड़ी एक खदान में भी डोजरिंग की गयी। डोजरिंग अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी संजय सिंह, हेमंत सिंह, निशांत सिंह, इंस्पेक्टर जानकी भुईयां, खुखन रविदास, अजय कुमार, डोजर ऑपरेटर नूर मोहम्मद समेत कई सुरक्षा विभाग कर्मी मौजूद रहे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन की रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। खनन पदाधिकारी ने जिले के हंटरगंज प्रखंड में गुरुवार को छापेमारी अभियान चलाया। खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाई गई। जोरी और हंटरगंज थाना क्षेत्र में नीलांजन नदी घाटों की जांच की गई। जांच के क्रम में हंटरगंज थाना क्षेत्र में दो ट्रैक्टर नदी से बालू लोड करते हुए पकड़ा गया है। जिसे विधिवत जप्त कर हंटरगंज थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में खनिज के अवैध खनन के रोकथाम हेतु जिले के अलग अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन कर रहे माफियों को बक्सा नहीं जाएगा।

## जुबली कॉलेज में विनोबा भावे अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

# झुमरीतिलैया को हराकर जुबिली कॉलेज बना चैंपियन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में गुरूवार को विनोबा भावे अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जुबिली कॉलेज शाशि निकाय के सचिव रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने दीप प्रज्जवलित कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग बनाम जेजे कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें जेजे कॉलेज 12 पावंट और एक इनिंग से विजेता बनी। दूसरा मैच संत कोलंबंस बनाम जुबिली कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें जुबिली कॉलेज की टीम एक इनिंग और 12 पावंट से विजेता बनी। वहीं फाइनल मैच जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया बनाम आयोजक जुबिली कॉलेज के बीच मैच खेला गया। जिसमें जुबिली कॉलेज की टीम ने जेजे कॉलेज को 21/13 से हराकर छठी बार अंतर महाविद्यालय खो-खो (पुरूष) प्रतियोगिता का चैम्पियन बन इतिहास रच दिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए जुबिली कॉलेज के कृष्णा मुंडा को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। विजेता-उपवितेता टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है, इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में अपना कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। वहीं इसके पूर्व कॉलेज प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू का बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर समाजसेवी डब्लू सिंह, सलील मोहन सिन्हा, उमाशंकर जायसवाल, इम्तियाज अली सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रामगढ़ जिला खो-खो एसोसिएशन के मो. कमरूद्दीन सहित रोशन उरांव, रामचंद्र महतो, अभय मुंडा, भास्कर मुंडा, विजयानंद कुमार का विशेष योगदान रहा।

## श्रमिक संघ ने सीसीएल प्रबंधन को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ द्वारा गुरूवार को सीसीएल कुजू कोलियरी प्रबंधन को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। साथ ही, बैठक कर प्रबंधन को जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की मांग की। मांग पत्र में कुजू कोलियरी से श्रीराम चौक तक सड़क दुरूस्त कराने, सीएसआर के तहत मुरपा शमसान घाट में शेड निर्माण व खिलाड़ियों के खेल के लिए तरवाटांड़ मैदान का सुंदरीकरण कराने आदि शामिल है। जिस पर प्रबंधन सभी समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा कराने आश्वासन दिया। बैठक में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, मनोज कुमार महतो, रोहित रंजन, दिलीप कुमार, कोलेश्वर महतो, ओम प्रकाश पटेल, पप्पू सोनी, छेदी महतो व प्रबंधन की ओर से पीओ अनिल कुमार जैन, कार्मिक प्रबंधक जवाई कामड़े, प्रभारी खान प्रबंधक निशांत कुमार सिंह, अरनव पॉल, आरपी रजक आदि शामिल रहे।

## डीएवी बरकाकाना प्रांगण में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी समूह दो के नेशनल स्पोर्ट्स का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल नया नगर बरकाकाना के विद्यालय परिसर में किया गया ।समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह सपत्नी उपस्थित रहे ।छेत्रिय पदाधिकारी सह डीएवी बरकाकाना प्राचार्या डॉ उर्मिला सिंह ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत किया ।मुख्य अतिथि व प्राचार्या डॉ सिंह ने अमर जवान शहीद स्थल पर पुष्पगुच्छ अर्पित किया ।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया ।प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट व शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया ।मुख्य अतिथि ने तिरंगा गुब्बारे को हवा में उड़ाकर प्रतियोगिता का पहला खेल कबड्डी का विधिवत उदघाटन किया ।प्रतियोगिता का पहला कबड्डी मुकाबला डीएवी बरकाकाना एवम डीएवी भरेच नगर के बीच आयोजित की गई ।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा खेल को खेल भावनाओं के साथ खेलना चाहिए क्योंकि खेल का हमारे जीवन मे बहुत महत्व है ।वही विद्यालय प्राचार्या ने कहा खेल सिर्फ खेल नहीं बल्कि अपनी ब्यक्तित्व के साथ शारिरिक व मानसिक शक्ति के छ्मता प्रदर्शन है ।बताते चलें कि प्रतियोगिता में अठारह विद्यालय के खिलाड़ी नौ खेलों में अपना दम भरेंगे।

## पतरातू में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसमें ग्रामीण लाभ लेने का भरपुर प्रयास करें। ताकि सरकार की प्रयास को सफल किया जा सकें। यह बातें झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा। वे गुरुवार को प्रखंड के जयनगर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इसके साथ ही पतरातू सीओ शिवशंकर पाण्डेय, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया हीरा देवी, बीसीईओ राजेश एक्का, पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी ओर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रात्साहित किया। इसके साथ कार्यक्रम करीब 16 की संख्या में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे हुए थे। इसमें ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग क द्वारा सावित्री बाई योजना के तहत 10 बच्चियों को 5-5 हजार रुपए के सर्टिफिकेट दी गई। इसके साथ ही फुलो झानों आशिर्वाद योजना के तहत वैसे दो ग्रामीण महिलाओं को भिखनी देवी पति स्व जगदीश मुंडा व अनीता देवी पति महावीर मुंडा को इस बात के लिए 10-10 हजार रुपए दी गई कि वे शराब बेचने का धंधा छोड़कर अपने जीवन यापन के लिए दूसरा काम करेंगी। इस मौके पर उदय अग्रवाल, कयुम अंसारी, शौकत अंसारी, ईस्लाम अंसारी, उतम कुमार, अरबिन्द गिरी, नरेश राम, विमला देवी, ब्रह्मदेव प्रजापति, अभिलाषा प्रसाद, विजेन्द्र मुंडा, नागेश्वर मुंडा, गुड्डु कुमार, दशरथ ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मामला ओपी क्षेत्र के ओरला स्थित सीएमपीडीआई कैंप गेट के समीप गुरुवार की देर संध्या की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, करियातपुर बरही हजारीबाग निवासी अनुज प्रसाद कुशवाहा(32 वर्ष) पिता अर्जुन प्रसाद कुशवाहा अपने पैशन प्रो बाइक संख्या जेएच02एवी-9947 पर सवार होकर उक्त मार्ग पर गुजर रहे थे। इसी दौरान कैंप गेट के पास अज्ञात हाईवा की चपेट में आकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गयी।

# सराढु में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उपायुक्त ने दीप जलाकर किया उद्घाटन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के सराढु पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उपायुक्त अबु इमरान,बीडीओ रंथू महतो,सीओ विजय कु दास,मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,उतरी जिप सदस्य देवंती देवी,मुखिया सीता देवी,उपमुखिया राजेश साव,उप प्रमुख जितेंद्र सिंह,ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पंचायत के अलावे आसपास के ग्रामीण,जनता बुद्धिजीवी,समाजसेवी,गरीब असहाय सरकार द्वारा लगाया गये शिविर में भाग लिये। सभी प्रकार की विभागीय स्टॉल में अपनी समस्या का निराकरण जनता ने पाया।इस मौके पर जानकारी देते हुये बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि विभिन्न विभागों से आये कुल 618 मामलों में 469 मामले त्वरित निष्पादित किया गया। शेष बचे ऑफलाइन 149 आवेदन एव 7 ऑनलाइन आवेदन को ब्लॉक में जांचोपरांत समाधान करने बात कहि गयी,उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यक्रम में सबसे अधिक स्वास्थ्य एव पोषण में 150,आवास में 95 वृद्ध एव विधवा पेंशन में 89,राशन कार्ड में 47 लोगो की आवेदन को सरकार स्वीकार किया।इसके अलावे अन्य विभागों का आवेदन आये। ग्रामीण भरपूर उत्साहित होकर लाभान्वित लिया है।वही जनता ने कई मामलों का समाधान पाकर खुशी महसूस किया।तथा सरकार को लोगो ने आभार जताया। जनप्रतिनिधियों सहित आमलोगों का भी इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग मिला। इस मौके जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो आशिक, जेएमएम प्रखण्ड सचिव सुनील साव, आरजेडी नेता नीरज तिवारी, ब्लॉक कर्मी परवेज आलम, मुखिया सीता देवी, सुबाष सिंह, देवंती देवी, सुनीता देवी, बंसत प्रजापति, महेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, अमृत ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ हुये।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों से रहें सावधान मिलावट करने वालों की दें जानकारी : दीपश्री



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन के निर्देश पर गुरुवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री के द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दिपश्री के द्वारा शहर के कांकेबार क्षेत्र में मां काली होटल, शिवगंगा लाइन होटल, कुशवाहा होटल, रामगढ़ कॉलेज के समीप संतुष्टि स्वीट्स, आरके ढाबा, रामगढ़ बकॉक के समीप यादव होटल, बस स्टैंड के समीप खुशबू स्वीट, सुभाष चौक के समीप पूनम स्वीट्स, गोकुल स्वीट्स, नईसराय चौक के समीप सिद्धि स्वीट्स, निखिल स्वीट्स एवं रामगढ़ कॉलेज के समीप श्रवन होटल में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। इस दौरान नियमानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों का संचालन नहीं करने के कारण मां काली होटल को 4 हजार, आरके ढाबा को 4 हजार, यादव होटल को 4 हजार एवं खुशबू स्वीट्स को 3 हजार का चालान किया गया। वहीं, संतुष्टि स्वीट्स, पूनम स्वीट्स, गोकुल स्वीट, सिद्धि स्वीट्स एवं निखिल स्वीट्स से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया। जिसके उपरांत सैंपलों को जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला में भेजा गया। मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी जिले वासियों से त्यौहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने एवं इससे संबंधित उपायों के प्रति सभी को जानकारी दी। वहीं जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों के फूड लाइसेंस व पंजीकरण की भी जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## वत्सल हुंडई रामगढ़ में सर्विस चेकअप कैंप का शुभारंभ



**रामगढ़।** वत्सल हुंडई सर्विस सेंटर रामगढ़ के ओर से दीपावली फ्री कार केयर कैंप का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस कैंप का उदघाटन कैंप में आए कस्टमर के द्वारा किया गया। यह कैंप आगामी 30 अक्टूबर तक चेलगा। इस कैंप में गाड़ियों मे आकर्षक छूट दी जा रही है। साथ ही गाड़ियों की उम्र के हिसाब से कस्टमर को छुट दी जाएगी। 3 साल से 5 साल तक कि कार में 10 प्रतिशत की छुट और 5 साल से बाद की कार में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी इसके साथ ही वैल्यू एडेड सर्विसेस में भी 10 प्रतिशत की छूट दी जायगी। मौके पर कंपनी के बिजनेस हेड आदित्य कुणाल, जनरल मैनेजर विकाश अग्रवाल, सर्विस मैनेजर सुमन सिंह, कस्टमर केयर मैनेजर निशी सिंह, अमृता, गीता, आराधना, मंजय, शनवाज, साबिर, प्यारे, श्रीधर, मनोज, रत्तन एवम कस्टमर आदि शामिल थे। आदित्य कुणाल ने कस्टमर को दिवाली की बधाई दी और कहा कि कस्टमर अब घर बैठे ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से अपनी कार का बुकिंग कर सकते है और हुंडई मोबिबिलिटी एप्लीकेशन के माध्यम से अपनी कार की बहुत से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पलानी झरना तक बनेगा पथ, पर्यटन स्थलों के लिए लगाये जायेंगे स्मार्ट साइनेज बोर्ड

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रो में पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं, पूर्व में चिन्हित पर्यटन स्थलों पर पहुंच पथ सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा पतरातू प्रखंड अंतर्गत पलानी झरना पर्यटन स्थल तक पहुंच पथ निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत योजना बनाई गई है। वही, जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों यथा पतरातु लेक रिजॉर्ट, पलानी झरना, मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा, मायाटुंगरी पहाड़ सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर एवं पर्यटन स्थलों के एंट्री पॉइंट पर स्मार्ट साईनेज बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया है।



### पर्यटन स्थलों पर स्मार्ट साइनेज बोर्ड स्थापित करने का निर्देश

पलानी झरना पर्यटन स्थल तक पहुंच पथ निर्माण के लिए डीसी माधवी मिश्रा ने जिला अनाबद्ध निधि पर्यटन संवर्धन सहित अन्य मद के माध्यम से जल्द से जल्द अन्य प्रक्रियाएं पूरी करते हुए निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया है। वही, विभिन्न पर्यटन स्थलों पर एवं एंट्री पॉइंट पर स्मार्ट साइनेज बोर्ड स्थापित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने जिओ टैग की प्रक्रिया पूरी करने सहित अन्य कार्यों को पूर्ण करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

### क्यूआर कोड को स्कैन कर पर्यटन स्थल पर ले सकते हैं जानकारी

गौरतलब हो कि रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों पर एवं पर्यटन स्थलों के एंट्री पॉइंट पर स्मार्ट साईनेज बोर्ड लगने के उपरांत कोई भी पर्यटक स्मार्ट साईनेज बोर्ड पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन कर पर्यटन स्थल से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां कई अन्य भाषाओं में प्राप्त कर सकेंगे।

## किसान संगठन की वार्षिक आमसभा आयोजित



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला दर्पण प्रडूसर कम्पनी लिमिटेड के द्वारा गुरुवार को झींझरी टांड़ में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वित्तिय वर्ष 2021-22 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। एक वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी दी गयी। डीडीएम नाबार्ड उपेंद्र कुमार साह ने एफपीओ से जुड़ने से क्या क्या फायदा किसानो होगा इसपर विस्तृत जानकारी दिया। एलडीएम ने बताया कि केसीसी में सही रूप से लेन देन करने पर ब्याज कम लगता है। साथ ही आने वाले पीढ़ी को भी बैंक से लोन लेने में कोई दिक़्कत नही आती है। डॉक्टर दुष्यंत राघव ने कहा कि वर्तमान में किसान आलू की बुवाई से पहले बीज उपचार करने तथा बुवाई में हो रहे रोग से निजात हेतु दवाई का जानकारी दी। साथ ही धान कटनी के बाद उस खेत में चना, सरसों ,मटर आदि की खेती करने हेतु किसानो के प्रेरित किया । पूर्व सैनिक सह किसान यूनियन संघ के चतुर्भुज कश्यप ने किसानो के साथ व्यापारी द्वारा हो रहे शोषण एवं किसान के संगठन रहने से फायदा का विस्तृत जानकारी दिया। मंच का संचालन व समापन कम्पनी के एमडी नव कुमार महतो द्वारा किया गया। बैठक को सफल बनाने में कम्पनी सदस्य सुरेंद्र महतो, ब्रज किशोर महतो ,मनोज महतो, अनिल कुमार महतो ,कुलेश्वर महतो , अनिता देवी, भद्रु सिंह, शांति देवी ,आशा देवी ,उषा देवी ,दीपक कुमार पटेल, बिनोद कुमार का योगदान रहा।

## गोला पत्रकार संघ का कमिटी गठित

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड पत्रकार संघ की बैठक गुरुवार को डाकबंगला कॉम्प्लेक्स परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता सुजीत कुमार सिन्हा ने की ।इस दौरान पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई ।साथ ही संगठन की मजबूती के लिए एक अस्थायी कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया ।जिसमें अध्यक्ष लालकिशोर महतो, सचिव मनोज मिश्र, कोषाध्यक्ष जितेंद कुमार एवं सह सचिव मोबिन अख्तर को बनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पत्रकारों को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाया गया ।मौके पर प्रदीप वर्मन, छेदी लाल दास, अंजनी कुमार, श्रीकांत महतो, संतोष महतो, अशफाक अहमद, सत्यप्रकाश आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस का नया दौर

आखिर कांग्रेस पार्टी को एक नया, पूर्णकालिक, निर्वाचित और गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष मिल गया। करीब 89 फीसदी वोट पाकर मल्लिकार्जुन खड़गे अध्यक्ष घोषित किये गये। उनके इकलौते प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को भी एक हजार से ज्यादा वोट मिले, जो निश्चित रूप से उनकी उपलब्धि कही जायेगी। खास तौर पर इस तथ्य के मद्देनजर कि कांग्रेस अध्यक्ष के पिछले कुछ चुनावों में कभी पराजित प्रत्याशियों को इतने वोट नहीं मिले। पार्टी के सामने जहां इन चुनावों को निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाने की चुनौती थी, वहीं यह भी सुनिश्चित करना था कि चुनाव पार्टी के अंदर स्थायी किस्म की कड़वाहट न पैदा कर दे। कहना होगा कि पार्टी कमोबेश इन दोनों उद्देश्यों को पूरा करने में कामयाब रही। चाहे चुनाव से पहले वोटर लिस्ट दिखाने की मांग हो या चुनावों के दौरान आयी एकाध शिकायतें, पार्टी की चुनाव समिति ने इनका सही समय पर उचित ढंग से निपटारा किया। एकाध बयानों को छोड़ दें तो दोनों पक्षों ने चुनाव प्रचार करते हुए इस बात का ख्याल रखा कि किसी के खिलाफ व्यक्तिगत आरोप न लगाये जायें। सबसे बड़ी बात यह रही कि गांधी परिवार ने किसी एक प्रत्याशी का खुल कर पक्ष लेने से परहेज किया। इन सबका मिला-जुला परिणाम रहा कि जहां खरगे पार्टी में असंतुष्ट ग्रुप जी 23 के सदस्य माने जाने वाले नेताओं का समर्थन जुटा पाये, वहीं शशि थरूर ने चुनाव नतीजे आने के बाद हार स्वीकार करते हुए कहा कि यह सही मायने में पार्टी में सुधारों की शुरुआत है। कुल मिला कर देखा जाये तो पार्टी अध्यक्ष के ये चुनाव न केवल कांग्रेस पार्टी में नयी ताजगी ला सकते हैं, बल्कि देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी एक प्रस्थान बिंदु साबित हो सकते हैं। इनसे पार्टी के अंदर आंतरिक लोकतंत्र की जरूरत नये सिरे से स्थापित हुई है और अन्य पार्टियों पर भी इस तरह के संगठनात्मक चुनाव करवाने का पॉजिटिव दबाव बनना शुरू हुआ है, लेकिन इन सबका मतलब यह नहीं है कि एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर कांग्रेस की आगे की चुनौतियां आसान हुई हैं या उसकी राह के कांटे कम हो गये हैं। नये अध्यक्ष खड़गे के सामने गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों की तात्कालिक चुनौती है, तो राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट विवाद को तर्कसंगत ढंग से सुलझाने की जिम्मेदारी भी है। 2024 के लोकसभा चुनाव तो उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी कसौटी के रूप में मौजूद हैं ही। उम्र को अब तक उनका एक माइनस प्वाइंट बताया जा रहा था, लेकिन इसी से निकला अनुभव आगे की चुनौतियों से जूझने में उनका सबसे बड़ा सहायक बनने वाला है। चाहे पार्टी के अंदर निचले स्तर तक फैली गुटबाजी से निपटने की बात हो या अन्य विपक्षी दलों से तालमेल बनाने की, खरगे का लंबा राजनीतिक अनुभव कांग्रेस के काफी काम आ सकता है। देखना है कि वह इसका कितना सकारात्मक इस्तेमाल कर पाते हैं और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल उनसे कितना लाभान्वित हो पाते हैं।

**नये अध्यक्ष खड़गे के सामने गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों की तात्कालिक चुनौती है, तो राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट विवाद को तर्कसंगत ढंग से सुलझाने की जिम्मेदारी भी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक रिपोर्ट के अनुसार चीन में लड़कियों की तुलना में 3 करोड़ 50 लाख अधिक लड़के हैं, जिससे अपने घर के मालिक लड़कों की मांग ज्यादा होने लगी। इसे देखते हुए किसी एक व्यक्ति के लिए मकान खरीदने में उसके माता-पिता, संबंधी यहां तक कि मित्र लोग भी पैसे दिया करते थे, जिससे वह अपना मकान खरीद सके। ऐसा इसलिए होने लगा कि मकान की मांग और दाम अचानक आसमान छूने लगे, पूरी दुनिया में मकानों को लेकर चीन की स्थिति बहुत बदतर थी।**

# सबसे बुरे दौर में पहुंची चीन की अर्थव्यवस्था

बलबीर

चीन में बढ़ती बेरोजगारी दर के साथ-साथ चीन की अर्थव्यवस्था समय के साथ सुस्त पड़ती जा रही है। इसके पीछे चीन का पश्चिम से होड़ करना और अपने यथार्थ बाजार को न देखना, सरकारी नीतियों का खोखलापन और भ्रष्टाचार बड़ा कारण है। पश्चिमी देश अपने क्षेत्रों में जो भी परियोजनाएं चलाते हैं उसके पीछे अर्थशास्त्र की मांग और आपूर्ति का सिद्धांत काम करता है, लेकिन चीन में आपूर्ति का लक्ष्य तय किया गया, वहीं बाजार में मांग का ध्यान नहीं रखा गया।

करीब 4 दशक पहले जब चीन माओ के कृषि आवरण से निकल कर तंग श्याओ फिंग की योजना अनुसार अपना आकार और स्वरूप बदल रहा था तब उस समय चारों तरफ वातावरण में आशावाद भरा था और लोग अपनी किस्मत आजमाने के लिए गांवों से बाहर निकल कर शहरों का रुख करने लगे थे। वे खेती-किसानी छोड़ कर कल कारखानों में जाने लगे थे।

इस बदलाव ने चीन की दिशा तय की थी, जिसकी वजह से चीन ने विश्व की दूसरी महाशक्ति बनने तक का सफर तय किया।

शहरों में युवाओं के पास मकान होने का अर्थ उनकी आर्थिक मजबूती थी, विवाह के बाजार में ऐसे लड़कों की मांग बहुत अधिक थी, जिनके पास खुद का मकान और गाड़ी होती थी।

वहीं चीन में लागू हुई 'वन चाइल्ड पॉलिसी' के कारण लड़कों-लड़कियों के अनुपात में बहुत बड़ा अंतर आ गया है।

**चार ग्रामीण बैंकों के दिवालिया होने से चार लाख लोग अपने जमा पैसों को निकाल नहीं सकते हैं।**



**चीन का नीचे जाना दुनिया के लिए एक सबक होगा कि एक देश पर कितना भरोसा किया जाये, वैश्वीकरण की प्रक्रिया आगे चलेगी या इसके विकल्प ढूंढे जायेंगे, स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा या वैश्वीकरण को गति मिलेगी, एक देश की मंदी का असर पूरी दुनिया की आर्थिक गति पर होगा इसे देखते हुए बाकी देश क्या अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था को हर तरह से आत्मनिर्भर बनायेंगे?**

एक रिपोर्ट के अनुसार चीन में लड़कियों की तुलना में 3 करोड़ 50 लाख अधिक लड़के हैं, जिससे अपने घर के मालिक लड़कों की मांग ज्यादा होने लगी। इसे देखते हुए किसी एक व्यक्ति के लिए मकान खरीदने में उसके माता-पिता, संबंधी यहां तक कि मित्र लोग भी पैसे दिया करते थे, जिससे वह अपना मकान खरीद सके। ऐसा इसलिए होने लगा कि मकान की मांग और दाम अचानक आसमान छूने लगे, पूरी दुनिया में मकानों को लेकर चीन की स्थिति बहुत बदतर थी।

लेकिन ऐसे हालात का फायदा उठाकर एवरग्रांडे, कंट्री गार्डन, सोहो, पोली, शिमाओ जैसी तमाम रियल एस्टेट कंपनियां उभरने लगीं। लोग इसमें पैसा लगाने लगे और मकानों के दाम बढ़ने के साथ चीन की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने लगी। चीनी लोग अपना 70 फीसदी पैसा रियल एस्टेट में निवेश करने लगे, हाऊसिंग सेक्टर में वर्ष 2020 तक 2 खरब 70 अरब डॉलर की बिकवाली हुई थी। हाऊसिंग सेक्टर में चीन की सकल घरेलू उत्पाद का 30 फीसदी पैसा लगने लगा।

एक तरफ जहां चीन सरकार रियल एस्टेट को चढ़ते हुए देख रही थी, तो वहीं सरकार हाई स्पीड ट्रेन परियोजना में पैसा लगा रही थी, वर्ष 2008 की आर्थिक मंदी के तुरंत बाद चीन सरकार ने इसमें पैसा लगाया, यह एक बड़ी परियोजना थी, लेकिन सरकारी नीति के तहत बाजार की अनदेखी कर सिर्फ रेलवे नेटवर्क बढ़ाने पर ध्यान दिया गया, जिसके तहत व्यावसायिक रूट पर रेलवे लाइन न बिछा कर ऐसे शहरों में स्टेशन बनाये गये, जहां पर ज्यादा यात्री नहीं जाते थे।

इस परियोजना के लिए बैंक, स्थानीय प्रशासन और लोगों के लिए बांड्स जारी किये गये जहां से सरकार ने इस परियोजना के लिए पैसे लिये। हालांकि इससे कई लोगों को रोजगार मिला और सीमेंट, स्टील उद्योग को भी आगे बढ़ने का सहारा मिला, लेकिन इस परियोजना में रेलवे को जो कमाई हो रही थी, उससे कहीं अधिक बैंकों और दूसरे जरिए से उधार लिये गये पैसों का ब्याज जा रहा था, यानी कमाई से ज्यादा खर्चे हो रहे थे।

वर्ष 2021 तक इस परियोजना पर सरकार की देनदारी 900 अरब डॉलर की बन रही थी, यानी चीन की सकल घरेलू उत्पाद का 5 प्रतिशत बन रही थी, जबकि कमाई इससे कहीं कम थी। कोविड महामारी से यह नुकसान और बढ़ गया, तब सरकार ने 300 अरब डॉलर के अलग रेलवे बान्ड जारी किये, लेकिन घाटे में चल रही हाई स्पीड रेलवे को इसका कोई फायदा नहीं मिला।

4 ग्रामीण बैंकों के दिवालिया होने से 4 लाख लोग अपने जमा पैसों को निकाल नहीं सकते, लेकिन प्रशासन की जिद के चलते इन बदतर होते हालात में कोई परिवर्तन दिखायी नहीं दे रहा है। जो देश कभी तेजी से आगे बढ़ रहा था, अब उसकी व्यवस्था में बड़ी दरारें नजर आने लगी हैं। लोगों का भरोसा सरकार से उठता जा रहा है। आने वाले कुछ वर्ष चीन के लिए मुश्किल भरे होंगे, दुनिया पर इसका बड़ा असर होगा खास कर उन देशों की अर्थव्यवस्था पर जो चीन से बड़े पैमाने पर आयात निर्यात करते हैं, चीन से आपूर्ति घटने से दुनिया में वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे, अमेरिका का 20 प्रतिशत आयात बाधित होगा, बाकी देशों में वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे क्योंकि कई देश चीन से आयात नहीं कर सकते। इन देशों में स्थानीय उत्पादन को पटरी पर आने में समय लगेगा।

चीन का नीचे जाना दुनिया के लिए एक सबक होगा कि एक देश पर कितना भरोसा किया जाये, वैश्वीकरण की प्रक्रिया आगे चलेगी या इसके विकल्प ढूंढे जायेंगे, स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा या वैश्वीकरण को गति मिलेगी, एक देश की मंदी का असर पूरी दुनिया की आर्थिक गति पर होगा इसे देखते हुए बाकी देश क्या अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था को हर तरह से आत्मनिर्भर बनायेंगे? स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा? इन सबका जवाब वक्त बतायेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ के साथ की बैठक

# अभिभावकों के साथ बैठक करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची आम बागान स्थित स्काउट एंड गाइड कार्यालय के सभागार में झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ का बैठक आयोजित की गई। गुरुवार को आयोजित बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी बरेलीया मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का फॉर्म कक्षा 8 से लेकर कक्षा 12 तक के सभी उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भरा जाना है। उन्होंने बताया सभी स्थापना अनुमति प्राप्त व प्रस्वीकृति प्राप्त विद्यालय, महाविद्यालय बच्चों को फॉर्म भरवाएं,जो किशोरियों के लिए बहुत ही लाभ दायक है। उन्होंने कहा विद्यालय खुद तत्पर होकर इस कार्य को पूरा करें। उन्होंने शारदा मनी उच्च विद्यालय की वर्तमान घटनाओं का भी चर्चा करते हुए कहा बच्चों अभिभावकों और शिक्षकों के बीच में अन्योन्याश्रय संबंध होना चाहिए। सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय को अभिभावकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। विशेषकर कक्षा 8 से 12 के बच्चों का अभिभावक और शिक्षक सम्मिलित हों ताकि एक दूसरे से संवादों का आदान प्रदान बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये कार्य किया जा सके। आगामी बैठक 6 नवंबर को 3 बजे से स्काउट एंड गाइड साकची आम बागान के सभागार में आयोजित होगी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक का संचालन मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन शमी अहमद खान ने किया। बैठक में उदय शंकर पाठक ,अब्दुल कादिर, पूनम शुक्ला ,मुशर्रत, कन्हैया लाल, डीके ठाकुर, शिवम शर्मा,भरत ठाकुर,अमर सिंह एवं नबील उपस्थित रहे।

# डुमरिया में राष्ट्रीय कृमि रोधी दिवस आयोजित, बच्चों को दी गयी दवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय कृमि रोधी दिवस के अवसर पर जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो के नेतृत एक प्रतिनिधि मंडल डुमरिया का दौरा किया। गुरुवार को दौरा के दौरान डुमरिया के माहालीसाई तथा चौराघुटु गांव में तीन बच्चे को कृमि का दवा का सेवन नहीं करने की जानकारी मिली। मौके पर जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो ने माहालीसाई के आंगनबाड़ी



केंद्र में ले जाकर तीनो बच्चे को कृमि का दवा का सेवन कराया। मौके पर सहिया तथा आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित रहे। उसके बाद उन्होंने डुमरिया के मध्य विद्यालय तथा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय का दौरा किया। दोनों जगह बच्चों को दवा का सेवन कराया गया। मौके पर जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो के साथ एमपीडब्ल्यू सुकराम महाली, डेमियन फाउंडेशन के दुर्योधन बागती तथा संजय मुंडा शामिल रहे।

### दीपावली में जुगसलाई नगर परिषद के 50 हजार परिवार को मिला विधायक का तोहफा

# दो मोटर पंप और पथ निर्माण कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले लगभग 50 हजार परिवार को जुगसलाई के लोकप्रिय विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मंगल कालिंदी ने दीपावली का तोफा उपलब्ध कराया। गुरुवार को विधायक ने जुगसलाई इंटक वेल कुसुम घाट में 26,42,714 लाख रुपए की लागत से दो नए मोटर पम्प सेट का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा दोनो पम्प चालू होते ही जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के रहने वाले 50 हजार परिवार को शुद्ध पेयजल के लिए काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा पूर्व में एक ही मोटर होने की वजह से स्थानीय लोगों को पेयजल की सप्लाई बंद हो जाती थी। जनता के समस्या को देखते हुए लाखो की लागत से मोटर के समस्या का समाधान निकाला गया। ताकि पेयजल की आपूर्ति ना रुके। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र की समस्या का समाधान निकालना पहली प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।विधायक ने कहा बहुत जल्द पंप हाउस के लिए डेडिकेटेड फीडर का भी निर्माण किया जायेगा। वही गुरुवार को ट्राफिक कॉलोनी गुदरी मार्केट के हरिजन बस्ती में विधायक निधि से निर्मित 71 हजार के लागत से बनी पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण का विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर बस्ती वासियों ने गाजे बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया। हरिजन बस्ती के लोगो ने विधायक मंगल कालिंदी जिन्दावाद नारा लगाते रहे। इस दौरान विधायक के नाम पूरा क्षेत्र गूंज झूठा। बस्ती के सैकड़ों लोगों ने विधायक मंगल कालिंदी का जमकर सराहना की। वही गुरुवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तरी कालीमाटी एवं पश्चिमी कालीमाटी पंचायत में मोहम्मद चीकू के घर से डॉक्टर कमरुल होदा के घर तक पथ निर्माण कार्य का विधायक मंगल कालिंदी ने शिलान्यास किया। मौके पर मोहम्मद जमील, श्यामू मलिक, मोहम्मद शमशाद ,मुकेश शर्मा, सीताराम अग्रवाल,झामुमो नेता मनुवर हुसैन, उत्तरी कालीमाटी पूर्व मुखिया उमेश पुराण, पश्चिमी कालीमाटी मुखिया अरुण एक्का, मोहम्मद अख्तर,मोहम्मद सिकंदर, काजी मोहम्मद अकबर, मोहम्मद मेहताब शेख नसरुद्दीन, नेपाली, मोहम्मद इमतियाज, शमशाद अली, अब्दुल कादीर ,रंजन पांडे सहित झामुमो कार्यकर्ता एवं सैकड़ों स्थानीय लोग शामिल रहे।

# सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जिला पुलिस का जताया आभार

### एसएसपी को शॉल ओढ़ा कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के दो प्रमुख लूट कांड का खुलासा होने पर चेंबर के प्रतिनिधि मंडल ने वरीय पुलिस अधीक्षक सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों को बधाई दी। गुरुवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से मुलाकात कर बिस्तुपुर छगनलाल दयालजी एवम उलीडीह बैंक में हुए लूट की घटना का खुलासा करने पर जिला पुलिस का आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी को शाल ओड़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेट कर सम्मानित किया। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया 8 महीने बाद लूट कांड का खुलासा होने पर यह पता चलता है जिला पुलिस इस मामले को लेकर बेहद ही गंभीर थी। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन के द्वारा दोनो लूटकांड का खुलासा का चैंबर ने आभार व्यक्त की। उन्होंने बताया काफी देर तक शहर के लॉ एंड ऑर्डर, ट्रैफिक, व्यापारियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण पर एसएसपी से वार्ता हुई सुझाव दिए। प्रतिनिधिमंडल में सिंहभूम चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष नितेश धूत, मुकेश मित्तल, सचिव अनिल मोदी, भरत मखानी, पियूष चौधरी, ज्वैलर्स एसोसिएशन से विपिन भाई अडेसरा, कमल सिंघानिया, अश्विनी अडेसरा शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंका अनुमंडल में लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर एसडीओ राम नारायण सिंह, रंका बीडीओ देवानंद राम, सीओ शंभू राम, मुखिया सविता देवी, प्रमुख हेमंत लकड़ा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उप प्रमुख अनुभा सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित तीन हजार आवेदन जमा किये। रंकाकला पंचायत की ओर से रंका परियोजना कन्या उच्च विद्यालय की 360 तथा टेन प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय की छात्राओं की ओर से 340 आवेदन सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के तहत दिये गये। जबकि निवेश निधि महिला स्वयं सहायता समूह के 24 सहायता समूह की दीदी लोगों को 12 लाख तथा आरएफ राशि के तहत 54 स्वयं सहायता समूह के दीदियों को 8 लाख 10 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सोनू कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम मनोज कुमार तिर्की, ऑपरेटर परमानंद कुमार यादव, मुकेश कुमार कुशवाहा, सोनू कुमार तिवारी, विवेक कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश गुप्ता, जनसेवक पंकज कुमार तिवारी, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा सचिव पप्पू यादव, आफताब आलम, पंचायत अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भवनाथपुर पंचायत के शिविर में कई आवेदनों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर पंचायत अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया बेबी देवी, चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह व पंसस चंदन कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त शिविर में प्रखंड के सभी विभाग एवं अंचल के स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें लोगों ने आवेदन जमा किये। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बीडीओ जयपाल महतो एवं मुखिया बेबी देवी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में तीन किशोरियों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी तथा एक ग्रामीण के साथ नोंकझोंक का भी मामला सामने आया। बुका निवासी राजकुमार राउत ने अपनी जमीन से संबंधित मामला लटकाये जाने से नाराज होकर कार्यक्रम में उपस्थित सीओ से उलझ पड़े। हो हल्ला सुन पास में ही बैठे बीडीओ जयपाल महतो ने राजकुमार राउत की समस्या का समाधान किये जाने की बात कह किसी तरह मामले को शांत कराया।

### कुशडंड पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुशडंड पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण कुमार मुंडा, जिपस रानी बाला एवं मुखिया रेखा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का तत्काल निदान कर उन्हें राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है, जो सरकार की अच्छी पहल है। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि सरकार गरीबों के लिये कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर बीडीओ श्रवण राम, सीडीपीओ रीना साहू, प्रखंड पंचायत राज समन्वयक कौशल कुमार, पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, सीआरपी प्रशांत कुमार देव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी व बड़ी संख्या में पंचायत की महिला, पुरुष उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 के तहत गढ़वा शहर में निकाली गयी फिटनेस रैली

# सरदार पटेल के प्रयासों के कारण अखंड है भारत : शैलेंद्र

**केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज ने गढ़वा में एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुरू किए गए एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान से देश एकता के सूत्र में बंध रहा है। देश की एकता के सूत्रधार सरदार जी के अथक प्रयासों का नतीजा है कि आज पूरा भारत अखंड है। उक्त बातें अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के सचिव एवं गढ़वा जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा गढ़वा के रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहीं। कार्यक्रम का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं राष्ट्रीय एकता दिवस समारोहों के क्रम में किया गया था। श्री पाठक ने कहा कि फिट रहने के लिए भारत सरकार का फिट इंडिया फ्रीडम रन जैसा प्रयास सराहनीय है। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का मकसद युवाओं और आम लोगों में भारत सरकार के कार्यक्रमों एवं अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करना है। मौके पर रामा साहू उच्च विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि फिटनेस के लिए तन के साथ-साथ मन से भी जागरूक होना जरूरी है। इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मोहसीन हाशमी ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान 2.0 एवं अन्य स्वच्छता कार्यक्रमों के बारे में बताया। श्री हाशमी ने भविष्य में भी सीबीसी के साथ समन्वय कर कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा जतायी।

कार्यक्रम के दौरान डे-बोर्डिंग केंद्र गढ़वा के प्रशिक्षक अरविंद कुमार दुबे, रामा शंकर सिंह, प्रभात रंजन तिवारी एवं ललन पहलवान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर दंडाधिकारी के रूप में उपस्थित कनीय अभियंता अरविंद कुमार ठाकुर, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, सब इंस्टपेक्टर राजू उरांव, रामा साहू उवि के शिक्षक, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक एवं प्रशिक्षण पाने से वाले सभी प्रतिभागी मौजूद रहे।

**फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 से दिया फिटनेस का संदेश :** कार्यक्रम के प्रारंभ में आम लोगों को फिट रहने का संदेश देने के लिए रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान से फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 के तहत 3 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ ऊंचरी, नगवां, गढ़देवी मंदिर परिसर होते हुए समाप्त हुई। इसमें लगभग 180 की संख्या में प्रतिभागी फिटनेस एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए शामिल हुए।



## पेंटिंग्स, रंगोली, कुश्ती एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता किये गये पुरस्कृत

प्री प्रोग्राम के तहत रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान एवं जिला कुश्ती संघ के इनडोर स्टेडियम में आयोजित पेंटिंग्स, रंगोली, कुश्ती एवं वॉलबॉल प्रतियोगिता के क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया। कुश्ती में बालिका वर्ग में 38 किग्रा, 44 किग्रा, 48 किग्रा, 54 किग्रा एवं 59 किग्रा भार वर्ग के बीच मुकाबला हुआ था।

# छात्राएं कम से कम 12वीं तक की शिक्षा अवश्य प्राप्त करें : केएन झा

**कल्याणपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव ने छात्राओं को 18 वर्ष के बाद ही शादी करने का दिलाया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कृपानंद झा सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सह नोडल पलामू एवं गढ़वा तथा उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद झा एवं पंचायत की मुखिया आदि ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव ने कहा कि कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण हेतु उन्हें पलामू एवं गढ़वा दोनों जिलों के नोडल बनाया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदकों द्वारा किए गए आवेदन को लगभग 99% तक निष्पादित किया गया है। उन्होंने मौके पर ही सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभ पाने वाली छात्राओं से योजना के तहत मिलने वाले राशि का सदुपयोग करते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखने की बात कही। साथ ही उन्होंने संकल्प करने को कहा कि 18 वर्ष से पूर्व शादी नहीं करें। कम से कम 12वीं तक की शिक्षा अवश्य प्राप्त करें एवं 18 वर्ष की उम्र पूरी कर लेने के बाद ही शादी के बारे में सोचें। ऐसे मामलों में सहायतार्थ उन्होंने 104 डायल नंबर का उपयोग करने की बात कही।

फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत संजू देवी को 30 हजार का चेक प्रदान किया गया। सामुदायिक निवेश निधि के तहत सुप्रिया देवी को 1.5 लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए। कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत पुष्पा देवी को 13 लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए एवं शोभा देवी को चक्रीय निधि के तहत 4.5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। रौशन खातून, रंभा देवी व रीना देवी के बीच हरा राशन कार्ड का वितरण किया गया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की तरफ से यूनुस अंसारी को ई-श्रम कार्ड प्रदान किया गया। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत विनोद विश्वकर्मा को सेफ्टी किट सहायता योजना के तहत जूता और हेलमेट, डीबीटी के माध्यम से 1000 निबंधित श्रमिक के खाते में हस्तांतरित की गई। असीम अंसारी, चानो उरईन, जनिब खान, जमीला बीबी, लायची देवी व अन्य कुल 10 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। गर्भवती महिलाएं प्रियंका कुमारी, सोनी कुमारी, प्रतिमा देवी, निशा कुमारी व अन्य कुल 7 लोगो की गोद भराई का रस्म पूरा किया गया जबकि शौर्य कुमार, रागिनी कुमारी, प्रीति कुमारी, शाहिद अंसारी के मुंहजूठी का रस्म पूरा किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत आशा देवी, कौशल्या देवी, बरती देवी, फुलकी देवी, कुंती देवी व अन्य कुल 8 लोगों को पेंशन स्वीकृति दी गई। मनरेगा योजना के तहत हेवंती देवी, हरिचरण राम, राजबलि राम, मुकेश कुमार पासवान, प्रमिला देवी आदि कुल 10 लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कुल 36 छात्राओं को सांकेतिक रूप से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त आय, जाति, निवास व अन्य प्रकार के प्रमाण पत्रों को निर्गत हेतु, स्वास्थ्य एवम पोषण, वन विभाग, बैंक, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, विद्युत विभाग, ई-श्रम, भूमि सुधार, एस बी एम व अन्य मामले से संबंधित आदि के भी स्टॉल लगाया गया था एवं हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई थी। आयोजित किये गये शिविर में कुल 1457 आवेदन हुए। प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु पोर्टल पर अपलोड किया गया।

### धुरकी में सर्पदंश से ग्रामीण की मौत

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के धोबनी गांव में कोबरा स्नेक के बाइट करने से 55 वर्षीय गद्दु यादव की मौत इलाज के लिए ले जाने के क्रम में हो गई। मृतक ग्रामीण के संबंध मे भाजपा मंडल महामंत्री मंगल यादव, झामुमो के शैलेश यादव ने गुरूवार को बताया कि बुधवार की मध्य रात्रि में वह अपने खेत स्थित मिट्टी के घर में चारपाई में मच्छरदानी लगाकर सोये हुए थे, इसी दौरान कोबरा सांप ने पैर में डंस लिया। इसके बाद चारपाई से उठे तो उनकी नजर सांप पर पड़ी और घर में परिजनो को बताया। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

## अभाविप ने की विभिन्न कॉलेजों में 156 विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप की जांच



**विद्यार्थियों को समाज कल्याण से जोड़ना अभियान का मुख्य उद्देश्य : कुमार शुभेन्द्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा रक्तदाता डायरेक्टरी अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर गढवा इकाई के द्वारा विभिन्न कॉलेजों में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 156 विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप की जांच की गयी।

जिला सह संयोजक कुमार शुभेन्द्र ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थी परिषद के द्वारा यह अभियान पूरे देश भर में चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज कल्याण से जोड़ने का है। जब भी किसी व्यक्ति को कमी के चलते रक्त की आवश्यकता लगती है, उस समय युवा आगे आकर इसमें अपना सहयोग प्रदान करें। एसएफडी प्रमुख निरंजन चौबे ने कहा जिन विद्यार्थियों को अपना ब्लड ग्रुप पता नहीं उन्हें इस शिविर में निःशुल्क जांच कर ब्लड ग्रुप की जानकारी ही नहीं बल्कि सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है। जिससे छात्रों को भविष्य में फिर से ग्रुप जानकारी के लिए ब्लड टेस्ट न कराना पड़े।

मौके पर मुख्य रूप से परिषद से विभाग संयोजक मंजूल शुक्ल, अभियान प्रमुख शुभम तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेखर गुप्ता, सह नगर मंत्री अखिल, अंकित शुक्ला, नंदिनी कुमारी, आराध्या, मंयक, गोलू, ज्योति, काजल, पप्पू, पियूष, जिया, तनवीर, गुलाम, तबसुम, अंकित सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डीएसइ ने उवि डुमरसोता के सहायक शिक्षक आनंद यादव को किया निलंबित

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय डुमरसोता के सहायक शिक्षक आनंद यादव को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने की वजह से विद्यालय से निलंबित किया गया। विदित हो कि पिछले 10 सितंबर को विद्यालय के उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज थी। परंतु बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति नहीं बनी थी। इस मामले की शिकायत अभिभावकों के द्वारा शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के पास की गयी थी। जिस पर गढ़वा जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा ने विद्यालय पहुंच कर संबंधित मामले की गहन जांच की। जांच के क्रम में पाया गया कि आनंद यादव उस दिन की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं की थी तथा शिक्षक के द्वारा दिए गए आवेदन में जिक्र किया गया था कि विद्यालय में उस दिन की उपस्थिति बनाकर इलाज हेतु डॉक्टर के पास गये थे। लेकिन जांच में यह भी पाया गया कि 15 सितम्बर व 16 सितम्बर को भी बिना सूचना के अनुपस्थित थे। जिसपर डीएसई गढ़वा ने कार्य करने में लापरवाही पाये जाने पर आनंद यादव को निलंबित करते हुए धुरकी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में भेज दिया गया है। साथ ही आरोप पत्र गठित कर पत्र जारी किया जाएगा। इस सूचना की प्रतिलिपि विभाग सहित उपायुक्त महोदय गढ़वा को भेज दी गयी है।

### हाइवा की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 पर थाना क्षेत्र के लातदाग बीएड कॉलेज के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। हादसे में स्कूटी सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गुरुवार की अहले सुबह गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के नागवा निवासी गोकुल प्रसाद बिंद (70) स्कूटी से श्री बंशीधर नगर बाजार करने जा रहे थे। इसी बीच लातदाग बीएड कॉलेज के समीप गढ़वा की ओर से ही तेज रफ्तार में जा रहे हाइवा पीछे से रौंदते रोते हुए आगे बढ़ गया। जोरदार आवाज होने पर आसपास के ग्रामीणों द्वारा हो हल्ला करने पर ड्राइवर हाईवा को सड़क किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
(जिला योजना)

**Corrigendum**

This refers to the Advt PR no: 280100 tender notice no- 01/2022 dated 14-10-2022 regarding the ***Selection of Consultancy services/Agencies for providing and installation of Foldable Chairs, Sofa Side Table/Beside Cabinet and at Town hall in Ramgarh district, Jharkhand.*** The tender has been modified and the corrigendum has been published on the official website ramgarh.nic.in. The participants are hereby directed to follow the updated corrigendum mentioned as above. Rest will be same

ह०/–
जिला योजना पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 280548 (District) 22-23 (D)

**कार्यक्रम :** पढुआ पंचायत के पथरिया गांव में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में पहुंचे डीसी

# लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

**शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं आधा दर्जन बच्चों की मुंह जूठी करायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को उपायुक्त रमेश घोलप, गढ़वा डीएमओ के साथ जिले के सुदूरवर्ती पढुआ पंचायत के पथरिया गांव पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर डीसी ने कहा कि यह शिविर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर लगाया गया है। शिविर का उद्देश्य है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपके द्वार पर मिल सके। ग्रामीणों के सभी कार्यों का निष्पादन ऑन स्पॉट तथा समय सीमा के अंदर कर दिया जायेगा। आप सभी यहां लगाए गए स्टालों से जानकारी लेकर अपना आवेदन अवश्य जमा करें। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

शिविर में डीसी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 20 लाख रुपये का चेक तथा एक दर्जन किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र दिया। साथ ही बाल विकास परियोजना द्वारा आयोजित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा आधा दर्जन बच्चों की मुंह जूठी करायी गयी। इसके बाद शिविर में लगाए गए करीब दो दर्जन स्टालों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को दिये जाने वाले लाभ से ग्रामीणों को अवगत कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, पंचायती राज, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व विभाग, कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा (पेंशन), श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये थे।

शिविर में बीडीओ सह सीओ प्रवेश कुमार साव के साथ, कार्यक्रम के वरीय पदाधिकारी डीएमओ, पढुआ पंचायत के मुखिया आशीष कुमार बियार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अनिल साह, जनसेवा सतीश कुमार सिंह, प्रधान सहायक सुनील कुमार, अभियंता देवनाथ प्रसाद गौतम, महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ, बीपीओ पूनम श्री सहित सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के मेराल प्रखंड प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह, झामुमो की महिला प्रखंड अध्यक्ष आराधना सिंह, झामुमो नेता गुड्डु सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू**
**Email Id-** nagarpanchayatbundu@gmail.com

**आम सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्रों मे स्वच्छ वातावरण तैयार करने एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है कि आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। इसी क्रम मे शहरी शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा "स्वच्छ सर्वेक्षण –2023" का आयोजन किया गया है इसका विवरण http://swachhbharaturban.gov.in पर उपलब्ध है।

उक्त के आलोक मे नगर पंचायत बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम मे नगर पंचायत बुण्डू क्षेत्राधीन होटल / विद्यालय / हाउसिंग सोसाइटी / अस्पताल / सरकारी कार्यालय एवं बाजार समितियों मे निम्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है –

| क्रम | प्रतियोगिता का नाम | अधिकतम निर्धारित अंक | | | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Infrastructure | Service/ Maintenance | Feedback | |
| 1 | स्वच्छ अस्पताल प्रतियोगिता | 50 | 30 | 20 | 100 |
| 2 | स्वच्छ सरकारी कार्यालय प्रतियोगिता | 50 | 30 | 20 | 100 |
| 3 | स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता | 50 | 30 | 20 | 100 |
| 4 | स्वच्छ हाउसिंग सोसाईटी /RWA प्रतियोगिता | 50 | 30 | 20 | 100 |
| 5 | स्वच्छ होटल प्रतियोगिता | 50 | 30 | 20 | 100 |
| 6 | स्वच्छ बाजार समिति प्रतियोगिता | 50 | 30 | 20 | 100 |

इसके अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुरूप टीम दिनांक 15-11-2022 तक उपरोक्त स्थलों का भ्रमण करेगी एवं अंक प्रदत किए जाएँगे जिसके अनुसार तीन श्रेणियों (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) मे पुरस्कृत किया जाएगा।

ह0/
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत,बुण्डू

PR 280503 (Urban Development) 22-23 (D)

## कैरो में दस हजार की लूट

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत के बक्सी निवासी 45 वर्षीय धनेश्वर उरांव पिता स्व. भोला उरांव के साथ अज्ञात लोगों के द्वारा बुधवार शाम में लूट कांड की घटना प्रकाश में आया। धनेश्वर उरांव ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि बुधवार कैरो साप्ताहिक बाजार से मुर्गी बेच कर अपने घर बक्सी जाने के क्रम में कंदनी नदी पुल के समीप दो लड़को के द्वारा रोक कर हथियार का भय दिखाकर 10000 रुपये लूट लिया गया। धनेश्वर उरांव बाजार बाजार मुर्गी बेचने का काम करता है। लिखित आवेदन पर कैरो थाना पुलिस अज्ञात लोगों पर कांड संख्या 47/22 धारा 392 आइपीसी के तहत मामला दर्ज कर आगे की करवाई में जुटी।

## महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत डांडु करंज टोली में 21 वर्षीय महिला सोनी कुमारी ने अपने पिता के घर में मानसिक तनाव में आकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना बुधवार शाम का बताया जाता है। वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही उनके निर्देश पर पुआनि संतोष कुमार शस्त्र बल के साथ मृतक के घर डांडु करंज टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रेतर कारवाई में जुट गये। घटना के संदर्भ में प्रशासन का कहना है कि घर पर कोई सदस्य नहीं होने के कारण एवं मानशिक तनाव के करण महिला अंदर से दरवाजा बंद कर रस्सी के सहारे फाँसी लगा कर आत्महत्या की है। कहा कि बुधवार शाम दामाद को घटना की सूचना देने के लिए घर के मोबाइल से फोन करने पर फोन काट दे रहा था। जब दूसरे नम्बर से फोन किया गया तो बात हुई और उसने आने की बात बोल मोबाइल बन्द कर दिया। वहीं मृतक के पति मुकेश लोहरा गर्भपात मामला को झूठा बताते हुए कहा मेरी पत्नी मायके आने के लिए पैसा मांगी और चली आई है। घटना को लेकर किसी प्रकार की जानकारी नहीं दिया जा रहा है।

## चिरु पंचायत में शिविर का आयोजन



**हेरहंज-(लातेहार)** सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर सरकार के द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के चिरु पंचायत सचिवालय में हुआ शिविर का आयोजन। मुख्य अतिथि लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन। बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने बुके देकर किया विधायक का स्वागत। विधायक राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पढ़े लिखे नौजवान जुड़ें और योजना का लाभ उठायें। साथ ही कहा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के अध्यनरत किशोरी छात्रा सरकार के द्वारा मिलने वाली राशियों का लाभ उठायें। शिविर में मुख्य रूप से मनरेगा योजना, तेजस्वी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सामग्री योजना, बिजली विभाग, ई-श्रम कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, सेवा गारंटी अधिनियम विभाग, पेंशन शिविर, पीएम आवास, सुकन्या योजना, पंचायती राज्य 15 वीं वित्त शिविर, स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का स्टॉल लगाया गया। मौके पर लातेहार विधानसभा विधायक बैजनाथ राम, उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, सीडीपीओ अर्चना सिंह, बीडीओ प्रदीप कुमार दास, लातेहार जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव, जिला परिषद सदस्या चंचला देवी, प्रमुख पार्वती देवी, कांग्रेस अध्यक्ष लाडले खान, मो. जनाब अंसारी, गीता देवी, मुखिया-हीरामनी लकड़ा, प्रधान सहायक-महेश, प्रभारी बीपीओ-राहुल राज, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक, सभी ऑपरेटर समेत काफी संख्या में चिरु पंचायत के महिला-पुरूष मौजूद थे।

## रांची के देवकमल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मुरपा के बिनोद यादव की मौत



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के मुरपा पंचायत निवासी बिनोद यादव पिता स्व. बलराम सिंह यादव बुधवार को रांची स्थित देवकामल हॉस्पिटल में बीते एक माह से चल रहे इलाज के दौरान मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बिनोद यादव जर्री महुआटांड़ स्थित रेलवे ब्रिज में मजदूर का कार्य करता था। दिनाक 21/03/2022 को कार्य के दौरान ब्रिज से गिर कर घायल हो गया था। जिसके दौरान ब्रिज कांट्रैक्टर जीएस मल्होत्रा के द्वारा बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। स्थिति दयनीय होने के कारण विनोद यादव को रिम्स हॉस्पिटल से देवकमल हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया, ताकि इलाज बेहतर हो सके। अचानक बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़ गया है। उनके एक पुत्र दीपक यादव उम्र 15 वर्ष तथा एक पत्री सुमन कुमारी उम्र 13 वर्ष की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा पीड़ित के घर जा कर अंतिम संस्कार में शामिल हुऐ।वहीं पीड़ित परिवार अति गरीब होने के कारण रेलवे ब्रिज में कार्य कर रही कंपनी के साथ सरकार से उचित मुआवजा के साथ अन्य सरकारी लाभ दिलाने का मांग किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा त्रिवेणी सिंह जामल मियां, आदित्य यादव युगल प्रसाद यादव, विश्वनाथ यादव प्रेम नारायण सिंह,आलम मियां, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता द्वारा संचालित योजनाओं एवं डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक मे कौशल विकास हेतु टूल रूम भेजे गये व भेजे जाने वाले छात्रों की जानकारी ली गयी। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 36 प्रशिक्षणार्थियो को भेजा गया है शेष 4 और भेजे जाने हैं। इसके साथ दोना पत्तल निर्माण, ईसीजी मशीन क्रय, सड़क निर्माण पेयजलापूर्ति, छात्रावास, डीप बोरिंग, कस्तूरबा विद्यालय की चारदीवारी, सेरेंगदाग थाना की चारदिवारी, विभिन्न नालों में चेकडैम, सोलर आधारित जलापूर्ति, ब्रिकेटिंग प्लांट, पाइपलाइन जलापूर्ति योजनाओ की समीक्षा की गई। किस्को जनजातीय आवासीय विद्यालय हेतु 100 बेड के छात्रावास एवं पेशरार आवासीय विद्यालय हेतु 50 बेड के छात्रावास निर्माण का प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। जिले में जिला लाइब्रेरी तथा सभी प्रखंडों को प्रखंड लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डीएमएफटी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजलापूर्ति, सिंचाई एवं अन्यान्य से संबंधित योजनाओं की सूची में प्राथमिकता के आधार पर प्राक्कलन तैयार की जाय। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, डीएसओ अमित बेसरा, डीडब्लूओ नारायण राम, एडीपीओ, एवं अभियंता उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक में सेविका चयन का ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक में सेविका चयन का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता बालूमाथ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना सिंह ने की चयन प्रक्रिया के तहत कुल 12 आवेदन पड़े जिसमें 4 आवेदन बहुल जाति के नहीं होने के कारण उसे स्वीकार नहीं किया गया वही तीन आवेदन इंटर पास एवं चार आवेदन स्नातक एवं एक आवेदन एमए का आया। सीडीपीओ अर्चना सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि सबसे अधिक योग्यता धारी को नियम अनुसार चयन किया जाना है। जिसके तहत सुलेखा कुमारी सबसे अधिक योग्यता धारक है। जहां ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कहा कि सुलेखा कुमारी बिहार की रहने वाली है तथा वे जाति प्रमाण पत्र भी बिहार का लगाए हुए हैं तथा सुलेखा कुमारी बिहार में वर्तमान में जॉब कर रही है। इनके पति का बड़ा होटल का ब्यवसाय है। इसलिए इसके स्थान पर बाकी के आवेदकों को आवेदन पर विचार किया जाये। इस पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने यह कहा कि आपकी शिकायत को भी रजिस्टर में दर्ज कर वरीय पदाधिकारी के मार्गदर्शन लिया जाएगा। इधर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने सुलेखा कुमारी का चयन नहीं करने को लेकर उपायुक्त के नाम से एक आवेदन देकर मांग पत्र सौंपा है जिसमें कहा गया है कि स्थानीय ग्रामीण का ही सेवीका पद का चयन किया जाये। सुलेखा कुमारी बिहार की रहने वाली है तथा वे कभी बालूमाथ में नहीं रहती है।

# जेजेएमपी का एक उग्रवादी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। जहां बालूमाथ और हेरहंज पुलिस ने संयुक्त रूप से अभीयान चलाकर बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्षीपुर डोकरा जंगल से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर बाबूलाल गंझू उर्फ मरांडी को पकड़ने में सफल रही है। गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के 8 और 9 हथियार बंद उग्रवादी उक्त जंगल मे एकत्र हुए हैं। लोगों को डरा धमका रहे हैं। तथा ईट भट्ठा मालिकों एवं कोयला व्यवसायियों से लेवी उगाही करने की मंशा से आये हुए हैं। सूचना के आलोक में बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शशि रंजन कुमार की अगुवाई में टीम गठित कर पुलिस टीम ने अभीयान चलाया गया। पुलिस की टीम जैसे ही डोकर जंगल पहुंची, उग्रवादी पुलिस को देखते ही भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने खदेड़ कर एक उग्रवादी को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से 8 एमएम का 15 जिंदा गोली, .315 का 20 जिंदा गोली, 5 राउंड जिंदा गोली लोडेड इंसास राइफल का मैगजीन व एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम बाबूलाल गंझू उर्फ मरांडी लक्षीपुर बालूमाथ बताया साथ ही वह अपने आप को जेजेएमपी का एरिया कमांडर बतलाया है। गिरफ्तार मरांडी जी के खिलाफ 11 मामले दर्ज है। आगे अंजन ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी बाबूलाल गंझू उर्फ मरांडी जी की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। मरांडी के खिलाफ लातेहार, बालूमाथ, हेरहंज व चंदवा थाना में आर्म्स एक्स व सीएलए एक्ट के तहत 11 मामले दर्ज हैं। अभीयान में बालूमाथ पुनि शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रशांत प्रसाद, हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि बालूमाथ रवि कुमार, धीरज कुमार, हेरहंज पुअनि बिंदेश्वर महतो, सअनि रामजी ठाकुर, सैट 208 मकैयाटांड पिकेट के जवान व थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

# 16 महिलाओं को 4 लाख का चेक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का आयोजन लोहरदगा के किस्को प्रखंड के बगड़ू पंचायत में बगड़ू जमुंनटोली मैदान में कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में मध्य विद्यालय कोलसिमरी एवं पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मक्का में आयोजित किया गया। बगड़ू पंचायत में आज कुल 338 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 48 का निष्पादन किया गया। बगड़ू जामुंनटोली खेल मैदान में जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, प्रखंड प्रमुख, अंचल अधिकारी बुढ़ाय सारू, मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा अंतर्गत 20 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए वृद्धा पेंसन, दिव्यांगों के लिए पेंसन, विधवाओं के लिए पेंसन, निराश्रित महिलाओं के लिए पेंसन, किसानों के लिये केसीसी, हर राशन कार्ड, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, सोना सोबरन धोती साडी वितरण योजना, सहित जाति, आवासीय, आय जमीन लगन, पारिवारिक बंटवारा, बेरोजगारों और स्वरोजगार करने वालों को मख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना की जानकारी दी गयी।

बगडू जामुनटोली में सर्वजन पेंसन योजना में वृद्धा पेंसन के 12 लाभुको को तत्काल स्वीकृति पत्र, 2 किसानों को केसीसी का स्वीकृति पत्र, सांकेतिक तौर पर 05 लाभुकों को धोती- साड़ी का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 4 किशोरियों को तथा 5 लाभुकों को तत्काल जॉब कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना के दो लाभुको और मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के एक लाभक को शेड की स्वीकृति निर्गत किया गया।

सभी योजनाओं के 16 स्टॉल लगाये गये थे।

### कुल 926 आवेदन प्राप्त हुए

**मध्य विद्यालय कोलसिमरी में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप प्रमुख, मुखिया, बीडीओ, अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, केसीसी, प्री एवं पोस्ट- मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं सर्वजन पेंशन योजना,बिरसा हरित ग्राम योजना की जानकारी दी गयी। कोलसिमरी पंचायत में फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 16 महिलाओं को कूल 4 लाख की स्वीकृति राशि का चेक दी गयी। लोगोंद्वारा आवेदन प्राप्त किया गया। नुक्कड़ नाटक से भी जनजागरूकता अभियान चला जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से बगडू पंचायत, किस्को के कार्यक्रम में लोकनाथ लोहरा के कलाकारों द्वारा, पेशरार के सीरम पंचायत में अनिता उरांव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र के कलाकारों तथा कोलसिमरी पंचायत, कुडू में एल्मा मेटर के कलाकार मनीता मिंज के नेतृत्व में गीत संगीत, नाट्य प्रस्तुत कर योजनाओ की जानकारी दिया गया।**

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे डीसी, कहा

# आवेदन लेने के बाद ग्रामीणों का कार्य अवश्य होगा



मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा।** चंदवा के अलोदिया पंचायत के पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार के उपायुक्त भोर सिंह यादव ने शिरकत किया उसके साथ ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत कि गई देखा गया कि कार्यक्रम पंचायत भवन में कराया जा रहा था परंतु अलोदिया पंचायत का पंचायत भवन बहुत ही सकरा जगह में होने के कारण बहुत से पब्लिक का समय पर आवेदन भी नहीं लिया गया कुछ लोगों को ही पेंशन की स्वीकृति पत्र दी गयी जगह कम पड़ जाने के कारण सारे स्टॉल को बाहर लगा दिया गया था कुछ स्टॉल तो अखरा में लगाया गया था लातेहार उपायुक्त ने सभी स्टॉल पर जाकर खुद क्या कार्य चल रही है उसकी जानकारी ली। उसके बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से अलोदिया पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में बतलाना शुरू कर दिया विजय कुमार साहू ने बतलाया कि पंचायत भवन के सामने ठीक जल मीनार लगा हुआ है पैसा तो खर्च हो गया परंतु ग्रामीण जल मीनार का कभी लाभ नहीं उठा पाये और वह जल मीनार भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। उसके साथ ही रशीद मियां ने भी उपायुक्त महोदय से कई योजना का भ्रष्टाचार के बारे में बतलाया देखा गया कि पंचायत भवन में ही लाइट की सुविधा नहीं है जिसे देखकर बिजली विभाग को भोर सिंह यादव ने निर्देश दिया कि पंचायत भवन का कनेक्शन ठीक किया जाये आबादी अधिक होने के कारण अलोदिया पंचायत में ग्रामीणों ने यह आरोप भी लगाया कि आवेदन तो ब्लॉक में कई बार जमा कराया जाता है परंतु आवेदन कहां चला जाता है हम लोगों को समझ में नहीं आता है। इस सवाल पर उपायुक्त महोदय ने कहा कि जनता के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है।

### डीसी के जाते ही स्वास्थ्य विभाग का स्टॉल गायब

**इधर भोर सिंह यादव सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद लातेहार लौट गए उसके कुछ समय बाद ही स्वास्थ्य विभाग का स्टॉल चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल लौट गया जिसकी जानकारी बीडीओ विजय कुमार को दी गयी। तब उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है पता करते है। वही देखा गया कि डीसी साहब के जाने के महज 30 मिनट के बाद ही स्वास्थ्य विभाग का स्टाल अपने गंतव्य की ओर लौट गया जबकि अलोदिया पंचायत में सभी स्टॉल 4:00 बजे तक लगाए गये थे उपायुक्त महोदय ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने का भी निर्देश दिया।**

## डीलर संघ मिला डीएसओ से,रखी समस्या दूर करने की मांग

# राशन कम मिला है वितरण करें कैसे: डीलर संघ



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड एवं सेन्हा प्रखंड के अलावा अन्य सभी प्रखंडों के सैकड़ों डीलर जिला अध्यक्ष नबीउल हसन के नेतृत्व में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा से मिलकर विगत 1 साल से अनाप-शनाप राशन की कटौती कर आपूर्ति किए जाने के मामले को लेकर मिलकर यूनिट के आधार पर आवंटन दिलाए जाने की मांग रखी। जिसपर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा ने डीलरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राशन वितरण से संबंधित तमाम दस्तावेज लिखित रूप से प्रस्तुत करें ताकि उक्त प्रति को उच्चाधिकारियों को भेजकर अवगत कराते हुए डीलरों के साथ हो रही समस्याओं को दूर कराने का प्रयास किया जाएगा। इधर डीलर संघ के द्वारा डीएसओ अमित बेसरा को अवगत कराये गए समस्याओं में कहा गया कि प्रत्येक माह किसी-किसी डीलर को 40 क्विंटल 50 क्विंटल 20 क्विंटल आवंटन कम मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे डीलरों को कार्डधारियों के बीच राशन वितरण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान डीलरों के द्वारा डीएसओ के समक्ष अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा गया कि हुजूर आवंटन कम दिया जा रहा है।

## नहीं शामिल हो सका पिता की मुखाग्नि में

**लातेहार।** अदालती आदेश के बावजूद समय से नहीं पहुंचने के कारण जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर संजय प्रजापति अपने मृत पिता का मुखाग्नि संस्कार नहीं कर पाया। जानकारी के अनुसार कोर्ट से आदेश जेल में पहुंचने के बाद कागजी प्रक्रिया एवं सुरक्षा की व्यवस्था करते देर हो जाने से सब जोनल कमांडर रात करीब 10 बजे नावाडीह ग्राम पहुंचा तब तक उनके पिता की दाह संस्कार संपन्न हो चुकी थी। सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें छिपादोहर थाना में रात भर रखा गया और थाना से उन्हें वापस मंडल कारा भेज दिया गया।

## चौकीदार के निधन पर थाना प्रभारी समेत अन्य ने दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा।** जिला के जोबांग थाना के 45 वर्षीय चौकीदार भैरो उरांव ग्राम जोबांग का निधन ईलाज के क्रम में कल रात देवकमल हॉस्पिटल रांची में निधन हो गया वे चार पांच दिनों से बीमार थे। वो अपने पीछे 6 लडकी और एक लडका तथा पत्नी छोड़ गए हैं इस मौके पर थाना प्रभारी जोबांग शशि शेखर कुमार, एसआई गणेश यादव के साथ थाना के जवानों ने और चौकीदार पंचायत के साथियों ने दिवंगत भैरव उरांव के घर पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके आश्रितों को सांत्वना दिये, साथ ही थाना प्रभारी शशि शेखर ने चौकीदार के परिजनों को सहयोग राशि भी दिये। थाना प्रभारी शशि शेखर ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया गया। हमसे जितना भी होगा हर संभव मदद करेंगे वही जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि संगठन की ओर से हर संभव मदद करने का प्रयास किया जायेगा और जिला प्रशासन से मिलने वाले सभी तरह का सहयोग दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जबांग थाना के पुलिस जवानों के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क में दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल



**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के तासु पंचायत अंतर्गत बनकिता निवासी राधा देवी पत्ति भोला भोक्ता अपने घर से बाइक पर महेश लोहरा के साथ वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन देने प्रखंड कार्यलय आ रहीं थीं। इसी क्रम में बालूमाथ-हेरहंज-पांकी हूर मोड़ के समीप बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठा जिससे बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। जिसमें दोनों लोगों को काफी चौटें आई है। राहगीरों ने इसकी सूचना हेरहंज थाना को दिया। सूचना मिलते हीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के निर्देश पर एसआई बिंदेश्वर महतो घटना स्थल पहुंच कर घायलों को हेरहंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर नहीं रहने के कारण लैब टेक्नीशियन निरंजन कुमार और एएनएम के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें महिला का एक हाथ फ्रेक्चर कर गया जिसको लेकर लैब टेक्नीशियन ने उनके परिजन को खबर किया। खबर लिखे जाने तक परिजन अस्पताल नही पहुंचे थे।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**लातेहार।** सदर अस्पताल लातेहार के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकमीर्यों को 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार एवं जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर शोभना टोप्पो द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में शामिल चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकमीर्यों को प्रशिक्षण स्टेट कोडिनेटर डॉक्टर सिद्धार्थ विस्वाल और काशीनाथ चक्रवर्ती एवं जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ राजेश कुमार दी जा रही है। प्रशिक्षण में कुष्ठरोग के प्रारंभिक लक्षण एवं उपचार के बारे में वृस्तित जानकारी दी जा रही है। जिले के सभी प्रखंडों से चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण देने के बाद चिकित्सकों और स्वास्थ्यकमीर्यों को अपने अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के लिए कहा जा रहा है। कुष्ठरोग को जिले से पुरी तरह से समाप्त करने को लेकर जिला कुष्ठ विभाग पुरे तरह से समाज में जागरूकता पैदा करना चाहती है। समाज में जागरूकता पैदा कर कुष्ठरोग को जिले से पुरी तरह मुक्त करना ही एकमात्र लक्ष्य है। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर शोभना टोप्पो, जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ राजेश कुमार, डॉक्टर राजेश झा, डॉक्टर रूबी कुमारी, एमपीडब्लू आर्दश कुमार, शंकर उरांव, रंजन उरांव राजेंद्र सिंह, प्रभु कुमार, पंकज कुमार, राजेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं चिकित्सक मौजूद थे।

## किस्को सीओ बुड़ायं सारू को मिला बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार



**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज को विगत मंगलवार को एसीबी की टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए जाने के बाद से बीडीओ का पद खाली पड़ा हुआ था। इधर प्रखंड में विकास कार्य को गति देने के उद्देश्य से अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू को उपायुक्त के द्वारा बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपी गयी है। मौके पर प्रभारी बीडीओ बुडाय़ं सारूं ने कहा कि क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर शत-प्रतिशत उतारने में सभी जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मियों व आम जनता के साथ समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायेगी। प्रभारी बीडीओ ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को ससमय निराकरण कराने में पूरी तरह से ईमानदारी बरती जायेगी।

## निजी क्षेत्र की नौकरी में आरक्षण देने का निर्देश

**लातेहार।** जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जाहिर करते हुए कहा कि श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन कराने हेतु और आरक्षण का प्रावधान करने के लिए झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 12 सितंबर 2022 को ई- गजट में प्रकाशित हुआ है। एवं तदालोक में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 का एवं नियमावली 2022 ई - गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी है। लातेहार जिलांतर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जिनके यहां 10 या 10 से अधिक कार्यबल है, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

## एक महीना में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ, तो होगा चक्का जाम : कन्हाई सिंह

**बरवाडीह।** प्रखंड के छीपादोहर स्टेशन में शक्तिपुंज एवं पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले बरवाडीह पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पंचायत भवन से रैली निकलाते हुए बाजारभ्रमण करते हुए छीपादोहर स्टेशन का घेराव किया। मौके पर जीप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ रेलवे प्रशासन द्वारा भेद भाव किया जा रहा है कोरोना काल से ही छीपादोहार स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस एवम शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव बंद है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता की परेशानी बढ़ गयी है। कन्हाई सिंह ने सांसद विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जन प्रतिनिधि सदन के माध्यम से क्षेत्र के जनता की समस्याओं के समाधान में नाकाम नजर आ रहे हैं। इसलिए जनता को मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि यह जन संघर्ष का ही परिणाम है कि बरवाडीह स्टेशन में रांची इंटरसिटी एवम पलामू एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। अगर एक महीना में छिपादोहर स्टेशन में पलामू एक्स्प्रेस एवम शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव शुरू नहीं हुआ तो छिपादोहार स्टेशन में चक्का जाम किया जायेगा। दो घंटा से अधिक समय तक चले घेराव कार्यक्रम के उपरांत छिपादोहर स्टेशन प्रबंधक आर के भगोटिया को कन्हाई सिंह के नेतृत्व में एक मांग पत्र सौंपा गया।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम अंडर 17 कप्तान अष्टम का हुआ जोरदार स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम अंडर 17 टीम की कप्तान अष्टम उरांव के पैतृक गांव बिशुनपुर लौटने के क्रम में गुरुवार की देर शाम घाघरा चांदनी चौक में बुद्धिजीवी और समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया। इस क्रम में लोगों ने माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर कई खेल प्रेमी और खिलाड़ी शामिल थे।

अंडर-17 की महिला कप्तान अष्टम ने कहा कि भले ही मैच हमने तीनों हारा है लेकिन मन नहीं हारा है। आगे हम लोगों का प्रयास निरंतर जारी रहेगा और आने वाले फुटबॉल के खेल में बेहतर कर कर देश के लिए जीत हासिल करूंगी। वहीं एक सवाल पर अष्टम ने कहा कि वह इसका पूरा श्रेय अपनी टीम के खिलाड़ियों को देना चाहती हैं कि वह बेहतर कर-के भारत देश के लिए फुटबॉल खेली। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष जय समीर कुजूर, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, उप प्रमुख सीवा देवी, महादेव भगत, रवि पहान, अमित ठाकुर, मुरली मनोहर सिंह, कौशल सिंह, सोला सिंह, चंद्रदेव उरांव, कामाख्या भगत, भीनेश्वर भगत, कुश साहू, सोनू पांडे, शीला कुजूर, सावित्री देवी सहित राजी पड़हा प्रार्थना सभा, आदिवासी सहयोग संचालन समिति गुमला, भारत मंच फौजी पुलिस सहित कई अन्य समिति के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं की करायें नियमित स्वास्थ्य जांच : उपायुक्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ, सभी विद्यालय के वार्डन के अलावा अन्य शामिल हुए। उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चों को 'पढ़ें हम बढ़ें हम' कार्यक्रम से जोड़ते हुए नियमित रूप से उनके शैक्षणिक योग्यता के वृद्धि पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने साप्ताहिक रूप से टेस्ट के रिजल्ट बना कर देने की बात कही। रिजल्ट के आधार पर किताबों का वितरण जल्द ही किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी वार्डन को अपने विद्यालयों में बुक बैंक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में वेट और हाइट मशीन क्रय करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालय में एनीमिया-कुपोषण तथा स्वास्थ्य संबंधित अन्य जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय के बच्चियों का जांच कराने का निर्देश दिया। जिन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में योजना का कार्य किया जा रहा है, वहां के वार्डन को जिम्मेदारी दी गई कि कार्य की गुणवत्ता के बारे में समय समय पर जांच करते हुए रिपोर्ट दें। उपायुक्त ने घाघरा तथा डुमरी स्थित केंद्रीय बालिका विद्यालयों में आवश्यक मरम्मती हेतु प्रस्ताव की मांग की। कामडारा स्थित केजीबीभी विद्यालय की बाउंड्री लाइन के प्रस्ताव पारित करने का निर्देश दिया गया।

# मिशन बदलाव की पहल पर पुलिस ने विक्षिप्त लड़की को किया सुरक्षित

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव की पहल पर एक विक्षिप्त लड़की की इज्जत पुलिस ने सुरक्षित किया। हुआ कुछ यूं कि एक विक्षिप्त युवती कई दिनों से गुमला में भटकती फिर रही थी। जिसे शहर के लोग देख रहे थे। मगर कुछ मनचले और अपराधी प्रवृति के लड़के उसके साथ छेड़खानी भी करते दिखाई दे रहे थे। मनचलों की हठधर्मी व आवारगी को देखते हुए यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि कभी भी उक्त विक्षिप्त युवती के साथ अनहोनी हो सकती है। इसी खतरे को भांपते हुए शहर के सभ्य लोगों ने उक्त युवती का एक वीडियो बनाया और उसे मिशन बदलाव को भेज दिया और मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की को सुरक्षित करने के लिए मदद मांगी। मिशन बदलाव के विवेक कुमार यादव ने बताया कि गुमला शहर एवं बस स्टैंड में विक्षित लड़की यहां-वहां दौड़ लगाती रहती है। कुछ मनचले अपराधी मानसिकता वाले युवाओं के द्वारा उस पर बुरी नजर रखी जा रही थी। मिशन बदलाव के विवेक कुमार यादव ने बताया कि लड़की के मामले को लेकर प्रशासन को अवगत भी कराया गया, जिससे लड़की के साथ कोई अनहोनी घटना से बचाया जा सके। मिशन बादलव टीम ने कहा कि मामले को लेकर पुलिस प्रसाशन ने गंभीरता दिखायी और अपने सरंक्षण में लेकर सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

**कार्यक्रम :** दिल्ली जाकर गुमला के कांग्रेसियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को दी बधाई, कहा

# मल्लिकार्जुन के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनमानस का विश्वास हासिल करेगी

**मल्लिकार्जुन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर गुमला के टावर चौक में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रोशन बरवा और कांग्रेस के पालकोट प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता गुड्डू ने दिल्ली जाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके दिल्ली आवास पर मिलकर बधाई दी। साथ ही उन्हें झारखंड आने का निमंत्रण भी दिया है। उनके आवास पर कांग्रेस नेता ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे अनुभवी और शांत चित्त नेता के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस जनों में एवं देश के आम लोगों में काफी उत्साह का संचार हो रहा है। उनके अनुभव का लाभ निश्चित तौर पर मिलेगा। आने वाले हर चुनौतियों का मुकाबला मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के सहयोग से किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा आने वाले हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनाव में कांग्रेस पार्टी सफलता हासिल करेगी एवं मल्लिका अर्जुन खड़गे का सबल नेतृत्व एवं राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा 2024 के लिए जनमानस का विश्वास हासिल करेगी तो वहीं दूसरी तरफ सांगठनिक तौर पर भी जमीनी कार्यकर्ताओं को तरजीह मिलेगी। सालों बाद पार्टी में चुनाव हुआ, जिससे लोकतंत्र काफी मजबूत हुआ है। लोग उत्साह के साथ हजारों की संख्या में वोटिंग किये और अपनी पसंद का नेता को राष्ट्रीय नेतृव दिया है। झारखंड से गये कांग्रेस नेताओं ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं पीआरओ प्रकाश जोशी से भी मुलाकात की।

वहीं गुमला जिला कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी के नेतृत्व में माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर गुमला के टावर चौक पर मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की गयी। उनके समर्थन में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाये। मौके पर रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, माणिक चंद साहू, निशांत दुबे, असगर आलम, गुलाम सरवर, अरुण गुप्ता, सगीर आलम, आजाद उरांव, मंगरु उरांव, मानती उरांव, बेलसगर मिंज, ओमप्रकाश साहू, बिरसमुनी उरांव, सरिता उरांव, अनिल उरांव, पुनि उरांव, देवेंद्र उरांव, संतोष उरांव के साथ अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# चेंबर के पूर्व अध्यक्ष ने पेय जलापूर्ति को लेकर जतायी चिंता

**लोगों की जरूरत का ख्याल रखते हुए की जाए पर्याप्त जलापूर्ति : रमेश चीनी**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पेय जलापूर्ति को लेकर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि गुमला में काफी प्रयास के बावजूद नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। हर दो-चार दिनों के बाद पेयजलापूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभी त्योहारों के सीजन में भी जलापूर्ति गंभीर समस्या बनी हुई है। चूंकि जलापूर्ति नहीं होने से घरों के काम के अलावे पानी से जुड़ी दूसरी गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। त्योहारों के जारी रहने की वजह से पानी का खर्च लोगों के बीच बढ़ गया है। पर जलापूर्ति नियमित नहीं हो रही है। ऐसे में लोग चिंतित हैं। दशहरा के बाद से लगातार पानी की समस्या शहरवासियों के बीच है। अभी धनतेरस और दीपावली है। दीपावली की सफाई को लेकर पानी की जरूरत बढ़ गई है। इसके बाद छठ का उत्साह बढ़ जाएगा। यदि नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह परेशानी का सबब बन जाएगा। वैसे जलापूर्ति नहीं होने पर पीएचईडी, नगर परिषद व बिजली विभाग एक-दूसरे पर थोपा-थोपी कर अपना पल्ला झाड़ लेता है। जिस कारण लोग खुलकर विरोध भी नहीं कर पाते हैं और खरीद कर या दूसरी व्यवस्था कर पानी का जुगाड़ करते हैं। इधर समाजसेविका हेमावती देवी ने कहा कि कुछ समय तक नियमित जलापूर्ति के बाद पुनः स्थिति बिगड़ गई और जलापूर्ति बंद हो गई है। उन्होंने जल ही जीवन है की तर्ज पर आस्था व लोगों की जरूरत का ख्याल कर नियमित जलापूर्ति की मांग की है।

# जंगली भालुओं के हमले से ग्रामीण घायल

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मारासीलि पहाड़टोली गांव निवासी बुधवा उरांव (42) गुरुवार की अहले सुबह शौच करने के लिए मारासीलि पहाड की तरफ गया हुआ था। इस क्रम में पहाड़ के पास झाड़ियों से निकल कर दो जंगली भालुओं ने उसपर हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। बुधवा लगभग आधे घंटे तक दोनों जंगली भालुओं से लड़ता रहा और किसी तरह अपनी जान बचायी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया है।

# सेवानिवृत्त फौजी पर घर व जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**पीड़ित ने कहा- घर की तलाशी में कुछ नहीं मिला तो प्रतिबंधित मांस बिक्री में फंसाने की थाने की ओर से दी जा रही धमकी**

**कब्जामुक्त कराने के लिए ताहिर मियां ने डीसी-एसपी को भी आवेदन दिया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जमीन व मकान पर बलपूर्वक अवैध कब्जा से मुक्त कराने के लिए डूमरी के ताहिर मियां ने उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक को आवेदन दिया। बताया जा रहा है कि डुमरी प्रखंड के ग्राम अनाबीरी टोला कपास गुटरा निवासी ताहिर मियां ने 20 अक्टूबर आवेदन समर्पित करते हुए बताया है कि 28 सितंबर 1988 को निबंधित बिक्री पट्टा संख्या 2238 के द्वारा भूमि खरीदी थी। जिसका खाता नंबर 08 प्लाट संख्या 1339 /1290 रकबा 32 एवं 33 डिसमिल कुल 65 डिसमिल जमीन जो मौजा जैरागी थाना डुमरी में अवस्थित है। जमाबंदी भी ताहिर मियां के नाम से कायम है। एक जमीन खरीदगी के उपरांत लगभग तीन डिसमिल जमीन पर कच्चा मकान मेरे द्वारा बनाया गया है। मेरा अस्थाई घर वहां से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। इस प्रकार मेरी अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए ग्राम कोकावल ग्राम निवासी सेवानिवृत्त फौजी प्रदीप हुरहुरिया जो सेवानिवृत्ति के उपरांत माओवादी, उग्रवादियों को प्रशिक्षण देने एवं सहयोगी के रूप में काम करता था, उन्हीं लोगों का भय दिखाकर एवं जान से मार देने की धमकी देकर जमीन मकान अपने नाम कर देने और उस घर बारी पर कभी नहीं आने के चेतावनी देकर एक सादे कागज पर जोर जबरदस्ती हस्ताक्षर ले लिया गया और मेरे घर बाड़ी पर कब्जा कर लिया गया। इस घटना के कुछ ही दिन पूर्व मेरे फूफेरे भाई गफ्फार मियां की हत्या उग्रवादियों द्वारा कर दी गई थी। इसलिए मैं भी डर कर छोड़ दिया और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। इधर कुछ वर्षों से प्रशासन द्वारा उग्रवादियों पर सख्ती किये जाने के बाद कुछ उग्रवादी मारे गए, कुछ पकड़े गए उसी भय से प्रदीप हुरहुरिया इस क्षेत्र से भागकर रांची में कहीं रह रहा है और मेरे मकान और बारी को एक दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति संजय साहू, पिता ज्ञानी साहू, ग्राम जैरागी को हवाले कर मेरे जमीन मकान पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जब मेरे द्वारा जमीन-मकान खाली करने को कहा गया तो मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम जल्द से जल्द उस जमीन को मेरे नाम से रजिस्ट्री कर दो, नहीं तो जान से हाथ धोओगे। थाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ेगी। इतना ही नहीं, मेरे घर से मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल भी अपने उग्रवादी साथियों के साथ प्रदीप हुरहुरिया ले गया। इस घटना से मैं काफी डर गया। ताहिर मियां ने कहा कि बड़ी हिम्मत कर-के वह गुरुवार को पूरी घटना के संबंध में डूमरी थाना को आवेदन दिया। इसके पूर्व भी 20 नवंबर 2021 को डुमरी थाना में आवेदन दिया गया था। मगर आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मेरे द्वारा आरक्षी अधीक्षक गुमला को 30 नवंबर 2021 को तथा 27 फरवरी 2022 अंचल अधिकारी डुमरी को आवेदन समर्पित किया गया। उसी आवेदन के बाद डुमरी थाना प्रभारी ने 18 सितंबर 2022 को दल बल के साथ मेरे घर तलाशी ली। जब वहां कुछ नहीं मिला तो कहा गया कि आज नहीं तो कल तुम्हें प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोप में या अन्य केस बनाकर फंसाया जाएगा। इस तरह डुमरी थाना प्रभारी द्वारा मुझे परेशान किया जा रहा है, जिससे पूरा परिवार डरे-सहमे हुए हैं।

**निरीक्षण :** मोटरसाइकिल से विमरला पिकेट पहुंचे एसपी एहतेशाम

# सीधे जंगल में पहुंच कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**विमरला व नोनी पुलिस पिकेट का किया औचक निरीक्षण**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आम जनता तब चैन की नींद सोती है जब सुरक्षा में लगा प्रहरी अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी के साथ करता है। गुमला पुलिस इन दिनों अपनी ड्यूटी की मुस्तैदी के लिए पहचानी जा रही है। चाहे वह शहरी इलाका हो या बीहड़। यह भी सच है कि कप्तान अगर ईमानदारी के साथ मेहनत करें तो पूरी टीम सफलता के लिए जान की बाजी लगा देती है।

गुमला पुलिस कप्तान डा एहतेशाम वकारीब इन दिनों लगातार जिले के थाने और पुलिस पिकेटों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिसके कारण थाना प्रभारी के साथ साथ सभी पुलिसकर्मी अलर्ट मोड में नजर आते हैं। गुरुवार को पुलिस कप्तान डा. एहतेशाम वकारीब मोटरसाइकिल में बैठकर सीधे विमरला जंगल पहुंच गए। विमरला बॉक्साइट माइंस के लिए इस पूरे क्षेत्र में जाना जाता है। माइंस के आसपास फैले जंगल नक्सलियों और उग्रवादियों के सुरक्षित आरामगाह माने जाते हैं। इसके बावजूद पुलिस कर्मियों को लेकर एसपी एहतेशाम वकारीब सीधे जंगल में पहुंच कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जंगलों-पहाड़ों से बेखौफ गुजरते हुए उन्होंने विमरला पुलिस पिकेट का औचक निरीक्षण भी किया। विकास को गति देने के लिए बनने वाली सड़क और सड़क निर्माण में लगे मजदूर व सामग्री की सुरक्षा के लिए उन्होंने विशेष दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के जवान बड़ी बहादुरी के साथ उन क्षेत्रों में डटे हैं और अपना दायित्व अच्छे तरीके से निभा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा बिमरला तथा नौनी दोनों पिकेट का निरीक्षण किया। वहां पदस्थापित पदाधिकारियों और कर्मियों को नक्सल संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दस्ता के संबंध में एसपी ने पुलिस कर्मियों को कई टिप्स दिये। निरीक्षण के क्रम में सीओ 218 सीआरपीएफ, 2आईसी सीआरपीएफ, डीएसपी ऑपरेशन, थाना प्रभारी घाघरा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नंग-धड़ंग अवस्था में अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी स्थित छऊवा नहर के किनारे खेत से घाघरा पुलिस ने गुरुवार को नंग-धड़ंग अवस्था में एक अधेड़ का शव बरामद किया। मृतक की पहचान टोटाम्बी जतरा टोली निवासी लगभग 45 वर्षीय नगदा उरांव के रूप में की गई है। गुरुवार की अहले सुबह लोग शौच के लिए नहर की ओर गए थे, इसी दौरान खेत पर नंग धड़ंग अवस्था में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। जिसके बाद सूचना घाघरा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थानेदार अमित कुमार चौधरी घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# घाघरा के देवाकी पंचायत में शिविर में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवाकी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज, सीडीपीओ अनुपमा मिंज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 11 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के द्वारा 7 महिला मंडल को दस लाख पचास हजार का लोन का ड्राफ्ट, मनरेगा के तहत 10 परिवारों को जॉब कार्ड, 20 जरूरतमंद को कम्बल, 10 पीपीओ, स्वास्थ्य विभाग के तहत एनडीटी 10 बच्चों को दवा, 17 बूस्टर डोज, 8 लोगों की आंखों का जांच की गयी। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जहां ग्रामीणों ने आवेदन जमा किया। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिशुनपुर की बनारी पंचायत में सरकार आपके द्वार का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बनारी पंचायत स्थित हेसराग गांव में प्रशासन द्वारा आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, आईटीडीए डायरेक्टर उपस्थित रहे। शिविर में बीडीओ-सीओ ने गांव की महिलाएं हड़िया-दारू का व्यवसाय न कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान श्रम कार्ड सभी जरूरतमंद बनवाएं। शिविर में 456 आवेदन विभिन्न विभागों में आवेदकों ने जमा किये। मौके पर परिसंपत्ति व कंबल का वितरण किया गया। मौके उप प्रमुख चंदन सिंह, मुखिया बसनू उरांव, गणेश राम महतो, जितेंद्र भगत, संदीपा कुमारी, प्रदीप भगत, संदीप उरांव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बसिया एसडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय व होटलों में की खाद्य पदार्थों की जांच



**बसिया (आजाद सिपाही)।** दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर बसिया एसडीओ संजय पीएम कुजूर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला लव कुमार के नेतृत्व में बसिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बसिया एवं विभिन्न होटलों, ठेला, छोटे बड़े दुकानों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी के द्वारा स्थल पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की गयी। जिसमें जांच रिपोर्ट गलत आने पर एसडीओ बसिया के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी दुकान प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिया गया कि अपनी दुकानों में किसी भी प्रकार के मिलावट वाले खाद्य पदार्थ की बिक्री नहीं करेंगे और सफाई का विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के क्रम में यह भी जानकारी दी गई कि बनने की तिथि एवं प्रयोग में लाने की तिथि नहीं लिखे पदार्थ को नहीं बेचेंगे। साथ ही अपने बिल में एफएसएसआई लाइसेंस नं. लिखना अनिवार्य है अन्यथा फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण में श्री लव कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गुमला एवं रांची से आये सुखदेव प्रसाद, फूड एनालिस्ट, एलेक्स राहुल तिग्गा, लैब असिस्टेंट, एसडीओ कार्यालय के विकास कुमार आदि शामिल थे।

# बसिया में बिजली चोरी के आरोप में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कामडारा के कनीय अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में प्रखंड के कुम्हारी बांगरकेला नवाडीह ममरला पाकरटोली ओकबा में विद्युत चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें बिजली चोरी के आरोप में चार लोगों के उपर बसिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर 36 हजार जुर्माना लगाया गया। जिसमें ममरला पाकरटोली निवासी काजल सिंह पर 10,000, ओकबा निवासी मनीष उरांव पर 10,000, भरत साहू पर 10,000 एवं बांगरकेला निवासी विष्णु मिंज के उपर 6 हजार का जुर्माना लगाया गया है। मौके पर रविशंकर राम, गंगाधर ओहदार एवं संवेदक कर्मी उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के सोंगरा गांव निवासी कृष्णा राय को अवैध शराब बिक्री करने के आरोप में पुसो पुलिस ने भुरसो गांव से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस बावत थानेदार सत्यम गुप्ता ने बताया कि कृष्णा राय अपने ससुराल भुरसो में रहता है और किराये का एक मकान में चाउमीन की दुकान चलाता है। गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपनी दुकान में अंग्रेजी व महुआ शराब की अवैध रूप से बिक्री करता है। सूचना के आधार पर गुरुवार को उसकी दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी में दुकान व घर से 8 बोतल अंग्रेजी व 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत कृष्णा राय के विरुद्ध कांड दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

# दुडिया पंचायत की मुखिया ने प्राथमिक विद्यालय सराई टोली का किया निरीक्षण

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुडिया पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा गुरुवार को पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सराई टोली का औचक निरीक्षण कर विदयालय की स्थिति बच्चों की उपस्थिति मध्याह्न भोजन, पेयजल और शौचालय की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों संग बैठक कर स्कूल की समस्याओं से रूबरू हुईं। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल भवन की स्थिति ठीक नहीं है और शौचलय भी जर्जर हो चुका है। स्कूल छोड़ कर बच्चे नदी के तरफ चले जाते हैं, जिससे जंगली भालुओं खतरा बना रहता है। बच्चों की संख्या दिनोंदिन घट रही है, क्योंकि बच्चे अपने अभिभावकों के साथ ईंट भट्ठा चले जाते हैं। इन सब बातों को सुनकर मुखिया द्वारा उपस्थित अभिभावकों को जागरूक करते हुए समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व मुखिया बसंत उरांव ने स्कूल के प्रभारी सिकंदर बड़ाईक को स्थिति में सुधार लाने के लिए दिशा निर्देश दिये।

# पानी नहीं तो पैसा नहीं : महापौर

▶▶ मेरे रहते चौधराना बाजार का किराया नहीं बढ़ेगा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा ‘पानी नहीं तो पैसा नहीं ‘। इस संबंध में उन्होंने बताया की बरसों से कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां कनेक्शन के लिए फॉर्म तो भरवाया गया पर कनेक्शन नहीं लगे सिर्फ बिल आना शुरू हो गया या फिर कनेक्शन भी दिया गया लेकिन नल में पानी के बदले पानी का बिल आने लगा। जब कनेक्शन धारी किसी प्रकार का क्लीयरेंस लेने निगम जाते है तो उन्हें मजबूरन बिना पानी प्राप्त किए पानी टैक्स हजारों में भुगतान करना पड़ता है और जो भुगतान नहीं कर रहे उनके ऊपर निगम का कर्ज पेनल्टी के साथ हजारों में बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं निगम वासियों की इस पीड़ा को समझते हुए गलत तरीके से गत 15- 20 वर्षों से लिये जा रहे वाटर टैक्स को माफ करने के लिए सरकार से पहल करना शुरू की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली, फिर मैंने माननीय पार्षदों एवं उप महापौर के सहयोग से बोर्ड के पावर का इस्तेमाल करते हुए अंतोगत्वा ‘वाटर वेपर कमेटी’ का गठन किया जो अब निगम में कार्य करना प्रारंभ कर दिया। बहुत जल्द छठ के बाद नगर भवन में वाटर वेपर कमेटी का एक मेगा कैंप लगाया जाएगा। जिसमें मैं खुद रहूंगी और ऐसे जितने भी कनेक्शन धारी हैं जहां पानी नहीं आता सिर्फ बिल आता वह अपने पार्षदों से सत्यापित करा कर अर्जी देंगे उसका तुरंत सत्यता की जांच कराते हुए बिल को पूरा माफ कर दिया जाएगा। महापौर अरुणा शंकर ने कहा इसके पूर्व मैंने अपने बोर्ड के पावर का पहले भी इस्तेमाल कर श्रवण भैया, विनोद अग्रवाल, गौरी जी, दीपू चौरसिया,विक्रांत सिंघानिया एवं अन्य व्यवसायियों द्वारा मिलकर बताई गई चौधरान बाजार व्यवसायियों की पीड़ा को सुनकर पूर्व के कार्यकाल में जबरन 1 से 6 गुना बढ़ाया गया किराया जिसे सरकार की मनसा 5 वर्ष उपरांत 12 से 15 तक करने को थी जिसे मैंने, उपमहापौर एवं सभी पार्षदों के सहयोग से बोर्ड के पावर का इस्तेमाल करते हुए 1 रुपया बढ़ने नहीं दिया और आगे भी बढ़ने नहीं जाएगा। चुकी चौधराना के व्यवसायियों को कोई हम सबों ने दुकान बनाकर नहीं दिया उन्हें 100 वर्ष पूर्व मात्र भूखंड दी गई। पूर्व के लोगों द्वारा अचानक 6 गुना किराया बढ़ोतरी करना कहीं से न्याय उचित नहीं था।



## शहरी जलापूर्ति दीपावली की सौगात : महापौर

महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शहर और निगम की अति महत्वपूर्ण शहरी जलापूर्ति योजना घर घर शुद्ध जल के लिए 2 वर्षों के प्रयास के बाद आज फेस 2, फेज 3 जिसकी लागत 165 करोड़ रुपये है | जिसमें 70 प्रतिशत राशि एडीबी दिल्ली द्वारा दी जा रही है की निविदा झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट द्वारा समाचार पत्रों में सभी क्लीयरेंस के बाद निकाल दी गई है। जिसकी निविदा 18- 11- 22 को संध्या 5:00 बजे खोली जाएगी ' महापौर ने इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए पलामू सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया,डिप्टी मेयर मंगल सिंह एवं पार्षद गण को बधाई दी। और कहां अब शुद्ध जल का सपना होगा साकार यह मेरे कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।और मेरी ओर से निगम वासियों को दीपावली की सौगात।

## मेदिनीनगर जलापूर्ति योजना फेज 2 का कार्य शुरू होगा : सांसद

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर जलापूर्ति योजना फेज-2 जिसका वर्षों से यहां की जनता को इंतजार था। अंततः उसकी निविदा प्रकाशित हो चुकी है। निविदा पर अंतिम निर्णय के बाद एवं कार्य आवंटन के पश्चात कार्य प्रारंभ होगा। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी निविदा में दी गयी है। सुविधा हेतु निविदा की प्रतिलिपि संलग्न की जाती है। आशा की जाती है कि इस प्रोजेक्ट के धरातल पर उतारने के बाद मेदिनीनगर के 24,711 घरों में पानी की आपूर्ति संभव हो सकेगी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 165 करोड़ रुपए हैं। एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा इसके लिए धन राशि उपलब्ध करायी गयी है।



कार्य आवंटन के बाद 2 साल के अंतर्गत इस प्रोजेक्ट को पूरा करना है। इससे 1 लाख 23 हजार की आबादी लाभान्वित होगी एवं 24,711 घरों में निःशुल्क वाटर कनेक्शन देना है। साथ ही साथ 5 साल तक कंपनी द्वारा इसका संचालन एवं रखरखाव किया जाएगा। नगर निगम पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इसके साथ- साथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा जो 17 मिलियन लिटर प्रतिदिन पानी सप्लाई करेगा। पानी जमा करने के लिए 4 टंकी बनेगी।

## पिपरा पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के दमवा,देवगन, होल्या मोड पर गुरुवार को एंटी क्राइम चेकिंग के तहत वाहन जांच चैकिंग अभियान चलाया।थाना के एसआई अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चले इस जांच अभियान में वाहनों की सघन जांच की गई। इस चेकिंग अभियान में सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहनों कि कागजात की जांच की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान अजय कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए पलामू पुलिस कप्तान के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान दर्जनभर टू व्हीलर मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। वाहन चेकिंग अभियान में सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## बीस वर्षीय युवक एक सप्ताह से लापता

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)** ।बेलचम्पा गांव निवासी रवि शंकर सिंह का बीस वर्षीय पुत्र गोलू कुमार सिंह पिछले एक सप्ताह से लापता हैं .परिजन उसे हर संभावित जगह तलास कर चुके हैं .लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया .परिजनों ने बताया कि वह घर से घूमने निकला था .उसके बाद वह वापस नहीं आया. गोलू मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ बताया जा रहा है.

## यूथ मोबिलाइजेशन कैंप में करीब तीन सौ युवाओं का किया पंजीकरण

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड परिसर में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, ग्रामीण विकास विभाग एवं झारखण्ड सरकार के तत्वाधान में गुरुवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीओ वासुदेव राय, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा,पूर्व जीप सदस्या आशा कुमारी, तुरी पंचायत मुखिया संदीप यादव,सेमरवार पंचायत मुखिया जितेंद्र पासवान, अखिलेश मेहता, जिला कौशल प्रबंधक विपिन चंद्रा, जिला समन्वयक संदीप मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पलामू जिला कौशल प्रबंधक ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामवासियों हेतु 18 से 35 वर्ष के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार नियुक्ति हेतु कार्यक्रम किया जा रहा है। ग्रामीण परिवेश एवं गरीबी के कारण शिक्षा एवं रोजगार की कमी कमी को दूर करने हेतु इस योजना का क्रियान्वयन बहुत महत्वपूर्ण है। इसके तहत ग्रामीण बेरोजगार युवाओं हेतु रोजगारोन्नमुखी कौशल परीक्षण उपरांत रोजगार उपलब्ध कराने के पश्चात लगातार प्रशिक्षण प्राप्त करता से संपर्क रखते हुए उन्हें रोजगार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त 75 प्रतिशत युवा को नौकरी की गारंटी है। शेष 25 प्रतिशत स्वरोजगार विकसित करेंगे। युवाओं को इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, मोबाइल रिपेयरिंग, सहायक नर्सिंग सहित अन्य चीजों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# इस तरह के आयोजन से गरीबों को आसानी से मिलता है योजनाओं का लाभ : विधायक

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। जिसमें उन्होंने सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़ने की जानकारी दी। विधायक ने अंबेडकर आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धापेंशन व अन्य योजनाओं के लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया। इसके साथ ही विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार आपके द्वार आपकी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रही है। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंताओं की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। कहा कि इस तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविरो में पहुंच कर जनता की समस्या का निबटारा करें। उन्होंने बेहतर आयोजन के लिए पश्चिमी पंचायत की मुखिया शाहनाज प्रवीन, बीडीओ और सीओ को बधाई दी। विधायक ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी जनता की समस्याओं का आगे भी पूरी तत्परता के साथ निदान करने का काम करेंगे। विधायक के अलावा विधायक



प्रतिनिधि अजीत सिंह, सज्जू खान, विमलेश सिंह, गुड्डू सिंह, मुखिया शाहनाज प्रवीन, संतोष कुमार सिंह, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बशिष्ठ कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह व अन्य कई विभागों के अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक ने जनता के बीच बैठकर उनकी समस्या क्रमवार सुनकर उनसे आवेदन लेने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया शाहनाज प्रवीन ने किया। विधायक ने मैदान में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस कार्यक्रम में सर्वाधिक भीड़ शुरू से अंत तक वर्ग आठ से 12 तक की छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के काउंटर पर जमी देखी गई है। इस योजना के संबध में बीडीओ ने विधायक को आठ हजार बच्चियों का पंजीकरण करने का लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन दो से ढाई सौ बच्चियों का पंजीकरण किया जा रहा है। विधायक ने बीडीओ को हरेक गांव तक जाकर बच्चियों को इस योजना से जोड़ने व शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इस दौरान मुखिया की ओर से चिन्हित कई गरीब असहाय लाभुकों के बीच विधायक कमलेश कुमार सिंह ने धोती, साड़ी, कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, ज्याउदीन खान, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मन्नान खान, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सज्जू खान, विनय पासवान, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, रामप्रवेश सिंह,एनसीपी के मोहम्मदगंज अध्यक्ष गुड्डू सिंह, उप मुखिया बिगू खान, राजू खान, अशरफ हसन, संतोष राम, जिलानी अंसारी सहित कई प्रबुद्धजन लोग शामिल थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की उपायुक्त ने की समीक्षा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कम डिस्पोजल वाले प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से कम निष्पादन के कारणों से अवगत हुए। इस पर उपायुक्त ने प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से अधिकाधिक निष्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने पाटन,नवाबाजार,चैनपुर व मोहम्मदगंज के नोडल पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। **शिविर में प्रथम चरण के तहत कितने लोग लाभान्वित हुए,आंकड़ा अपडेट रखने के निर्देश** : उपायुक्त ने कहा कि शिविर में कितने लोग लाभान्वित हुए है इसका विभाग वार अपडेटेड आंकड़ा रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत नयी योजनाओं के शिलान्यास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखें। आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायतों में आयोजित हुए शिविरों में आने वाले सभी लोगों के मामलों को पूरी गंभीरता से लें एवं यथासंभव ऑन द स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित करें। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते,नगर आयुक्त समीरा एस, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,तीनों एसडीओ समेत जिला स्तरीय अधिकांश पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## रतनपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लगा शिविर

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)** ।पांकी प्रखंड स्थित अति सुदूरवर्ती पंचायत रतनपुर के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसहा जीरो के प्रांगण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर लगाया गया। इस शिविर में बृद्धा पेंशन,आधार कार्ड,जेएसएलपीएस,पीएम आवास ,स्वास्थ्य सम्बन्धित एवं सभी विभागों का स्टॉल लगाए गए थे जिस पर कर्मी मौजूद थे। शिविर में सखी मंडल के तीस लाख का चेक वितरण किया गया साथ ही गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रांगण में शिविर लगने के कारण विद्यालय में पठन- पाठन बंद रहा। सुदूरवर्ती एरिया होने के कारण सब इंस्पेक्टर गुलशन गौरव अपने दल बल के के साथ मौजूद थे। कार्यक्रम में सीओ सह बीडीओ निर्भय कुमार,प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिसद सदस्या खुशबू कुमारी, आवास कोडिनेटर रंजीत कुमार ,बीपीओ आशीष कुमार, पंचायत के मुखिया लालती देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, मुखिया पति सूरत उरांव, वार्ड सदस्यों के साथ पदाधिकारी एवं सैकड़ों ग्रामीण जनता इस कार्यक्रम में भाग लिया।



## जिप सदस्य व मुखिया ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता व लोटनिया पंचायत के मुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू ने गुरुवार को 2 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क का निर्माण 15वे वित आयोग से कराया जा रहा है,जो हुसैनाबाद के लोटनिया पंचायत के भवनपुरा बर पेड़ से अखिलेश यादव के घर तक बनेगा मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि पंचायतों में विकास हो, इसके लिए हमलोग हमेशा प्रयासरत है। जिस पंचायत तक विकास की किरण नहीं पहुंची है, हम वहां तक विकास पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। यहां सड़क नहीं होने से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी होती थी। पीसीसी सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार विभिन्न जगहों पर विकास योजनाएं चलाई जा रही है मौके पर वार्ड सदस्य इंदू देवी, समाजसेवी रामसुंदर मेहता,मथुरा मेहता, उदय यादव, विनय मेहता, राकेश कुमार, अजीत मेहता, अमित विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, सुदेश्वर यादव, अवधेश यादव, अबिका यादव, कामता यादव, राम यादव, विंदा यादव, रामपति यादव समेत कई ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के बेटा को गुजरात में मिला विजयश्री स्मृति सम्मान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गुजरात राज्य के जामनगर में चल रहे तीन दिवसीय संगोष्ठि अखिल भारतीय दर्शन परिषद के 66वें अधिवेशन में देश भर के दार्शनिकों का जमावड़ा एक साथ हुआ और उसमें भाग लिए प्रतिभागियों द्वारा पत्र लेखन व वाचन का कार्य किया गया। जिसमें नीति दर्शन विभाग में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों में हुसैनाबाद का बेटा डॉ श्रवण के पत्र लेखन व वाचन को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार डॉ0 विजयश्री स्मृति पुरस्कार से नवाजा गया जो हुसैनाबाद और पलामू के छात्रों के लिये प्रेरणा का विषय है और हुसैनाबाद वासियों के लिए गर्व का क्षण है ज्ञात हो कि उच्च शिक्षा में अपना स्थान रखने के साथ-साथ गायन, अभिनय, लेखन व संगीत जैसे कई प्रतिभाओं के धनी डॉ. श्रवण हुसैनाबाद विधानसभा के अंतर्गत कुकही ग्राम के निवासी हैं,ये काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके हैं ।प्रसिद्ध गायक व अभिनेता डॉ. श्रवण पीएचडी करने के उपरांत वर्तमान में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के (ळढफ )अखिल भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से ढऊऋअर्थात पोस्ट डॉक्टोरल फेलो हैं ।उनका यह शोध कार्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग से निर्देशक प्रो .किस्मत कुमार सिंह जी के निर्देशन में चल रहा है। डॉ श्रवण की यह बढ़ती लोकप्रियता हुसैनाबाद वासियों सहित पूरे पलामू के लिए गर्व की बात व हर्ष का क्षण है।

## हुसैनाबाद की महुअरि पंचायत में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,पंसस बद्री नारायण सिंह,जेएमएम के वरिष्ट नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,डॉ0 एजाज आलम,बीडीओ रतन कुमार,सीओ नंद कुमार राम आदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिप सदस्य टूटू सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगो को लाभ लेने की जरूरत है ।मौके पर जेएमएम के वरीय नेता छेदी खान ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार गरीब गुरबो के उत्थान के लिए संकल्पित है ।सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगो को सुलभ रूप से लाभ पहुचाना है ।कार्यक्रम के दौरान अंबेडकर आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धापेंशन व अन्य योजनाओं के आवेदन लिए गए। ।



## छठ घाट पर व्रतियों के लिए हर सुविधा करायी जायेगी उपलब्ध : डॉ ईश्वर

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)** । भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने गुरुवार को बिश्रामपुर के शिव घाट का जायजा लिया। छठ पूजा कमेटी को कई दिशा निर्देश भी दिया ।कहा कि छठ व्रत धारियों को घाट पर हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। कमेटी को जो भी जरूरत है उसे दिया जायेगा। यहां बताते चलें कि श्री चंद्रवंशी ने व्रत धारियों की सुविधा हेतु छठ घाट पर एक और चापानल कुछ दिल पहले ही गड़वाया है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का सबसे बड़ा पर्व है। इस महापर्व पर व्रतधारियो को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि,छठ पूजा कमेटी अध्यक्ष गोपाल सोनी,किरण देवी,सुनील कुमार चौधरी,उखमेजी यादव,विकाश चंद्रवंशी,असलम बहादुर, डॉ चंदसी,शशि कुमार चंद्रवंशी,अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



## हैदरनगर में बिजली चोरी के आरोप में 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)** । स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने बुधवार को देर शाम तक विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 13 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले कुल तेरह लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई और एक लाख 85 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें संड़ेया गांव के गणेश पाल, रामदेनी पाल, संजय कुमार पाल एवं तपेश्वर पाल, चौकड़ी के छोटेलाल राम, दुबा के शकील अख्तर एवं मो .मुख्तार, खरडीहा के सुल्ताना बीवी एवं हलीमा खातून, पतरिया गांव के बलिंद्र राम, सलैयाटीकर के बबन यादव, कनौदा के अनिल चौहान और हैदरनगर इस्लामगंज के हेसामुद्दीन के नाम शामिल हैं ।जेबीवीएनएल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन पर अलग-अलग कुल एक लाख 85 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इस अभियान में उनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर और मनोज कुमार शामिल थे। श्री सिंह ने कहा कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा।

## दान की भूमि पर बाबा गणिनाथ का मंदिर निर्माण हेतु वैश्य सभा ने की बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत ग्राम भंडार में समाजसेवी ओमप्रकाश कुमार उर्फ भोलाजी के पूर्वजों के द्वारा दान किए गए भूमि पर बाबा गणिनाथ जी के मंदिर निर्माण के लिए बैठक की गई। इस संबन्ध में समाजसेवी ओमप्रकाश कुमार उर्फ भोला जी ने बताया कि मेरे पूर्वज स्व. जागेश्वर राम एवं रामधनी राम द्वारा मंदिर निर्माण के लिए 18 डिसमिल जमीन का दान किया गया है। बाबा गणिनाथ जी का भव्य मंदिर बने इसके लिए हम सभी हलवाई भाइयों से आग्रह करते हैं की बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लें ।मौके पर वैश्य सभा के जिला मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह महान योगदान समस्त हलवाई समाज के लिए ऐतिहासिक रहेगा। इसके लिए दानवीर ओम प्रकाश कुमार उर्फ भोला जी के समस्त परिजनों का आभार व्यक्त करते हैं। वहीं जिला अध्यक्ष राजू कुमार ने कहा कि मंदिर निर्माण में दानवीर का हम पूरे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर धन्यवाद करते हैं और इस कार्य को जल्द शुभारंभ करने के लिए जिला स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर मेरा पूरा योगदान रहेगा। इस कार्यक्रम में समाजसेवी कृष्ण कुमार क्रांतिकारी, श्याम सुंदर, प्रदेश मंत्री झारखंड योगेंद्र प्रसाद, प्रखंड सचिव हरिहरगंज एवं राम गोपाल शरण जी उपस्थित थे।



# स्पोर्ट्स




हमें विश्व कप जीतने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत : रोहित शर्मा

## इंडिया-पाकिस्तान के ग्रुप में आया नीदरलैंड

**नई दिल्ली** । ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाइंग ग्रुप-ए के मैच समाप्त हो गए हैं। गुरुवार को इस ग्रुप में श्रीलंका ने नीदरलैंड को 7 रन से हराया और वअए ने नामीबिया को मात दी। इस तरह श्रीलंका की टीम 3 मैचों से 4 अंक लेकर पहले स्थान पर रही। नीदरलैंड भले ही श्रीलंका से हार गया हो लेकिन शुरूआती दो मैचों में जीत की बदौलत उसके भी 3 मुकाबलों से 4 अंक हो गए। बेहतर नेट रन रेट के आधार पर श्रीलंका पहले और नीदरलैंड दूसरे स्थान पर रहा। क्वालिफाइंग ग्रुप-ए में पहले स्थान पर रहने के नाते श्रीलंका ने सुपर-12 में ग्रुप-1 के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, नीदरलैंड ने ग्रुप-2 में जगह बनाई है। सुपर-12 ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान टीमें पहले से मौजूद हैं। अब इसमें श्रीलंका भी शामिल हो गया है। सुपर-12 ग्रु-2 में भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बाद नीदरलैंड पांचवीं टीम हो गई है। दोनों ग्रुप की छठी टीमों का फैसला शुक्रवार को क्वालिफाइंग ग्रुप बी मुकाबलों की समाप्ति के बाद होगा।

## जशपुरिया आदिवासी फुटबाल क्लब बीसा की टीम बनी चैंपियन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जशपुरिया आदिवासी फुटबाल क्लब बीसा की टीम बेंती मैदान में आयोजित एकदिवसीय फुटबाल टुनामेंट की चैम्पियन बनी। बीसा ने स्पोर्टस क्लब नवागढ़ को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 गोल से हराया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार थे। विजेता व उपविजेता टीम को नकद राशि पुरस्कार रूवरूप दिया गया। टुनामेंट का आयोजन जयराम स्पोटिंग बीसा ने किया। इस मौके पर बीसा मुखिया मंजोती



देवी, पंसस दिलीप बेदिया, ग्रामप्रधान उमेश कुमार बड़ाईक, संजय भोगता, भाजपा नेता सत्यदेव मुण्डा, बन्नू बेदिया, सोहन बेदिया, बबलू अंसारी, शंकर बेदिया सहित आयोजन समिति जयराम बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की निक्की सलीमा, संगीता और ब्यूटी आमंत्रित

**रांची (आजाद सिपाही)।** 25 अक्टूबर से 26 नवंबर तक साईं सेंटर, बेंगलुरु में ङ्मारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए हॉकी इंडिया द्वारा राष्ट्रीय कैंप आयोजित होना है, जिसमें झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ियों को ङ्मी आमंत्रित किया गया है। इनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग शामिल हैं। निक्की, सलीमा और संगीता पूर्व से सीनियर ङ्मारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य हैं। ब्यूटी डुंगडुंग, जो पूर्व में जूनियर इंडिया महिला हॉकी टीम की सदस्य थी, उसे ङ्मी इस बार सीनियर महिला इंडिया टीम में चयनित किया गया है। निक्की प्रधान खूंटी जिले की रहने वाली हैं। सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा की हैं। झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ियों का एक साथ सीनियर ङ्मारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में चयनित होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष ङ्मोलानाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्रानी मजूमदार, महासचिव विजय शंकर सिंह, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीइओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों एवं सङ्मी जिलों के अध्यक्ष तथा सचिवों ने बधाई दी हैं। खुशी जाहिर की है।

## छापेमारी : 50 टन अवैध कोयला प्रबंधन को सौंपा

# छापेमारी में पुलिस नहीं करती है सहयोग : चिरंतन कुमार

**सीआइएसएफ टीम ने छापेमारी की कोयले से भरे बोरे को जब्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में इनदिनों कोयला का अवैध कारोबार फिर अपने चरम सीमा पर पहुंच गई है। अवैध कोयला का कारोबार करने वाले कारोबारियों कि साठ गांठ पुलिस से इतनी मजबूत है की सीआईएसएफ के द्वारा फोन पर सूचना देने के कई घंटो के बाद पुलिस और बीसीसीएल प्रबंधन उक्त स्थल पर पहुंचते है। सोनारडीह ओपी क्षेत्र के भागा बस्ती के समीप झाड़ी नूमा जंगल में बीसीसीएल ऐरीया तीन क्षेत्र की सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर चिरंतन कुमार के नेतृत्व मे गुरुवार की दोपहर टीम ने भागा बस्ती के समीप अवैध धंधेबाज कर्मकार व उन्की टीम के अवैध माइंस पर छापेमारी कर हजारों बोरा कोयल जब्त कर बीसीसीएल ब्लॉक फोर को सुपुर्द कर दिया। बताते चले कि गुरुवार की दोपहर को सीआईएसएफ टीम को गुप्त सूचना के आधार पर भागा बस्ती के समीप झाड़ी नुमा जंगल मे हजारों-बोरा कोयला पड़ा हुआ है। बीसीसीएल -3 की सीआईएसएफ टीम ने छापेमारी की कोयले से भरे बोरे को जप्त किया। वहीं सीआईएसएफ कोयला देखकर बीसीसीएल प्रबंधन तथा सोनारडीह ओपी पुलिस को फोन पर सूचना देते हुए छापेमारी की जानकारी दी। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर की सूचना पर सोनारडीह ओपी पुलिस व स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन भी मौके पर पहुंचे। एरिया -3 के ब्लॉक -4 के पीओ के.के सिन्हा छापेमारी स्थल पर पहुंचकर कोयला को पिलोडर के माध्यम से हाईवा वाहन मे लोड कर एरिया-3 के ब्लॉक-4 कोलियरी के 28 नंबर कोल डंप ले गए।





## पुलिस ने प्रेम जाल में फंसा ठगी के आरोप में एक युवक सहित तीन महिलाओं को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद, तेतुलमारी और मुनिडीह पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए बुधवार की रात में पुरुषों को प्रेम की जाल में फंसा कर ठगने के आरोप में एक युवक सहित तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई सुदामडीह निवासी गया चौधरी द्वारा 2020 में दर्ज कराये गए मामले के आधार पर की है। पुलिस छापेमारी अभियान चला कर मुनीडीह से उषा देवी एकडा से रुपा देवी तथा तेतुलमारी से खुशबु कुमारी व समर सिंह को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि 16 जनवरी 2021 में पंकज राजगढ़िया की शिकायत पर सिराजुद्दीन और सोनी खातून पर ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। दोनों पति-पत्नी इस मामले में जेल भेज दिया गया था।सिराजुद्दीन को जब रिमांड पर ले कर उससे पुछताछ की गयी तो पुलिस को दिए कंफेशनल बयान में इन आरोपियों का नाम लिया था। जिसके बाद इन लोगों का नाम उक्त कांड में जोड़ दिया गया था। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक गया चौधरी को एक महिला अपनी प्रेम जाल में फंसा कर लोयाबाद थाना क्षेत्र में स्थित एक आवास में बुलाया। चौधरी के घर के अंदर जाने पर पहले आवभगत किया गया इसके बाद उसके कपड़े उतार कर विडियो बना कर उससे ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। एटीएम से बीस हजार तथा पेटीएम से पांच हजार रुपये एकाउंट में ट्रांसफर करा लिया गया और उससे पैसे की मांग महिलाओं द्वारा की जाने लगी नहीं विडियो को वायरल करने की धमकी दी गई। चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात महिलाओं और युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इसी तरह का मामला जब 2021 में घटी और पकड़ा गया आरोपी जेल चला गया तो पुलिस ने उससे रिमांड पर लेकर जब उससे सख्ती से पुछताछ की तो आरोपी ने उक्त घटना में इन लोगों के शामिल होने की बात कही। छापेमारी में लोयाबाद थाना के अवर निरीक्षक एसीपी मेहता मुनीडिह ओपी के श्रवण कुमार राम तथा तेतुलमारी के जवाहर प्रसाद यादव पुलिस अधिकारी शामिल थे। थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने बताया तीन महिला और एक युवक को धोखाधड़ी के दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## मल्लिकार्जुन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बांसजोड़ा के मजदूरों के बीच बांटी मिठाई, मनायी खुशी



**लोयाबाद।** मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के गोमिया विधानसभा प्रभारी रवि चौबे के नेतृत्व में बांसजोड़ा कोलियरी ऑफिस, कर्मशाला, 6 नंबर पीट पर मजदूरो के बीच मिठाई बांटकर खुशी मनायी गयी। इस अवसर पर रवि चौबे ने खड़गे को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस के समर्पित वरिष्ठ नेता,राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व मे कांग्रेस एक नई उचाई पर पहुंचेगी। वे एक अनुभवी नेता है। देश के लोकतांत्रिक प्रकिया के अनुरूप जीत हासिल कर यह उपलब्धि पायी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश सिंह, हाकिम खान, चांद खान, केके पांडेय, तारिक हुसैन आबिद, अजय यादव, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार,बब्लू पासी,रवि दास, सुधीर कुमार, राम बहादूर हरिजन, देवीलाल महतो, विश्वनाथ महतो आदि शामिल थे।

## हत्याकांड मामले के आरोपी प्रिंस के करीबी भोमा ने किया न्यायालय में सरेंडर, गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जमीन कारोबारी माहताब आलम उर्फ नन्हे खान हत्याकांड मामले के आरोपित प्रिंस खान के करीबी भोमा राजा ने पुलिसिया दबाव से तंग आकर गुरुवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने भोमा की जमानत अर्जी खारिज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले में प्रिंस खान की मां नसरीन खातून, पिता नासिर खान समेत अन्य आरोपित टिंकू कुरैशी, अजहर, रिज्जू ऊर्फ रिजवान व शाबिर को पूर्व में कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, जबकि प्रिंस के भाई गोडविन खान एवं बंटी खान की जमानत नहीं हुई है।



### एक वर्ष पूर्व दिनदहाड़े हुई थी नन्हे खान की हत्या

ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व दिनदहाड़े नन्हे खान की हत्या कर दी गयी थी। 24 नवंबर 2021 की दोपहर दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियों की बौछार कर दी थी। घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले। शूटरों के भागने के बाद स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ नन्हे को उठाकर एसएनएमएमसीएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले में नन्हे खान के भाई अल्ताफ आलम उर्फ रूमी के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। नन्हे खान फहीम खान के पुत्र इकबाल खान का काफी करीबी माना जाता था।

## नगर पालिका आम निर्वाचन 2023 को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद में बैठक



**चिरकुंडा।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2023 के निमित चिरकुंडा नगर परिषद (वर्ग ख)में आगामी निर्वाचन के तहत गुरुवार को चिनप के सभागार के एग्यारकुंड बीडीओ चिनप कार्यपालक पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में समस्त बीएलओ,बीएलओ पर्यवेक्षक, प्रतिनियुक्त शिक्षक की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनर प्रमोद कुमार झा ने कहा की चिनप के वार्ड वार प्रकाशित मतदाता सूची का संबंधित मतदान केंद्रों में प्रदर्शन करते हुए आगामी 29 अक्टूबर 2022 (अवकाश के दिनों को छोड़कर) तक मतदाताओं से आपत्ति प्राप्त करते हुए उनके द्वारा किये गये दावे का स्थलीय जांचोपरांत निष्पादन का कार्य करते हुए प्रतिदिन अधतन प्रतिवेदन के साथ चिनप मे स्थित निर्वाचन कोषांग को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में राजीव रंजन मिश्रा, पुरषोत्तम कुमार सिंह, कन्हैया सिंह, अरविंद यादव, पवन कर्ण, अर्चना गोराई, सागर दरिप्पा, सौगत आचार्जी, समीर कुमार दास, संजय मंडल, स्वामीनाथ मंडल, प्रमोद झा, शशिकांत प्रसाद, राजीव गोप के अलावे दर्जनों उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

जिला परिषद, हजारीबाग हेतु SCORPIO CLASSIC S11, White Colour का वाहन क्रय एवं आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अधिकृत बिक्रेता /प्रतिष्ठान/फर्म अपने सीलबन्द लिफाफा में सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से कोटेशन/निविदा जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग में दिनांक 28/10/2022 अपराहन् 3:00 बजे तक समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधी के पश्चात् कोटेशन/निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। किसी भी कोटेशन/निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कोटेशन/निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.280581 District(22-23):D


## जल संकट से जूझ रहे गोल्डन पहाड़ी के ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, घंटों ट्रांसपोर्टिंग रही बाधित

**झरिया/अलकडीहा।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के गोल्डेन पहाड़ी मॉडल कॉलोनी के लोग लगातार जल संकट से जूझ रहे। ग्रामीणों ने गुरुवार को जमसं नेता संजीत सिंह के नेतृत्व में नोर्थ-साउथ तिसरा जीनागोरा मुख्य सड़क को जाम कर ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। ग्रामीणों ने प्रबंधन पर जल संकट के समाधान कि प्रक्रिया में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि गोल्डेन पहाड़ी धौड़ा एवं आस पास क्षेत्र में लगभग एक हजार परिवार रहते है। पुरा मुहल्ला व कालोनी परियोजना क्षेत्र से घिरा हुआ है। जहां पीने कि पानी का पहले से टोटा है। घरेलू उपयोग के लिए वर्षो से पिट वाटर कि आपूर्ति कि जाती है. वर्तमान में जिस परियोजना के पानी पाइपलाइन से आपूर्ति कि जाती है। उस परियोजना में जमा पानी का जल स्तर घट जाने से कालोनी में पिट वाटर कि आंशिक आपूर्ति कि जाती है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को लगातार जल संकट का सामना करना पड़ता है। पहले भी ग्रामीणों ने पिट वाटर के लिए आंदोलन कि गयी लेकिन प्रबंधन ने समस्या के झूठी आश्वासन देकर आंदोलन कमजोर करने का काम किया गया। मौके पर संजय सिंह, आयुष कुमार, टुना साव, छोटु सिंह, मानिक दास, संजय पासवान, तुफान सिंह, दुर्गेश सहाय, संतोष, विक्की,अमर निषाद, हासिम खान, अशोक पासवान, पप्पु निषाद दुर्गेश सिंह सुमीत सिंह, विनय पासवान सुरेन्द्र पासवान, निर्मल महतो, रामप्रवेश राजभर आदि थे।

## डीसी-एसपी ने अधिकारियों के साथ विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

**बोकारो।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बाबत डीसी कुलदीप चौधरी ने नगर निगम/परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी व सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को छठ घाटों की साफ झ सफाई व अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण क्रम में विधायक बोकारो, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने सेक्टर तीन नियर एडीएम बिल्डिंग, जगन्नाथ मंदिर, सिटी पार्क, सेक्टर 9 एस पाउंड, गरगा पुल एवं जोधाडीह मोड़ स्थित सोलागिरी तालाब पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने पर्व से पूर्व घाट की अच्छी तरह से साफ-सफाई करने की बात कहीं। ताकि छठव्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। उपायुक्त ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाय की घाटों पर किसी प्रकार की गंदगी या घाटों पर फिसलन न रहें, क्योंकि इन जगहों पर अर्घ्य हेतु श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा हेतु सभी व्यवस्थाओं को ससमय सुनियोजित तरीके से पूर्ण करने को कहा। उपायुक्त ने अधिकारियों को तालाब/घाटों की गहराई मांपते हुए मार्क करने को कहा ताकि छठव्रति सतर्क रहें, बड़े घाटों पर एनडीआरएफ एवं गोताखोरों के टीम को प्रतिनियुक्त करने। उन्हें अलर्ट रखने का निर्देश दिया।इसी क्रम में विधायक बोकारो बिरंची नारायण,उपायुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा समेत अन्य अधिकारियों ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन, चास एसडीपीओ पुरषोत्तम कुमार, ट्राफिक डीएसपी पुनम मिंज उपस्थित थे।

## धनबाद में डेकोरेटर्स एसोसिएशन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**धनबाद।** धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को खडेश्वरी मंदिर के समीप स्थित विवाह भवन में संपन्न हुआ। समिति के सत्र 2022 -25 कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर नये सत्र की शुरूआत की गयी। इस दौरान कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए श्री सिंह ने बताया कि मंजीत सिंह को मुख्य संरक्षक, मनौवर रब्बानी को चेयरमैन, गौतम चक्रवर्ती, भरतजी भगत को उपचेयरमैन, नौशाद अंसारी को वरीय उपाध्यक्ष, संजय कुमार तिवारी और सुमन कुमार को संयुक्त सचिव बनाया गया। वही समिति के महासचिव ने बताया कि धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की अभी तक 16 शाखा थी। वही बैठक में एसोसिएशन के सचिव गुड्डू साव ने सर्वसम्मति से रेटचार्ट की भी घोषणा की। कहा गया कि अब से सभी सदस्य एक दर पर ही व्यवसाय करेंगे। बैठक में धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन के सभी शाखाओं के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन



**राजगंज।** महेशपुर पंचायत में दो वर्ष पूर्व बने आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन गुरुवार को टुंडी विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल मथुरा प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि उक्त केंद्र दो वर्षों पूर्व बना था। कोरोनाकाल के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लिखित शिकायत दिया जिसके बाद आज केन्द्र का उद्घाटन किया गया। कहा कि जल्द विधायक मद से इस केन्द्र के चारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। वही ग्रामीणों ने बताया कि महेशपुर स्थित सरकारी भुखंड पर दो वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कराया गया था। लेकिन सेविका कुन्ती देवी द्वारा केन्द्र को निजी आवास के रूप में संचालित किया जा रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार इस बारे में सेविका से कहा लेकिन एक नहीं सुनी। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे दिया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न

**जैनामोड़(बेरमो)।** जरीडीह प्रखंड के अंतर्गत बेलडीह पंचायत के विद्यालय मैदान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बोकारो के उप विकास आयुक्त कृतिश्री, जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी उज्वल कुमार सोरेन, जरीडीह अंचलाधिकारी नरेश कुमार रजक, बेल्डीह के पंचायत सेवक कौलेश्वर मांझी, पंचायत की मुखिया सोनिया देवी, जीप सदस्य सुनीता देवी, जरीडीह प्रमुख देवनारायण भगत, उप प्रमुख सिथोनी कुमारी मूर्मू ने संयुक्त रूप से द्वीप जलाकर किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बोकारो के उप विकास आयुक्त कृतिश्री ने कहा कि ग्रामीण जागरूकता अभियान के तहत अपनी अपनी समस्या से सरकार को अवगत कराने का काम करेंगे। उनके आवेदन पत्र पर कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम के तहत ही बेल्डीह के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आयुक्त कृतिश्री ने भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत हुए।


**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 494 दिनांक– 17.03.2020 एवं विभागीय संकल्प संख्या– 650 दिनांक– 07.03.2019 के आलोक में केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत जिला स्तर पर संविदा आधारित जिला योजना समन्वयक एवं जिला योजना सहायक के एक–एक पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन कर योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

विभागीय पत्रों में निहित दिशा–निर्देश एवं प्रकाशित विज्ञापन/सूचना की शर्त्तो के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन के साथ संलग्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों के आधार प्रारम्भिक मेधा सूची एवं प्रत्येक पद के विरूद्ध पाँच गुणा अभ्यर्थियों का चयन कर शीर्ष प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की गई है। जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उक्त दो पदों के लिए तैयार की गई प्रारम्भिक मेधा सूची एवं शीर्ष प्रारम्भिक मेधा सूची को हजारीबाग जिला के वेवसाईट www.hazairbag.nic.in पर अपलोड किया गया है।

वेबसाईट पर प्रकाशित प्रारम्भिक मेधा सूची एवं शीर्ष मेधा सूची में किसी अभ्यर्थी को यदि कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति आवश्यक दस्तावेज के साथ जिला समाज कल्याण कार्यालय में निबंधित डाक अथवा ई–मेल आई0डी0 awc15.monitoring@gmail.com के माध्यम से दिनांक– 05.11.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक उपलब्ध करा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 280589 (Social Welfare,Women and Child Development) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **RDD/SD/HZB/15/2022-23**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/15 /2022-23 | प्रखण्ड बरही के पंचायत कोल्हुआकला, ग्राम–करगईयो के बराकर नदी में चितहवा घाट पर पुल निर्माण कार्य। | 6,62,80,600.00 | 13,25,700.00 | 10000.00 | 24 (चौबीस) माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.10.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक 02.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.11.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 280585 (Rural Development) 22-23 (D)


## गोमिया विधायक ने किया बगदा में जेहराथान चारदीवारी का शिलान्यास

# भगवान की भक्ति से ही शक्ति मिलती है : डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार(बेरमो)।** कसमार प्रखंड के बगदा में कल्याण विभाग की और से बनने वाली जेहराथान स्थल की चहारदीवारी का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो, विशिष्ट अतिथि बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, कसमार प्रखण्ड प्रमुख नियोति कुमारी, बगदा मुखिया गीता देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा कर नारियल फोड़कर किया। बगदा जेहराथान स्थल की चहारदीवारी कल्याण विभाग की मद से कुल प्राक्कलित राशि 24 लाख 99 हजार चार सौ रुपए की लागत से बनायी जाएगी। शिलान्यास के दौरान मुख्य अतिथि डॉ॰ लंबोदर महतो ने कहा कि पांच वर्षों में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। कहा कि क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों का आपेक्षित सहयोग करने की जरूरत है। निस्वार्थ भावना से युक्त होकर भगवान की भक्ति से ही मिलती है शक्ति। मनुष्य धर्म के साथ चलकर ही अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। कहा कि भगवान का गुणगान करना चाहिए। धर्म के साथ चलने से कभी भी धोखा नहीं होता है। विशिष्ट अतिथि बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी व कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। कहा कि की जेहराथान स्थल पर चहारदीवारी निर्माण होने से धर्म स्थल के जमीन पर कोई अतिक्रमण नहीं कर पाएगा। जेहराथान स्थल के चहारदीवारी के लाभुक अध्यक्ष अखिलेश्वर मरांडी तथा सचिव मिथुन मरांडी है। मौके पर बगदा मुखिया गीता देवी, समाजसेवी सह पूर्व पंसस जीवन जगन्नाथ, वार्ड द्रोपदी देवी, वीरेन्द्र करमाली, गयाराम महतो, चॉदमुख महतो, विक्रम सिंह, प्रकाश महतो, बहादुर महतो, रणदेव मुर्मू, दुर्गा महतो, सोमर हजाम, नारायण मरांडी, मुकेश महतो, दशरथ महतो, मंटु प्रजापति, बबन महतो, मुकेश प्रजापति, कमल किशोर कपरदार, उमेश महतो समेत दर्जनों गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पाक और चीन को झटका

# रूस ने नक्शा जारी कर पीओके और अक्साई चीन को बताया भारत का हिस्सा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत-पाक की दोस्ती दुनिया के कई देशों को खटकती है। दोनों ही देशों ने कई मौके पर बगैर तीसरे की परवाह करते हुए एक-दूसरे का समर्थन करते रहे हैं। रूस ने भारत समर्थन में अब जो कदम उठाया है। उसपर हर भारतीय गर्व करेगा। ऐसे मौके पर जब चीन एवं पाकिस्तान आतंकवाद के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र संघ में एक-दूसरे का समर्थन कर रहे है तब रूस ने एक नक्शा जारी कर दोनों की बोलती बंद कर दी है। नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन के साथ अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया गया है। इसके साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत का अभिन्न हिस्सा बताया है। इस नक्शे को रूस ने शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच जारी किया है। खास बात यह है कि भारत एवं चीन भी एससीओ के सदस्य है। जाहिर है इन देशों की परवाह किये बगैर रूस ने नक्शा जारी किया है। माना जा रहा है कि रूस के इस कदम से एससीओ में भारत की स्थिति मजबूत हुई है।

### अमेरिकी राजदूत ने इस इलाके को 'आजाद कश्मीर' बताया था

खासकर पाकिस्तान के लिए इस नक्शे को झटका माना जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व ही अमेरिकी राजदूत ने पीओके की यात्रा के दौरान इस इलाके को 'आजाद कश्मीर' बताया था। इधर, जर्मनी के विदेश मंत्री ने भी हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद को सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता का सुझाव दिया था।

## मोहन भागवत से मिले सीएम योगी, करीब एक घंटे तक हुई वार्ता

# जनसंख्या नियंत्रण नीति पर हुई चर्चा



एजेंसी

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर करीब 12:45 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक स्थल गौहनिया में पहुंचा। इस संबंध में बताया गया कि जनसंख्या जनसंख्या नियंत्रण नीति पर चर्चा हुई। अयोध्या में भव्य दीप उत्सव की तैयारी के संबंध में मोहन भागवत को औपचारिक रूप से सीएम योगी ने निमंत्रण दिया। सूत्रों ने बताया सघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जनसंख्या नियंत्रण नीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इसको रोकने के लिए कानून बनाने और इसे सख्ती से लागू करने पर वार्ता हुई। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की आगामी नीति मे संघ के इस एजेंडे की झलक देखी जा जा सकती है। बताया गया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ ने एक साथ दोपहर का भोजन भी किया। इस दौरान संघ के बड़े पदाधिकरियों के अलावा सह संघ कार्यवाह दत्तात्रेय होसबले भी मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया उद्घाटन

## धनेपुरा की टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के गादी पंचायत में गुरुवार को दुर्गा मंडप के बगल मैदान में आदर्श युवा क्लब गादी की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, धनवार प्रमुख गौतम सिंह, स्थानीय मुखिया गौरव नारायण देव, पंचायत समिति सदस्य बिजय कुमार पांडेय सहित आदि कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट के पहले दिन धनेपुरा और मल्हो के बीच मैच की शुरुआत हुई। इसमें धनेपुरा की टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

इस दौरान भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। इसके साथ ही आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। वहीं इस अवसर पर कई ग्रामीण एवं खेल प्रेमी मौजूद थे। मौके पर उदय सिंह, शिवनारायण राय,केदार राय, उपेन्द्र सिंह, सुबोध कुमार, बासुदेव राय, दामोदर राय, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, हरिहर राय, बिनोद कुमार शर्मा, प्रदीप राय, राहुल कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार, मदन कुमार, रामजी राय आदि मौजूद थे।

# सीएम ने किया मुंबई के ओड़िशा भवन की विस्तार परियोजना का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को मुंबई स्थित ओड़िशा भवन के संप्रसारण की लिए भीति प्रस्तर स्थापना किये। गौरतलब है कि ओड़िशा भवन मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में सरकारी अधिकारियों और विभिन्न उद्देश्यों के लिए मुंबई आने वाले साधारण लोगों को किफायती आवास प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। इस इमारत में 28 एसी कमरे और 4 एसी डॉरमेट्री हैं। इन 16 कमरों में से 2-बेड वाले एसी कमरे और 2 एसी डॉर्मिटरी मुंबई में कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए आने वाले उड़िया लोगों के लिए हैं। ओडिशा के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सरकार द्वारा रियायती दर पर प्रदान की जाने वाली इस आवास सुविधा से विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। हालांकि मुंबई ओडिशा भवन में मरीजों के लिए अधिक कमरों की व्यवस्था करने के लिए मुंबई में स्थित विभिन्न ओड़िशा संगठन और ओड़िशा के लोगों की ओर से लंबे समय से मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों का सम्मान करते हुए बुधवार को इस भीति प्रस्तर का स्थापना किये। इस अवसर पर संजीव चोपड़ा अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिव गृह विभाग, मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वीके पांडियन, निर्माण विभाग के अधिकारी और इडको और मुंबई में विभिन्न ओड़िया संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुंबई में एक बार ओड़िशा भवन पूरी तरह से पूरा हो जाने के बाद अधिक कैंसर रोगियों को मुंबई जैसे महंगे शहर में किफायती आवास उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके लिए ओड़िशा के जनसाधारण और मुंबई में स्थित विभिन्न ओड़िशा संगठनों के लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है।

## कंबल का वितरण किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोल माइनिंग मुख्यालय, रांची की नेक पहल के तहत, कार्यालय सहायक कर्मचारियों यानी इंडियन कॉफी हाउस (आईसीएच) के सहयोगी सदस्यों, निजी सुरक्षा गार्डों, कार्यालय सहायकों, ड्राइवरों और एनटीपीसी कोल खनन मुख्यालय के हाउस कीपिंग स्टाफ को शीतकालीन कंबल वितरित किये। वितरण का आयोजन अध्यक्ष, महुआ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। संचिता कोनार, लक्ष्मी मूर्ति, किरण दुबे और स्निग्धा मांझी, रेशमा बेहरा, मनसा वर्मा, अपूर्व द्विवेदी उपस्थित थे। इस पहल की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर लेडीज क्लब के सदस्यों ने लाभार्थियों को आगामी दीपावली उत्सव की शुभकामनाये दीं।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया तीसरी लाइन और विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** दक्षिण पूर्वी सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त एएम. चौधरी ने 20/10/2022 को संबलपुर मंडल में टिटिलागढ़-विजयनगरम तीसरी लाइन परियोजना के रूपरा रोड-नरला रोड-लांजीगढ़ रोड खंड के बीच तीसरी लाइन और विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री चौधरी ने ओवरहेड उपकरणों, पुलों, मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग, सिग्नल और दूरसंचार उपकरणों, रेलवे ट्रैक आदि जैसे सुरक्षा संबंधी पहलुओं का निरीक्षण किया और लांजीगढ़ रोड से रूपरा रोड के बीच गति परीक्षण भी किया। मंडल में इस खंड के तीसरी लाइन और विद्युतीकरण के बाद यह ट्रेनों के सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह, पूर्व तट रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अमर प्रकाश द्विवेदी और पूर्व तट रेल मुख्यालय और संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी साथ थे।

## 22 अक्टूबर को 10 लाख कर्मियों का रोजगार अभियान

# धनतेरस के दिन 75 हजार नियुक्ति पत्र के साथ लांचिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान-रोजगार मेला का शुभारंभ करेंगे। समारोह के दौरान 75,000 नवनियुक्त नियुक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन नियुक्तियों को भी संबोधित करेंगे। युवाओं को रोजगार सुयोग प्रदान करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसी उद्देश्य से सभी मंत्रालय एवं विभाग स्वीकृत रिक्तियों को भरने का कार्य कर रहे हैं। देश भर से चयनित नई भर्तियां भारत सरकार के 38 मंत्रालयों/विभागों में शामिल होंगी। नियुक्त व्यक्ति विभिन्न स्तरों पर सरकार में शामिल होंगे। ग्रुप-ए, ग्रुप-बी (राजपत्रित), ग्रुप-बी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी। जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आय कर निरीक्षकों और एमटीएस शामिल हैं। ये भर्तियां मिशन मोड में मंत्रालयों और विभागों द्वारा या तो स्वयं या यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं। शीघ्र भर्ती के लिए, चयन प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और तकनीकी सक्षम बनाया गया है। पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में 493 युवाओं को रेलवे में विभिन्न क्षमताओं में नियुक्ति पत्र दिया जायेगा, जिसमें 218 सहायक लोको पायलट (एएलपी) शामिल हैं। 88 अनुकंपा भूमि नियुक्ति (सीजीए), स्टाफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर (एस एंड डब्ल्यूआइ), जूनियर क्लर्क, सीनियर क्लर्क, चीफ लॉ असिस्टेंट में एक-एक; कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, कनिष्ठ आशुलिपिक, खेल और पैरा मेडिकल स्टाफ में प्रत्येक में छह, 24 कनिष्ठ अभियंता, 41 तकनीशियन और 94 लेवल-1 पद शामिल हैं। उपरोक्त रंगरूटों को नियुक्ति पत्र कटक नगर निगम कार्यालय के निकट शहीद भवन नंदीसाही कटक में आयोजित होने वाले एक समारोह में सौंपा जायेगा, जहां भारत के प्रधानमंत्री नयी दिल्ली से और रेल मंत्री गुजरात से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री और जल शक्ति सरकार। भारत के बिश्वेश्वर टुडू कटक में समारोह की शोभा बढ़ायेंगे। इसके अलावा, भर्ती अभियान में विभिन्न पदों के लिए चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र देने के समारोह में केंद्र सरकार के अन्य संस्थान भी शामिल होंगे।


RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
SALE
ONLY 2 DAYS LEFT
SUNDAY OPEN
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50%
RUDRAKSHA 30%
GEMS 20%
VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWLLERY 20%
DISCOUNT
पन्ना पुखराज मोती नीलम हीरा
मूंगा माणिक्य लहसुनिया गोमेद रुद्राक्ष
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S M TOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

प्रभात कंम्प्यूटर एजुकेशन®
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M
डी.फार्मेसी D.Pharmacy
बी.एड. B.Ed.
बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing
डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**